♦आश्विन शुक्ल पक्ष 02 विक्रम संवत 2079 ♦रांची, मंगलवार 27 सितम्बर 2022 ♦ वर्ष-23 अंक-234 पृष्ठ-12, मूल्य ₹1.50

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

शारदीय नवरात्र

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com

द्वितीय : ब्रह्मचारिणी

यह देवी दुर्गा के नौ रूपों में से दूसरा रूप है। ब्रह्म का अर्थ है तपस्या और चारिणी यानी आचरण करनेवाली। इस प्रकार ब्रह्मचारिणी का अर्थ हुआ तप का आचरण करनेवाली। इनके दाहिने हाथ में जप की माला एवं बाएं हाथ में कमण्डल रहता है।

करपद्माभ्यामक्षमालाकमण्डलू।
देवी प्रसीदतु मयि
ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा॥

मां दुर्गा की नवशक्ति का दूसरा स्वरूप बह्मचारिणी का है। मां दुर्गा का यह स्वरूप भक्तों और सिद्धों को अनंत फल देनेवाला है। इनकी उपासना से तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार और संयम की वृद्धि होती है। देवी का यह रूप पूर्ण ज्योतिर्मय और अत्यंत भव्य है। इस देवी के दायें हाथ में जप की माला है और बायें हाथ में कमण्डल धारण की हुई हैं। पूर्वजन्म में इस देवी ने हिमालय के घर पुत्री रूप में जन्म लिया था और नारदजी के उपदेश से भगवान शंकर को पति रूप में प्राप्त करने के लिए घोर तपस्या की थी। इस कठिन तपस्या के कारण इन्हें तपश्चारिणी अर्थात् ब्रह्मचारिणी नाम से अभिहित किया गया। मां ब्रह्मचारिणी देवी की कृपा से सर्वसिद्धि प्राप्त होती है।

कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र शुरू

- नवरात्र पर रांची समेत राज्यभर में विभिन्न पूजा समितियों द्वारा भव्य पूजा पंडालों का कराया जा रहा निर्माण

नवीन मेल संवाददाता

रांची। कलश स्थापना के साथ इस वर्ष 26 सितम्बर से शारदीय नवरात्रि का आगाज हुआ है। इस बार मां दुर्गा का आगमन हाथी पर हुआ है और प्रस्थान भी हाथी पर ही हो रहा है जिसे अति शुभ माना जाता है। मातृशक्ति के इस महापर्व में मां दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूपों की विशेष पूजा-आराधना की जाती है। वहीं, इसका समापन पांच अक्टूबर को होगा। साल में कुल चार बार नवरात्रि का त्योहार आता है, लेकिन चैत्र और शारदीय नवरात्रि को काफी खास माना जाता है। नवरात्रि का त्योहार संपूर्ण भारत में काफी धूमधाम से मनाया जाता है। इस पर्व की शुरुआत कलश स्थापना के साथ होती है और अष्टमी तथा नवमी तिथि पर कन्या पूजन किया जाता है। जगत जननी मां दुर्गा के आराधना के महापर्व शारदीय नवरात्र पर रांची समेत राज्यभर में विभिन्न पूजा समितियों द्वारा भव्य पूजा पंडालों का भी निर्माण कराया जा रहा है।

दुर्गोत्सव के दौरान राज्य में बारिश की आशंका

झारखंड के मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। मौसम विभाग के अनुसार दुर्गोत्सव के दौरान भी आकाश में बादल छाये रहेंगे। हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने कुछ जगहों पर वज्रपात की भी आशंका जाहिर की है। 29 और 30 सितम्बर को भी बारिश की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार, उत्तरी बंगाल की खाड़ी में निम्न दवाब के कारण तीन से पांच अक्टूबर तक बारिश हो सकती है। बारिश के साथ-साथ वज्रपात और तेज हवाओं भी चलने की संभावना है। बारिश महासप्तमी से लेकर दशमी तक होगी। बारिश के दौरान हवाओं की रफ्तार 30-40 किलोमीटर की रफ्तार से चलने की संभावना है।

राज्यपाल, मुख्यमंत्री हेमंत समेत अन्य ने राज्यवासियों को दीं नवरात्रि की शुभकामनाएं

नवीन मेल संवाददाता

रांची। शारदीय नवरात्र की शुभकामनाएं देते हुए राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि नवरात्रि की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। मां दुर्गा सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं यश प्रदान करें, यही प्रार्थना है। जय माता दी। वहीं, मुख्यमंत्री ने कहा कि शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर मां सभी को स्वस्थ, सुखी और समृद्ध रखें, यही कामना करता हूं। सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। वहीं, जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि शक्ति की प्रतीक मां दुर्गा की उपासना के पर्व शारदीय नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं। जगत जननी मां दुर्गा आप सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का संचार करें।

इधर, भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। मां शैलपुत्री आप सबों का कल्याण करें। वहीं, रांची सांसद संजय सेठ ने कहा कि जगत जननी मां दुर्गा के आराधना के महापर्व शारदीय नवरात्र की शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि मां सबको सुख, समृद्धि, आरोग्य प्रदान करें। सबके जीवन में खुशियां ही खुशियां हो। आइये, हम श्रद्धाभाव से मां का आह्वान करें।

टेरर फंडिंग के आरोपी मुकेश गंझू का सरेंडर, एनआईए कर रही मामले की जांच

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मगध व आम्रपाली कोल परियोजना में टेरर फंडिंग मामले के आरोपी मुकेश गंझू ने सरेंडर कर दिया है। इसकी जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) कर रही है। इस मामले में आरोपी भीखन गंझू को रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया था जबकि दो मुख्य आरोपी टीपीसी सुप्रीमो ब्रजेश गंझू और आक्रमण गंझू अब तक फरार चल रहे हैं। ब्रजेश गंझू और आक्रमण गंझू को झारखंड पुलिस और एनआईए ने मोस्ट वांटेड घोषित कर रखा है। गौरतलब है कि झारखंड पुलिस ने जहां ब्रजेश गंझू के ऊपर 25 लाख और आक्रमण गंझू के ऊपर 15 लाख का इनाम घोषित कर रखा है, वहीं एनआईए ने ब्रजेश गंझू पर पांच लाख और आक्रमण गंझू पर तीन लाख का इनाम घोषित कर रखा है। एनआईए को टेरर फंडिंग के दोनों मुख्य आरोपियों की कांड आरसी 06/2018, 22/2018 और 23/2018 में मोस्ट वांटेड घोषित कर रखा है। टंडवा थाना में दर्ज प्राथमिकी 22/18 को एनआईए ने टेकओवर करते हुए जांच शुरू की थी। सीसीएल, पुलिस, उग्रवादी और शांति समिति के बीच समन्वय को लेकर लेवी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

खुलासा : प्रेम प्रकाश ने गलत तरीके से निकलवाया था सीडीआर

नवीन मेल संवाददाता

रांची। ईडी के द्वारा अवैध खनन के जरिये मनी लाउंड्रिंग की जांच में कई तथ्य सामने आये हैं। चौकानें वाली बात यह है कि प्रेम प्रकाश के यहां से ईडी ने दो मोबाइल नंबरों का सीडीआर भी बरामद किया है। एक नंबर का सीडीआर एक जुलाई से एक अक्टूबर 2021 के बीच का है, जो कि 58 पन्नों का है। जबकि दूसरे नंबर का सीडीआर 31 पन्नों का है। ईडी यह पड़ताल कर रही है कि यह दोनों नंबर किसके द्वारा प्रयोग में लाये जाते थे, साथ ही कैसे इन नंबरों का सीडीआर प्रेम प्रकाश उर्फ पीपी ने हासिल किया था। ईडी ने अपने आरोप पत्र में इस बात की जानकारी दी है। साथ ही प्रेम प्रकाश के पास से कई सारे डिजिटल डिवाइस, मोबाइल व चिप मिलने की जानकारी ईडी ने दी है, जिसकी पड़ताल की जा रही है।

▸▸ अवैध कारोबार में कोलकाता के संजय चौधरी और अमित अग्रवाल का भी नाम

कई फोन व सिम बरामद : ईडी ने प्रेम प्रकाश के पास से दो आईफोन जिसमें अलग-अलग सिम थे, पुनीत भार्गव के नाम पर सिमकार्ड, काले रंग के एक एंड्रायड फोन मे पुनीत के नाम से ही जारी दो सिमकार्ड, एक अन्य मोबाइल में कुमार सुर्यांश सिंह के नाम से दो सिमकार्ड बरामद किये थे। ईडी ने छापेमारी के दौरान पांच जीबी का एक चिप भी बरामद किया था। वहीं, ईडी को कई सारे कागजात व वित्तिय लेन-देन से जुड़ी चीजें जिससे अमित अग्रवाल, राजेश व अमर्त्य चौधरी का सरोकार रहा है, मिली हैं। ईडी ने एक जिले के एसपी को लिखा एक ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

रोजगार कैम्प में चयनित युवतियां जायेंगी हुसूर

नवीन मेल संवाददाता

रांची। जनजातीय कार्य मंत्रालय की पहल पर खूंटी संसदीय क्षेत्र की सैंकड़ों युवतियों को टाटा समूह की कंपनी टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड में रोजगार का अवसर मिला है। खूंटी, तमाड़, सिमडेगा, चाईबासा और सरायकेला-खरसावां की लगभग दो हजार इंटर पास छात्राओं का चयन टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के हुसुर (तमिलनाडु) प्लांट के लिए हुआ है। 27 सितम्बर को केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा हटिया रेलवे स्टेशन से हुसूर के लिए विशेष ट्रेन को दोपहर 12 बजे रवाना करेंगे। इस अवसर पर मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने पिछले दिनों खूंटी, सिमडेगा, चाईबासा और सरायकेला में कैंप लगाकर इंटर पास छात्राओं का इंटरव्यू लिया था। कैंप में हजारों की संख्या में छात्राओं ने भाग लिया था।

▸▸ केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा हटिया रेलवे स्टेशन से करेंगे रवाना

रोजगार के लिए पलायन एक बड़ी समस्या : अर्जुन मुंडा

खूंटी के सांसद सह केंद्रीय मंत्री श्री अर्जुन मुंडा ने बताया कि इन क्षेत्रों में रोजगार के लिए पलायन एक बड़ी समस्या है। सबसे अधिक ट्रैफिकिंग इस क्षेत्र से होता है। इसलिए टाटा समूह के उच्चाधिकारियों से बात कर इंटर पास युवतियों को कौशल विकास के साथ रोजगार उपलब्ध कराने की बात हुई। कंपनी इन युवतियों को एक साल का ट्रेनिंग देने के बाद नौकरी देगी। ट्रेनिंग के दौरान उन्हें कंपनी द्वारा आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेगी। श्री मुंडा ने कहा कि छात्राओं के लिए यह एक शानदार अवसर है टाटा समूह से जुड़ने का।

जामा के पूर्व विधायक का निधन

दुमका। दुमका जिले के जामा के पूर्व विधायक मोहरिल मुर्मू का निधन हो गया। वे लगभग 70 साल के थे और लंबे समय से बीमार चल रहे थे। मोहरील मुर्मू 1990 में झारखंड मुक्ति मोर्चा के टिकट पर जामा विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुए थे। वे पेशे से अधिवक्ता थे। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को उनके पैतृक गांव मसलिया प्रखंड के सिंदूरपुर में किया गया। इधर, कई नेताओं ने उनके निधन पर शोक जताया है। विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने कहा कि जामा विधानसभा से विधायक रहे मोहरिल मुर्मू के निधन का दु:खद सूचना प्राप्त हुआ है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोकाकुल परिजनों को यह दु:ख सहन करने की संबल प्रदान करें।

राहुल गांधी के खिलाफ चाईबासा में दर्ज मानहानि मामले में हुई सुनवाई

रांची। झारखंड हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ चाईबासा में दर्ज मानहानि मामले में सोमवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने राज्य सरकार एवं शिकायतकर्ता भाजपा नेता प्रताप कुमार के आग्रह पर शपथ पत्र दाखिल करने के लिए समय दिया। दरअसल, पूर्व में कोर्ट ने इस मामले में राहुल गांधी के खिलाफ किसी भी पीड़क कार्रवाई पर रोक लगायी थी। उल्लेखनीय है कि साल 2019 में हुए लोकसभा चुनाव के पूर्व कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में राहुल गांधी ने कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में अपने संबोधन में कहा था कि कांग्रेस में कोई हत्यारा राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं हो सकता है, लेकिन भाजपा में यह संभव है। भाजपा के लोग ही हत्यारे को राष्ट्रीय अध्यक्ष बना सकते हैं। भाजपा झूठे लोगों की पार्टी है। राहुल गांधी का इशारा भाजपा के तत्कालीन अध्यक्ष अमित शाह की ओर था।

कार्रवाई : फेक न्यूज फैलाने और माहौल बिगाड़ने का आरोप

सरकार ने 10 यूट्यूब चैनलों के 45 वीडियो किये ब्लॉक

नयी दिल्ली (एजेंसी)। खुफिया एजेंसियों से मिले सूचना के आधार पर केंद्र सरकार ने यूट्यूब को 10 यूट्यूब चैनलों से 45 वीडियो को ब्लॉक करने का निर्देश दिया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अनुसार, ये वीडियो फेक न्यूज फैलाकर पड़ोसी देशों के साथ संबंधों को खराब कर रहे थे। सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने ट्वीट में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित में यह पहले भी किया है और आगे भी करेंगे। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि इन वीडियोज को 1.30 करोड़ से ज्यादा बार देखा जा चुका है। इनमें दावा किया गया था कि सरकार ने कुछ समुदायों के धार्मिक अधिकार छीन लिये हैं। इस कारण समुदायों के बीच भय और गलत धारणा फैल रही थी। इसके अलावा इन वीडियोज का इस्तेमाल अग्निपथ योजना, भारतीय सेना, भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा तंत्र, कश्मीर से संबंधित मुद्दों पर दुष्प्रचार फैलाने के लिए किया जा रहा था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कुछ वीडियो में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के कुछ हिस्सों को भारत की सीमा के बाहर दिखाया गया है।

अगस्त में आठ यूट्यूब चैनल्स किये गये थे ब्लॉक

इससे पहले अगस्त में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश संबंधों और सार्वजनिक व्यवस्था के बारे में दुष्प्रचार करने के लिए आठ यू-ट्यूब चैनलों को ब्लॉक कर दिया था। इनमें सात भारतीय और एक पाकिस्तानी यूट्यूब न्यूज चैनल शामिल थे।

स्वास्थ्य विभाग के प्रत्येक साथियों को समर्पित है पुरस्कार : बन्ना गुप्ता

नवीन मेल संवाददाता

रांची। बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट ऑन फ्रॉड प्रीवेंशन एंड ऑडिट में झारखंड को राष्ट्रीय स्तर पर टॉप परफॉर्मर का पुरस्कार मिला है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री-जन आरोग्य योजना (एबीपीएम-जेएवाई) की चौथी वर्षगांठ और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) की पहली वर्षगांठ के अवसर पर दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय आरोग्य मंथन समारोह में यह पुरस्कार दिया गया है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि यह राज्य के लिए गौरव की बात है। उन्होंने पुरस्कार को स्वास्थ्य विभाग के प्रत्येक साथियों को समर्पित किया।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने किसान सम्मेलन को किया संबोधित, बोले -

प्राकृतिक खेती की ओर जाने के लिए देश के किसानों को प्रोत्साहित कर रहे हैं पीएम

अहमदाबाद (एजेंसी)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को गुजरात के अहमदाबाद में किसान सम्मेलन को संबोधित किया। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। केंद्रीय गृह मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि अनेक सालों से इस क्षेत्र के164 गांव संपूर्ण सिंचाई व्यवस्था से वंचित रहे हैं, लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के नेतृत्व में गुजरात सरकार ने इसी कड़ी में फतेवाड़ी, खारीकट व नलकंठा क्षेत्र के 164 गांवों को नर्मदा कमांड में शामिल कर सिंचाई से जुड़ी समस्या को समाप्त किया है। अब सिंचाई की समस्या से परेशान 164 गांव के किसानों की 53215 हेक्टेयर भूमि तक नर्मदा का पानी पहुंचाने का काम किया गया है, जिससे लाखों लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि अब नहर के माध्यम से नर्मदा का पानी आयेगा और इस 70 हजार हेक्टेयर भूमि पर किसान तीन उपज पैदा कर सकेंगे तो ये क्षेत्र समृद्धि से परिपूर्ण हो जायेगा। केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि पहले उर्वरक या खाद की कालाबाजारी होती थी और किसानों को उनका हक नहीं मिलता था, लेकिन मोदी जी ने नीम कोटेड यूरिया की शुरुआत करके खाद की कालाबाजारी को समाप्त कर दिया और अब प्राकृतिक खेती को भी बढ़ावा दे रहे हैं। श्री शाह ने सभी किसानों से प्राकृतिक खेती को अपनाने का अनुरोध किया।

वैश्विक मंदी की आहट से कांपने लगा शेयर बाजार

- चार दिन में सेंसेक्स 2500 अंक टूटा, डूबे 13 लाख करोड़ रुपये
- रुपया निचलेस्तर पर पहुंच कर बनाया नया रिकॉर्ड

- आरएनएम

नयी दिल्ली। विश्व में मंदी की आहट से डरे शेयर बाजार कांपने लगे हैं। मुंबई शेयर बाजार में लगातार चौथे कारोबारी दिन में भारी गिरावट दर्ज की गयी। बीएसईसेंसेक्स 953.70 अंक लुढ़ककर बंद हुआ। मंदी से बचने के लिए कई देशों के केंद्रीय बैंकों ने ब्याज दर बढ़ाना शुरू कर दिया है। इसके मद्देनजर मंदी की बढ़ती आहट से विदेशी निवेशकों ने बिकवाली तेज कर दी है। जिससे घरेलू बाजारों में गिरावट आने लगी है। शेयर बाजारियों के अनुसार अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपये के रिकॉर्ड निचलेस्तर पर पहुंचने से भी निवेशकों का भरोसा डगमगाने लगा है। 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स में लगातार चौथे कारोबारी दिन में गिरावट आयी और यह 953.70 अंक यानी 1.64 प्रतिशत की गिरावट के साथ 57,145.22 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 1,060.68 अंक तक गिर गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 311.05 अंक यानी 1.80 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,016.30 अंक पर बंद हुआ। बता दें कि पिछले चार कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स करीब 2500 अंक टूट गया। 20 सितम्बर को सेंसेक्स 59,719.74 अंक पर बंद हुआ था और आज 57,145.22 पर बंद हुआ है।

केवल चार कारोबारी दिन में 13 लाख करोड़ रुपये गंवा दिये

कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच डॉलर इंडेक्स में तेज बढ़ोत्तरी और विदेशी निवेशकों के बिकवाली के कारण दलाल स्ट्रीट पर निवेशकों ने केवल चार कारोबारी दिन में 13 लाख करोड़ रुपये गंवा दिये। शेयर बाजार में जारी बिकवाली के बीच बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 26 सितम्बर को 270 लाख करोड़ रुपये परपहुंच गया, जो 20 सितम्बर को 283 लाख करोड़ रुपये था। डॉलर के मुकाबले रुपये की स्थिति लगातार कमजोर हो रही है। सोमवार 54 पैसे की गिरावट के बाद एक डॉलर की कीमत 81.63 रुपये हो गयी है। जो कि अब तक का सबसे निचला स्तर है। इसके पहले सोमवार सुबह डॉलर के मुकाबले रुपये का भाव 81.47 रुपये पर आ गया था। डॉलर 20 साल के सबसे उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। चर्चा है कि रुपये को संभालने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक को डॉलर बेचने पड़ेंगे। इससे अलग तरह का संकट आयेगा। इसी तरह कई देश कई तरह की वित्तीय परेशानियों में घिरते जा रहे हैं।

पलामू में गर्भवती महिला के साथ दुष्कर्म, छह गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के बकोरिया में नवरात्र के पहले दिन एक गर्भवती महिला से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता के बयान पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में एफआईआई दर्ज कर सभी छह आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीड़िता तीन माह की गर्भवती भी है। गिरफ्तार आरोपी धर्मेंद्र कुमार, भोला राम, सुरेंद्र राम व रवि सतबरवा थाना क्षेत्र के बकोरिया के रहनेवाले हैं। जबकि गिरेंद्र यादव यादव लातेहार के बालूमाथ जबकि कुदुस अंसारी लोहरदगा के कुडू का रहनेवाला है। आरोपियों में से कई मजदूरी करते थे जबकि एक आरोपी कुदुस अंसारी मधुमक्खी पालन का धंधा करता है। पुलिस ने दो बाइक भी बरामद किया है। पीड़िता की मेडिकल जांच करा दी गयी है। घटनास्थल से एफएसएल की टीम ने सैम्पल लिया है। आरोपियों के खिलाफ 376, अपहरण, मारपीट के गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज हुई है। पीड़िता के शरीर के कई हिस्सों में चोट लगी है। उसका इलाज अस्पताल में कराया गया है। सोमवार को पीड़िता का पलामू कोर्ट में न्यायिक पदाधिकारियों के समक्ष बयान ले लिया गया है। पलामू ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

▸▸ पीड़िता के बयान पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में दर्ज की एफआईआर

▸▸ गिरफ्तार सभी आरोपी भेजे गये जेल

न्यूज गैलरी

हॉस्पिटल के नये भवन ओपीडी एंड डे केयर यूनिट का विधायक सीपी सिंह करेंगे उद्घाटन

रांची। द्वारिका हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, द्वारिकानगर, महिलौंग के नए भवन ओ.पी.डी.एंड डे केयर यूनिट का उद्घाटन शुभारंभ 28. सितंबर 2022 को मुख्य अतिथि सी.पी.सिंह विधायक सह पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री झारखंड नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर करेंगे। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि झारखंड रत्न, डॉ. राजेंद्र कुमार हाजरा, संरक्षक, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी भारत एवं छात्र क्लब चिकित्सक मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा मौजूद रहेंगे। यह जानकारी द्वारिका हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. एस.के. निराला ने दि है। इस अवसर पर हॉस्पिटल में फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन भी किया जाएगा साथ ही स्वास्थ्य जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। जरूरतमंद जनता से अनुरोध है कि इस फ्री मेडिकल कब का लाभ उठाएं।

डीएसपी प्रवीण कुमार ने रातू में की छापेमारी,अवैध बालू लदा चार ट्रेक्टर जब्त

रातू। थाना क्षेत्र में डीएसपी प्रवीण कुमार सिंह ने अवैध बालू के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। अभियान में तिलता बगीचा के पास अवैध रूप से बालू लदे चार ट्रेक्टरों को जब्त कर लिया। छापेमारी देख दर्जन से अधिक ट्रेक्टर भाग खड़े हुये। पकड़े गये ट्रेक्टर में सोनालिका जेएच 01बीपी-8078 महिंदा जेएच 01 सीएस-4295 सोनालिका जेएच06 एन-2553 शामिल है। पुलिस सभी ट्रेक्टरों को जब्त कर थाना ले आयी है। मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज होने की सूचना नही है।

कार्तिक चन्द्र महतो नेशनल सेल्फ डिफेंस फेडरेशन के झारखंड प्रदेश प्रतिनिधि नियुक्त

सिल्ली। सोमवार को नेशनल सेल्फ डिफेंस फेडरेशन के अध्यक्ष कलावत के.एल द्वारा कार्तिक चन्द्र महतो को नेशनल सेल्फ डिफेंस फेडरेशन के झारखंड प्रदेश प्रतिनिधि नियुक्त किया है। साथ ही निर्देश दिया है कि बालिका एवं महिला सुरक्षा के साथ आमजनहित की सुरक्षा हेतु संघ के दिशा निदेर्शों के अनुरूप कार्य करेंगे, साथ ही महतो को नेशनल सेल्फ डिफेंस फेडरेशन अध्यक्ष कलावत के. एल ने बधाई दी है।

कंप्यूटर की सत्रांत परीक्षा संपन्न

मुरी। राजकीय मध्य विद्यालय बड़ा मुरी परिसर में बीके मल्टीमीडिया एंड कंप्यूटर्स सेंटर के तत्वधान में डीसीए डीटीपी टैली और एडीसीए कंप्यूटर कोर्स की सत्रांत परीक्षा ली गई। संस्थान के निदेशक भीम कोईरी ने बताया कि परीक्षा में 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया परीक्षा कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई बताते चलें कि प्रत्येक सत्रांत के बाद परीक्षार्थी विभिन्न क्षेत्रों में जाकर रोजगार के साथ अपनी बेरोजगारी दूर कर रहे हैं। मौके पर स्कूल के अमित स्वर्णकार , पशुपति कुम्हार , संस्थान के संचालक भीम कोइरी, अजय महली समेत दर्जनों मौजूद थे।

रांची जीआरपी ने अज्ञात शव बरामद किया

सिल्ली। कोचो रेलवे फाटक के समीप पोल संख्या 358/9 समीप अज्ञात व्यक्ति का शव रांची जीआरपी ने बरामद किया। जानकारी के अनुसार मृतक युवक का उम्र लगभग 30 वर्ष है। देखने से प्रतीत लगता है कि रात्रि में अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मृत्यु हो गई होगी। मुरी आरपीएफ के द्वारा रांची जीआरपी को इसकी सूचना दी गई सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक अभी तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है।

रांची में भारत-बांग्लादेश के बीच आज से दिव्यांगजन टी-20 क्रिकेट मैच की शुरूआत

नवीन मेल संवाददाता

रांची। बीसीसीआई के तत्वावधान में झारखंड डिसएबल क्रिकेट एसोसिएशन की मेजबानी में मंगलवार से 29 सितम्बर तक मेकॉन स्टेडियम, रांची में भारत एवं बांग्लादेश के बीच तीन मैचों की दिव्यांगजन टी-20 क्रिकेट मैच सीरीज रॉयल एसएस कप खेली जायेगी। सीरीज के लिए भारत और बांग्लादेश की टीम रांची पहुंच चुकी है। दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी गजल खान ने बताया कि मंगलवार को दोपहर 12 बजे सीसीएल के सीएमडी पीएम प्रसाद के द्वारा सीरीज का उद्घाटन किया जायेगा। अपना अंतिम सीरीज खेल रहे बांग्लादेशी कप्तान सीरीज सौमित खान ने बताया कि भारत और बांग्लादेश का पिछला सीरीज काफी दिलचस्प रहा था

और फैसला सुपर ओवर में हुआ था। रांची की जनता का प्यार और सहयोग उत्साहवर्द्धक है। भारतीय टीम के कप्तान सुभ्रो जॉर्डर ने कहा कि इस बार भारतीय टीम की तैयारी पूरी है। बारिश ने तैयारी में खलल डाला है, लेकिन भारतीय टीम किसी भी दिव्यांगजन टीम को पराजित करने में सक्षम है। मौसम को देखते हुए उन्होंने तेज गेंदबाजी को तुरुप का इक्का बताया। विदित हो कि बांग्लादेश कि टीम वाराणसी में खेले गये एकमात्र एक दिवसीय मैच में भारत को पराजित किया था। अतः भारतीय टीम में कुछ परिवर्तन संभव है। सीरीज को सीसीएल, सीएमपीडीआई, एनटीपीसी, मेकॉन, सार्थक, झारखण्ड सरकार, वैम्स, पुरुश्री, मिशन ब्लू फाउंडेशन, संफोर्ड, मिलियन ड्रीम्स, सोभेकर, बिग एफएम आदि का सहयोग प्राप्त है।

गैर कृषि प्रतिष्ठानों की सूची तैयार होगी

रांची। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय एक अक्टूबर से अनिगमित सेक्टर के उद्यमों का वार्षिक सर्वेक्षण करेगा। इस सर्वेक्षण को लेकर सोमवार को राष्ट्रीय सांख्यिकी क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू किया गया है। बताया गया कि इस दौरान गैर कृषि प्रतिष्ठानों की सूची तैयार की जाएगी। इसके बाद सैंपल बेसिस पर उनमें से विभिन्न तरह के प्रतिष्ठानों से डाटा एकत्र किया जाएगा। इसमें सभी असमाविष्ट विनिर्माण, प्रतिष्ठान, व्यापारिक प्रतिष्ठान, सेवा प्रतिष्ठान शामिल होंगे। निजी स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, जिम, ट्रांसपोर्ट, कुरियर सेवा, बीमा सेवा, रियल स्टेट, माइक्रोफाइनेंस, सूचना सेवा, आवास सेवा (हॉस्टल), रेस्टोरेंट्स, चलचित्र प्रसारण सेवा से आय-व्यय, पूंजी-लागत, लोन, ब्याज, चल-अचल पूंजी की जानकारी एकत्र की जाएगी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के महानिदेशक रंजीत कुमार तिवारी ने प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया।

22वीं झारखंड राज्य योगासना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

रांची। 22वीं झारखंड राज्य योगासना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप रांची के पोद्दार भवन में संपन्न हुई। दो दिवसीय प्रतियोगिता में रांची की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नौ स्वर्ण,10 रजत व 10 कांस्य पदक लेकर ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया और कर्मकार इंस्टिट्यूट ऑफ योगा जमशेदपुर की टीम उप विजेता रही। प्रतियोगिता में उन्नाव जिला और 6 संस्थान के लगभग 400 प्रतिभागियों ने विभिन्न आयु वर्गो में भाग लिया समापन समारोह के मुख्य अतिथि रांची के उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय एवं अतिथि कमल अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद,डॉ महेंद्र कुमार राज, डॉ आसित आइच, निर्देशिका मधुलिका, गुरु चरण साहू, रेनू, पंकज प्रसाद सहित गणमान्य व्यक्तियों ने विजेता खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार वितरण किया। कार्यक्रम का संचालन आयोजन सचिव पंकज प्रसाद,अमरेंद्र विकल एवं संजय कुमार झा ने किया। प्रतियोगिता के विभिन्न आयु वर्गो में परिमय अधिकारी, संचिता रॉय, तनीषा, आयुष राज, श्रेया सिंह, सुष्मित दासगुप्ता, श्रेया सिंह सीनियर, अमित कुमार, अभिषेक डे, प्रेरणा कुमारी, अनुष्का कर्मकार, रेंजर सिंह सरदार, देवलीना विश्वास, अनिकेत राम, बंदना कुमारी, गौतम कुमार, रश्मि सिंकू, रविंद्र कुमार सुमन, कविता कुमारी, रोशन थापा, कंचन शर्मा, धन नाथ ढकाल, कुमारी सीजन ने अपने-अपने वर्गों में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वही शिवा दत्ता, श्रेया कुमारी, अनिका सिंह, रोहन प्रसाद, अनुष्का कुमारी, साहब कुमार, विक्रम कुमार, प्रियंका कुमारी, सुनील कुमार, संघमित्रा साहू, पंकज कुमार, चांद नागपाल, गौतम पाल, इंदु कुमारी, कोमल कुमारी, प्रगति कुमारी ने रजत पदक प्राप्त किया।

18 वर्षीय युवक की मारपीट में हुई हत्या, पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

मांडर। मांडर थानाक्षेत्र के कंजिया निवासी शहबाज अंसारी नामक एक 18 वर्षीय युवक की मारपीट कर हत्या कर देने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक शाहबाज मूलरूप से कंजिया गांव का रहने वाला था,लेकिन फिलहाल हेसमी स्थित अपने नानी घर में रहता था। हत्या को लेकर शहबाज अंसारी के पिता फिरोज अंसारी ने मांडर थाना में हेसमी निवासी सुशांत नायक व ओमप्रकाश महतो के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। जिन्हें पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। प्राथमिकी के अनुसार टेम्पो चालक हेसमी निवासी ओमप्रकाश महतो व सुशांत नायक ने पहले भी शाहबाज अंसारी को जान से मारने की धमकी दी थी। आरोप है कि रविवार को प्लान के अनुसार शहबाज अंसारी को उसके घर से अपने साथ ले गये और मारपीट कर उसकी हत्या कर दी।हत्या के बाद शव को टेम्पो में लेकर उसे ठिकाने लगाने के लिये वह कहीं ले जा रहे थे। इसी क्रम में सोमवार सुबह काठीटांड़ के निकट शाहबाज अंसारी को ढूंढने निकले परिजनों

ने उन्हें पकड़ लिया और शव लदे टेम्पो सहित लाकर मांडर पुलिस के हवाले कर दिया।प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। दूसरी ओर शहबाज अंसारी की हत्या की सूचना मिलने पर मांडर थाना के समीप काफी संख्या में लोग जमा हो गए थे।जिन्हे समझाकर वापस भेजा गया।मामले को लेकर खेलारी डीएसपी अनिमेष नैथानी ने कहा है कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। परिजनों के द्वारा जो लिखित आवेदन मिला है उसके आधार पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। दो नामजद को गिरफ्तार भी कर लिया गया है।परिजनों का यह भी आरोप है कि इस हत्या में और लोग भी संलिप्त है,उसकी भी जांच की जा रही है।

अमन श्रीवास्तव के भाई को मिली जमानत

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव के भाई अभिक श्रीवास्तव को जमानत प्रदान कर दी है। जस्टिस आर मुखोपाध्याय और जस्टिस अंबुज नाथ की अदालत ने दस-दस हजार के निजी मुचलके पर जमानत देने का निर्देश दिया। अभिक श्रीवास्तव ने याचिका दाखिल कर जमानत देने की गुहार लगाई गई थी। सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि एटीएस पुलिस की ओर से दाखिल चार्जशीट में यह कहीं नहीं कहा गया है कि राज्य में आतंकवादी घटना हुई है, जिसमें ये शामिल हैं। इस मामले में यूएपीए एक्ट की धारा लागू नहीं होती है। इसलिए उन्हें जमानत की सुविधा मिलनी चाहिए। इसके बाद अदालत ने अभिक श्रीवास्तव को जमानत प्रदान कर दी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता कुमार हर्ष ने पक्ष रखा।

चहल्लुम के उपलक्ष्य में अस्त्र- शस्त्र चालन प्रतियोगिता सह सम्मान समारोह सम्पन्न

नवीन मेल संवाददाता

रांची । कांके स्थित गागी- खटंगा ग्राम में चहल्लुम के अवसर पर इमाम बख्श अखाड़ा व सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी कांके के संयुक्त तत्वावधान में अखाड़ा के खलीफा सैउद्दीन अंसारी व संरक्षक जेयारत अंसारी के संयुक्त नेतृत्व में अस्त्र- शस्त्र चालन प्रतियोगिता सम्पन्न हुआ, जिसमें लगभग 23 गांव के खिलाड़ी भाग लेकर अपना खेल प्रदर्शन दिखाए क कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सैयद जफर गोल्डी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सर्वधर्म सदभावना समिति के अध्यक्ष मो. इसलाम, सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी के महासचिव अकीलुर्रहमान, उपाध्यक्ष सह जे एम एम नेता आफताब आलम, उक्त क्षेत्र की मुखिया फूल मणि नाथ, निरंजन कलांदी कार्यक्रम में भाग लिए क इमाम बख्श अखाड़ा व सेन्ट्रल

मुहर्रम कमिटी कांके की ओर से सभी अतिथियों का पगड़ी, माला, बूके एवं तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया क अपने सम्बोधन में सर्वधर्म सदभावना समिति के अध्यक्ष मो. इसलाम, सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी के महासचिव अकीलुर्रहमान, उपाध्यक्ष सह जे एम एम नेता आफताब आलम ने चहल्लुम की इतिहास को बताया तथा एकता एवं भाईचारे पर बल देते हुए आपसी सौहार्द के साथ सभी पर्व - त्योहारों को एक साथ आपस में मिल जुल कर मनाने की बात कही क्इस दौरान मुखिया फूल मणि नाथ, निरंजन करांजी एवं मुख्य अतिथि सैयद जफर हुसैन गोल्डी ने लोगों में शैक्षणिक जागरुकता पर बल दिया साथ ही आपसी सौहार्द को मजबूत करने पर जोर दिया ककार्यक्रम में भाग लेने वाले विभिन्न गांव से आए खलीफाओं को दो तलवार, पगड़ी, निशान एवं नगद राशि कमिटी की ओर से देकर पुरस्कृत किया गया क इस अवसर पर मैदान में लगाए जाने वाला मेला आकर्षण का केंद्र रहा ककार्यक्रम में अब्दुल रहमान, जमील अख्तर, इम्तेयाज अंसारी, ज्याउल हक, मेहदी हसन, रशीद अंसारी,उमर खान, अनिता देवी, अरशद अय्यूब, मो. सरफराज, मोजाहिद, मकसूद, कैसर, दानिश, मोख्तार, मो. सैफ,हाजी मो.जफर सहित सैकड़ों सर्वधर्म के लोग उपस्थित थे।

नवरात्रा पर कृषि स्नातक छात्रों ने रंगोली निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की

नवीन मेल संवाददाता

रांची। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि संकाय अधीन छात्रों के फाइन आर्ट क्लब (मुस) ने सोमवार को नवरात्रा के अवसर पर रंगोली निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया. प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया. छात्रों के 12 ग्रुप के सदस्यों

ने ढाई घंटे में नवरात्रा के अवसर पर दुर्गा माता पर आधारित मनमोहक रंगोली बनाकर अपनी कला को प्रदर्शित किया. मौके पर मुख्य अतिथि अनुप नंदी और एशमत परवीन ने छात्रों का अवलोकन किया और उनकी उत्कृष्ट कला की सराहना की. मुख्य अतिथि द्वारा उत्कृष्ट रंगोली निर्माण करने वाले छात्रों का चयन एवं पुरूस्कृत किया गया. प्रतियोगिता में ग्रुप 2 की श्वेता राज एवं महाश्वेता महेश्वरी को प्रथम पुरूस्कार, ग्रुप 4 की ज्योति, आकांशा स्मृति व कोमल सिन्हा को द्वितीय पुरुस्कार तथा ग्रुप 7 की प्रीती हिम्मत, सिंहका, फरहत जहाँ एवं दीप शिखा को तृतीय पुरूस्कार मिला. प्रतियोगिता का संचालन मुस के क्लब मेंटर डॉ वर्षा राणी एवं क्लब हेड श्रेया सिंह ने किया. आयोजन में क्लब के छात्र सदस्यों ने सक्रिय सहयोग दिया. मौके पर एस जयसवाल भी मौजूद थे.

आरयूः विज्ञान संकाय के विभागों को लैब के लिए 3 लाख तक की आकस्मिक निधि मिलेगी

नवीन मेल संवाददाता

रांची। रांची विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर विज्ञान संकाय की प्रयोगशालाओं के लिए अब आकस्मिक निधि की कमी नहीं होगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस दिशा में प्रयास शुरू कर दिए हैं। इसके तहत विज्ञान विषय वाले स्नातकोत्तर विभागों को 3 लाख तक की आकस्मिक निधि उपलब्ध कराई जाएगी। इस आशय का एक प्रस्ताव विश्वविद्यालय की वित्त समिति को भेजा रहा है। पिछले दिनों कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने डीन और विभागाध्यक्षों के साथ बैठक में लैब के लिए फंड की कमी दूर करने का आश्वासन दिया था। विज्ञान संकाय में 6 स्नातकोत्तर विभाग हैं, जिनमें- भौतिकी, रसायनशास्त्र, जंतु विज्ञान, भूगर्भशास्त्र, गणित और

वनस्पतिशास्त्र शामिल हैं। इन विभागों में स्पेशल पेपर आधारित लैब हैं। पूर्व में इन विभागों को अधिकतम एक लाख रुपये तक की आकस्मिक निधि मिलती थी। इसके अलावा अन्य संकाय के वैसे विभाग जिनमें लैब हैं, उनकी आकस्मिक निधि में भी इजाफा किया जाएगा। पूर्व में विज्ञान संकाय के विभागों को केमिकल व अन्य जरूरी सामग्री की खरीद में फंड की कमी से जूझना पड़ता रहा है। विश्वविद्यालय में सबसे अधिक समृद्ध लैब बॉटनी विभाग का है। डीन व विभागाध्यक्षों को यह निर्देश भी दिया गया कि किसी भी आवश्यकता के लिए कुलपति से सीधा पत्राचार करें व इसकी एक कॉपी रजिस्ट्रार को दें, ताकि इन पर त्वरित कार्रवाई की जा सके।

महिला मोर्चा ने लगायी भारतीय व्यंजनों की प्रदर्शनी

रांची। भाजपा महिला मोर्चा रांची महानगर के तत्वावधान में सोमवार को सेवा पखवाड़ा अंतर्गत एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम में भारत के सभी प्रमुख प्रांतों के व्यंजनों व उनके परिधानों के साथ अलबर्ट एक्का चौक के पास प्रदर्शनी लगाई गई। इसकी अगुवाई जिलाध्यक्ष अनिता वर्मा ने की। प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने भाजपा रांची महानगर महिला मोर्चा की महिलाओं को इस कार्यक्रम के लिए बधाई दी। कहा कि महिला मोर्चा की बहनें सुबह से सभी प्रमुख प्रांतो के व्यंजनों जिसमें झारखंड का चावल पिठ्ठा, मालपुआ, धुस्का छोला, चावल का छिलका, मडुवा पिठ्ठा, कर्नाटक का दही बड़ा, राजस्थान का कटोरा चाट, ओडिशा का पानी पूड़ी, बिहार का लिट्टी चोखा, गुजरात का ढोकला, दिल्ली की पापड़ी चाट, यूपी का रसमलाई जैसे व्यंजन तैयार कर परोसे। अध्यक्ष ने कहा कि उन प्रांतों के परिधानों के साथ उपस्थित होना बड़ी बात है।

एसबीआई कार्ड ने फेस्टिव ऑफर 2022 के शुभारंभ की घोषणा की

ऑनलाइन और ऑफलाइन मर्चेंट में 1600 से अधिक ऑफर के साथ ग्राहकों के लिए त्योहारों का उत्साह बढ़ने वाला है

नवीन मेल संवाददाता

रांची। भारत के सबसे बड़े प्योर-प्ले क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता, एसबीआई कार्ड, ने अपने फेस्टिव ऑफर 2022 के इस अवसर पर देश भर के ग्राहकों के लिए कई आकर्षक ऑफर पेश किए हैं, जो 22 सितंबर 2022 से 31 अक्टूबर 2022 तक जारी रहेंगे। देश के टियर 1, टियर 2 और टियर 3 शहरों में विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन एवं ऑफलाइन मर्चेंट में 1600 से अधिक ऑफर के साथ एसबीआई कार्ड ने अपने ग्राहकों के खरीदारी के अनुभव को अधिक फायदेमंद बनाते हुए उनके लिए त्योहारों की खुशियां बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। लोगों के बीच बेहद लोकप्रिय विभिन्न प्रकार के सामानों पर आकर्षक ऑफर की पेशकश की जा रही है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल, फैशन एवं लाइफस्टाइल, आभूषण, ट्रैवल एवं ऑनलाइन मार्केटप्लेस इत्यादि शामिल हैं। एसबीआई कार्ड ग्राहकों के लिए फेस्टिव ऑफर 2022 के अंतर्गत 2600 शहरों में 70 से अधिक राष्ट्रीय ऑफर के साथ-साथ 1550 क्षेत्रीय और हाइपरलोकल ऑफर शामिल हैं। फेस्टिव ऑफर के तहत ग्राहक विभिन्न पार्टनर ब्रांड्स में 22.5% तक कैशबैक का लाभ उठा सकते हैं। एसबीआई कार्ड ने 'अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल सेल के लिए अमेजन के साथ विशेष साझेदारी की है, जो एसबीआई कार्ड के ग्राहकों के लिए प्रमुख प्रस्तावों में से एक है। यह साल के सबसे बड़े ऑनलाइन सेल आयोजनों में से एक है, जो 03 अक्टूबर, 2022 तक जारी रहने वाला है। इसके अलावा, एसबीआई कार्ड ने अपने मूल्यवान ग्राहकों के लिए देश-विदेश के लगभग 28 प्रमुख साझेदार ब्रांडों के सहयोग से कई तरह के ऑफर पेश किए हैं। इनमें फ्लिपकार्ट, सैमसंग मोबाइल, रिलायंस ट्रेंड्स, पैंटालून्स, रेमंड्स, एलजी, सैमसंग, सोनी, एचपी, मेक माई ट्रिप, गोआइबिबो, विशाल मेगा मार्ट, रिलायंस ज्वेल्स, कैरेटलेन, हीरो मोटर्स, और इसी तरह के कई जाने-माने ब्रांड्स शामिल हैं। श्री रामा मोहन राव अमारा, एमडी एवं सीईओ, एसबीआई कार्ड, के अनुसार, ह्लहमारे अनुभव के अनुसार त्योहारों के अवसर पर ग्राहक अधिक खर्च करते हैं, जिसमें पहले से योजना बनाकर किए जाने वाले और अनियोजित, दोनों प्रकार के खर्च होतें हैं। ग्राहकों को सबसे ज्यादा अहमियत देने वाले ब्रांड के नाते, हमने हमेशा अपने ग्राहकों के भुगतान अनुभव को पहले से कई गुना बेहतर बनाने का प्रयास किया है, चाहे वे ऑनलाइन खरीदारी करें या ऑफलाइन। इसी तर्ज पर हम ऐसे प्रस्तावों पर विशेष ध्यान देते हैं।

जेईई मेंस में सफल दो होनहार छात्रों को बीस- बीस हजार रुपये का स्कॉलरशिप

रांची । राईन उर्दू गर्ल्स हाई के कार्यलय में सोमवार को फ्रेंड्स ऑफ वीकर सोसाइटी ,रांची के द्वारा जे.ई.ई. मेंस के एग्जाम में हिंदपिड़ी रांची के रौशन परवेज जिन्होंने 97.40% और मो. आबिद हुसैन 96% अंक प्राप्त किया है उनकी हौसला अफजाई करते हुए सोसाइटी की जानिब से 20,000- 20,000 (बीस - बीस हजार) रुपये का स्कॉलरशिप दिया गया। इस मौके पर राईन पंचायत के अध्यक्ष हाजी फिरोज साहब और राईन पंचायत पूर्व अध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता एनामुल हक ने अपने हाथों से दोनों छात्रों को फ्रेंड्स ऑफ वीकर सोसाइटी की तरफ से चेक प्रदान किया। सोसाइटी के अध्यक्ष तनवीर अहमद इन दोनों छात्रों को आगे भी पढ़ाई के लिए स्कॉलरशिप देने का यकीन दिलाया। ताकि इनके आगे की पढ़ाई में किसी तरह की बाधा न हो सके।

अपर बाजार मंडल का हुआ गठन, अध्यक्ष बने सक्षम झा

नवीन मेल संवाददाता

रांची। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो के निर्देशानुसार अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का पूरे झारखंड प्रदेश भर में सांगठनिक विस्तार हो रहा है। इसी क्रम में सोमवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) रांची महानगर अंतर्गत अप्पर बाजार मंडल में बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता महानगर इकाई के संयोजक अभिषेक झा ने किया। जिसमें अप्पर बाजार मंडल इकाई गठित की गई, अप्पर बाजार मंडल इकाई में निम्नांकित सदस्यों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई- अध्यक्ष-सक्षम कुमार झा, महासचिव-सिद्धांत मिंज, उपाध्यक्ष- हिमांशु पांडे, श्याम कुमार, कोषाध्यक्ष-राज यादव, प्रवक्ता-रोहित सिन्हा, सोशल मीडिया प्रमुख-संदीप कुमार, सोशल मीडिया सह प्रमुख-शुभम कुमार, संगठन सचिव-अभिषेक,

सचिव- राजकुमार, अमन यादव, रोशन कुमार, दिवाकर कुमार, आवेश, प्रांजल गुप्ता, हर्ष सिंह, प्रियांशु कुमार, सह सचिव -पृथ्वी सिंह,आदर्श झा, सदस्य- गोपाल, राजू, संटू, विकास, प्रेम, मुकेश, अमन यादव, मोहित, अभिषेक, रोशन, पृथ्वी,अवधेश, संदीप, दिवाकर आदि को बनाया गया। इस अवसर पर अभिषेक झा सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आजसू (आजसू) छात्र संघ स्थापना काल से ही छात्र हितों के प्रति संपूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्यरत है और छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए आंदोलन तथा अन्य गतिविधियां इसके द्वारा समय-समय पर चलाई जाती है। आशा है कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों द्वारा आजसू के इस अभियान को आगे बढ़ाया जाएगा। महानगर संयोजक सदस्य राहुल तिवारी ने कहा कि आजसू एक ऐसा संगठन है जिसमें सभी सदस्य परिवार की भावना से जुड़े रहते हैं और परस्पर एक दूसरे का सहयोग करते हुए छात्र हित में आंदोलनात्मक और रचनात्मक गतिविधियों में अपनी भूमिका निभाते हैं। आज के इस बैठक में मुख्य रूप से गोपाल, राजू, संटू, विकास, प्रेम, मुकेश, अमन यादव, मोहित, अभिषेक, रोशन, पृथ्वी, अवधेश, संदीप, दिवाकर के अलावे कई सदस्य उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

युवक का पैर-हाथ बांधकर ट्रैक पर फेंक देने से पैर-हाथ कटा

रांची। थाना क्षेत्र के सीताडीह के समीप एक युवक को बांधकर रेलवे ट्रैक पर फेंक देने से उसका पैर कट गया। युवक कलाम अंसारी (42 वर्ष) सिकिदिरी थाना क्षेत्र के कुटे गांव का रहने वाला है। घटना सोमवार, दिन के एक बजे की है। घायल युवक द्वारा शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण वहां पहुंचे। वहीं, सूचना मिलने पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार ने कामेश्वर महतो, बिगेश्वर महतो, जगेश्वर महतो व अन्य लोगों की मदद से कलाम को ईलाज के लिए रिम्स भेजा। घायल कलाम के अनुसार तीन लोग उसे जबरन लेकर रेलवे ट्रैक पर पहुंचे थे। रेल की पटरी के पास हाथ-पैर बांधकर फेंका दिया। कलाम ने अपने ही गांव के कुछ लोगों पर हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया है। हालांकि, वह नाम बताने में असमर्थ था। पुलिस ने घटनास्थल से 10 मीटर की दूरी पर कलाम की बाइक (जेएच 01बीडब्लू 4986) बरामद की है। थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। सूचना पर कलाम के पिता हाजी शमशुल होदा व भाई घटनास्थल पहुंचे थे।

सांसद शिबू सोरेन को सौंपा गया 11 सूत्री मांग पत्र

रांची । पूर्व मुख्यमंत्री सह राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन (गुरुजी) को झारखंड राज्य राजस्व उप निरीक्षक रांची जिला संघ की ओर से मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा गया ।यह 11 सूत्री मांग पत्र स्थानीय मंत्रीगण एवं विधायकगण को मांग से संबंधित है । ज्ञापन देने के क्रम मे सांसद शिबू सोरेन के द्वारा संघ के मांगो के प्रति सकारात्मक वार्ता हुई। मांग से संबंधित ज्ञापन देने के कार्यक्रम में मुख्य रूप से राज्य के मुख्य संरक्षक भरत कुमार सिन्हा, महामंत्री दुर्गेश मुंडा, संयुक्त मंत्री रविंद्र प्रसाद, कार्यकारी महामंत्री राजेश कुमार, जिला अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, जिला मंत्री बसंत कुमार भगत, राज्य कोषाध्यक्ष संजय कुमार साहू, राज्य उप कोषाध्यक्ष बेंजामिन कुजूर, उमेश कुमार, सरफराज अहमद, अलेकसियुस एक्का, नेशाद अहमद, रमेश कुमार गुप्ता एवं अन्य राजस्व उप निरीक्षक उपस्थित थे।

बीएयू में नि:शुल्क रेबीज टीकाकरण कल

रांची। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के वेटनरी कॉलेज में बुधवार को विश्व रेबीज दिवस पर कॉलेज के क्लिनिकल कॉम्प्लेक्स विभाग की ओर से कुत्ता व बिल्ली के लिए नि:शुल्क टीकाकरण शिविर लगाया जाएगा। सभी कुत्तों व बिल्लियों को नि:शुल्क वैक्सीन, डीवॉर्मिंग व स्वास्थ जांच की जाएगी। शिविर सुबह 10.00 बजे से 12.00 बजे तक चलेगा। क्लिनिकल कॉम्प्लेक्स के प्रभारी डॉ अभिषेक कुमार ने बताया कि विश्व रेबीज दिवस पर पशुओं के स्वामी, आम जनता व वेटनरी छात्रों के लिए जागरुकता अभियान भी चलेगा। स्नातक व स्नातकोत्तर के छात्र रेबीज बीमारी पर आधारित पोस्टर प्रस्तुति देंगे। शिविर में विभिन्न दवाई कंपनी की ओर से स्टॉल लगाए जाएंगे, जिसमें दवाओं की प्रदर्शनी व जानकारी भी दी जाएगी।

श्रीरामचरितमानस नवाह्न परायण महायज्ञ का शुभारंभ

पिस्का नगड़ी। नगड़ी में भव्य कलश यात्रा के साथ शारदीय नवरात्र और श्रीरामचरितमानस नवाह्न परायण महायज्ञ का शुभारंभ सोमवार को हुआ। नगड़ी स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण से सुबह नौ बजे गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जो स्वर्ण रेखा नदी की उद्गम स्थली रानी चुंआ पहुंची। वहां से जल लाकर पूरे विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर कलश की स्थापना की गई। कलश यात्रा में क्षेत्र की सैकड़ों महिलाएं व युवतियां शामिल रहीं। कलश स्थापना के बाद श्रीरामचरितमानस पाठ सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ किए गए। शाम में महाआरती के बाद वृंदावन से पधारीं साध्वी कृष्णा देवी का प्रवचन हुआ। मौके पर सांसद दीपक प्रकाश, शोभा यादव, कांग्रेस नेता विनय सिन्हा दिपू, चुडामणी महतो, प्रभात महतो, हेमंत केशरी, दौलत राम केशरी, द्वारिका केशरी, मनीष केशरी, दीपक केशरी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

इटकी में दुर्गापूजा शुरू

इटकी। इटकी में कलश स्थापना और दुर्गा सप्तशती पाठ के साथ ही सोमवार को दुर्गा पूजा की शुरूआत हो गयी। महावीर चौक स्थित सार्वजनिक पूजा पंडाल में पंडित शत्रुघ्न पांडेय के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना कर कलश की स्थापना की गयी। क्षेत्र के जमींदार के वंशज लाल अश्विनी नाथ शाहदेव द्वारा आयोजित पूजा में पंडित सुरेंद्र नाथ मिश्रा के नेतृत्व में पाठ शुरू किया गया।

काम आया सांसद संजय सेठ का दबाव, मिलने पहुंचे अधिकारी

शारदीय नवरात्र से पहले ही बदले जाएंगे सभी खराब ट्रांसफॉर्मर

नवीन मेल संवाददाता

रांची। रांची में दुर्गा पूजा से पहले सभी खराब ट्रांसफार्मरों को बदलने को लेकर सांसद संजय सेठ का दबाव काम आया। सोमवार को जेबीवीएनएल के महाप्रबंधक प्रभात कुमार श्रीवास्तव सहित कई अन्य अधिकारी सांसद संजय सेठ से मिलने पहुंचे और उन्हें आश्वस्त किया कि दुर्गा पूजा से पहले किसी भी कीमत पर खराब ट्रांसफार्मरों को बदल दिया जाएगा। विदित हो कि अभी 4 दिन पूर्व सांसद संजय सेठ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह घोषणा की थी कि रांची में विद्युत आपूर्ति की स्थिति बहुत खराब है। कई कई महीने से ट्रांसफार्मर नहीं बदले जा रहे हैं। यदि दुर्गा पूजा से पहले सभी खराब ट्रांसफार्मर को नहीं बदला गया तो वे आंदोलन का रुख अख्तियार करेंगे और 30 सितम्बर से धरना देने का काम करेंगे।

सांसद की इस घोषणा के बाद ही बिजली विभाग ने सक्रियता दिखानी शुरू की थी। आज जेबीवीएनएल के महाप्रबंधक प्रभात कुमार अपने कई अधिकारियों के साथ सांसद से मिलने पहुंचे। सांसद ने उनसे दो टूक कहा कि किसी भी कीमत पर दुर्गा पूजा से पहले सभी ट्रांसफार्मरों को बदल दिया जाना चाहिए ताकि हमारे क्षेत्र की जनता अंधेरे में दुर्गा पूजा नहीं मनाए। जीएम व अन्य अधिकारियों ने सांसद को आश्वस्त किया कि हम दुर्गा पूजा के पहले सभी ट्रांसफार्मर को बदलने का काम कर रहे हैं और इसके सकारात्मक परिणाम भी दिखेंगे। हम सब इस प्रयास में लगे हुए हैं कि दुगार्पूजा किसी भी क्षेत्र में अंधेरे में नहीं मनाया

> जीएम व अन्य अधिकारियों ने सांसद को आश्वस्त किया कि हम दुर्गा पूजा के पहले सभी ट्रांसफार्मर को बदलने का काम कर रहे हैं और इसके सकारात्मक परिणाम भी दिखेंगे।

जाए। सांसद ने अधिकारियों का ध्यान बिजली विभाग से जुड़ी अन्य समस्याओं की तरफ आकृष्ट कराया और इसके समाधान को लेकर भी काम करने की बात कही। श्री सेठ ने कहा कि दुर्गापूजा में जब लाइन बाधित रहता है तो लोगों को काफी परेशारियों का सामाना करना पड़ता है। इसमें उच्चके लोग श्रद्धालुओं को काफी परेशान करते हैं और वह पाकेमारी पर भी उतर आते हैं। हालांकि इस मौके पर हमारी पुलिस काफी सर्तकता से अपने कामों को अंजाम देते है।

हॉकी इंडिया के महासचिव सहित अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष ने हॉकी इंडिया का पद्भार ग्रहण किया

नवीन मेल संवाददाता

रांची। विगत 23 सितंबर को हॉकी इंडिया के महासचिव के रूप में भोलानाथ सिंह एवं अध्यक्ष के रूप में डॉ दिलीप तिर्की एवं कोषाध्यक्ष के रूप में शेखर जे मनोहरण ने निर्विरोध निर्वाचित होने के उपरांत सोमवार को विधिवत रूप से दिल्ली में हॉकी इंडिया के कार्यालय में अपना पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद हॉकी इंडिया के तीनों ही अधिकारियों ने हॉकी इंडिया के सीओए, मिस्टर जस्टिस अनिल आर देव, डा. एसवाई कुरैशी एवं जफर इकबाल को हॉकी इंडिया का निष्पक्ष और पारदर्शिता पूर्वक चुनाव में सहयोग के लिए बधाई और उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हॉकी इंडिया को एक नई ऊंचाईयों तक ले जायेंगे और देश और दुनिया में नाम रौशन करेंगे। जो भी इनमें कमियां होंगी उसे हम सभी मिलकर दूर करेंगे।

रानी कुमारी राजद की राष्ट्रीय परिषद की सदस्य मनोनीत

पश्चिमी सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र का मिला प्रभार

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राजद की वरिष्ठ नेत्री (पूर्व जैक पार्षद) रानी कुमारी को राष्ट्रीय जनता दल की राष्ट्रीय परिषद में शामिल किया गया है। इससे संबंधित पत्र राजद के झारखंड प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने राजद के राष्ट्रीय निर्वाचन पदाधिकारी उदय नारायण चौधरी को प्रेषित की है। रानी कुमारी को पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) लोकसभा क्षेत्र में संगठन को सशक्त बनाने, पार्टी का जनाधार बढ़ाने सहित आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राजद के प्रति मतदाताओं की विश्वसनीयता बढ़ाने की दिशा में यथोचित कदम उठाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। रानी कुमारी ने इसके लिए राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव सहित झारखंड प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव के प्रति आभार जताया है। पार्टी में नई जिम्मेदारी मिलने के बाद रानी कुमारी ने कहा कि राजद को झारखंड में सशक्त बनाने और आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में जनसमर्थन जुटाने के प्रति क्षेत्र में तत्परता से कार्यरत रहेंगी।

गौरतलब है कि झारखंड के सभी 14 लोकसभा क्षेत्रों में राजद की राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों का मनोनयन किया गया है। नवमनोनीत सदस्यों को संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया है। सूची के मुताबिक राजमहल लोकसभा क्षेत्र से जोसेफ सोरेन, दुमका लोकसभा क्षेत्र से पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, गोड्डा से पूर्व विधायक संजय प्रसाद यादव, चतरा से वर्तमान में राज्य सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता, कोडरमा से सुभाष यादव, गिरिडीह से अनिल यादव, धनबाद से विक्रम प्रसाद यादव, रांची से अभय कुमार सिंह, जमशेदपुर से मंजू शाह, पश्चिम सिंहभूम से रानी कुमारी, खूंटी से गिरिजानंदन सिंह चेरो, लोहरदगा से पूर्व मंत्री राधाकृष्ण किशोर, पलामू से पूर्व सांसद घूरन राम व हजारीबाग से डॉ.मुर्तजा को राजद की राष्ट्रीय परिषद का सदस्य मनोनीत किया गया है।

रिम्स में फंडामेंटल क्रिटिकल केयर ऑब्सट्रक्टिव कोर्स का समापन

रांची। रिम्स के ट्रॉमा सेंटर में दो दिवसीय फंडामेंटल क्रिटिकल केयर ऑब्सट्रक्टिव कोर्स का समापन सोमवार को हुआ। इस कोर्स को अमेरिका में तैयार किया गया है। डिग्री भी वहीं से भेजी जाती है। इस कोर्स के लिए रिम्स में 30 चिकित्सक शामिल हुए। इसमें ऑब्सट्रक्टिव के अलावा क्रिटिकल केयर व एनेस्थेटिस्ट शामिल थे। बतौर फैकल्टी शामिल रिम्स क्रिटिकल केयर के हेड डॉ प्रदीप भट्?टाचार्य ने बताया कि इस कोर्स में बच्चे के पेट में रहने के दौरान होने वाली परेशानियां, अत्यधिक ब्लीडिंग, पेट में दर्द, मरीज के क्रिटिकल होने के दौरान कैसे उपचार करें, झटके आने पर क्या करें। बीपी बढ़ने पर क्या करें। इन सारे विषयों पर दो दिन तक कार्यशाला चली। इसमें विशेषज्ञ के रूप में डॉ प्रदीप भट्टाचार्य के अलावा, रियाणा के डॉ कुंदन मित्तल, कोलकाता से डॉ सोरेन पंजा, भुवनेश्वर से डॉ शर्मिली सिन्हा, रांची से डॉ विजय मिश्रा, डॉ तापस दास, डॉ रास कुजूर, डॉ सैफ खान शामिल हुए।

पिस्का स्टेशन के नये भवन एवं फेज वन के कार्यों का शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता

रांची । रांची के सांसद संजय सेठ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, राज्यसभा सांसद महुआ मांझी, और हटिया विधायक नवीन जयसवाल के द्वारा सोमवार को संयुक्त रूप से रांची रेल मंडल के पिस्का स्टेशन के नये भवन एवं फेज वन के कार्यों का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री की पहल से स्थानीय लोगों के वर्षों की मांग पूरी हो रही तथा इससे रेलवे सुविधा का विस्तार होगा। इस दौरान सांसद संजय सेठ ने कहा कि पिस्का नगडी. के इस नए भवन एवं फेज वन के बनने

से रांची के लोगों को सुविधा होगी और आने वाले समय में पिस्का नगड़ी को नया रांची के रूप में जाना जाएगा ।वहीं सांसद महुआ मांझी ने इस अवसर पर कहा कि रेलवे लाइन लाइफ लाइन होती है। इस नये भवन एवं फेज वन के बनने से यहां के लोगों को विकास का लाभ मिलेगा। मौके पर मौजूद रांची रेल मंडल के मुख्य परियोजना प्रबंधक सतीश कुमार ने कहा कि इस नए भवन एवं फेज वन के बनने से स्टेशन का महत्व बढ़ जाएगा। पहले रांची स्टेशन पर अतिरिक्त ट्रेनों की ठहराव होती थी वह कम होगा जिससे समय की भी बचत होगी।

आईएलसीसी का रजत जयंती समारोह मनाया गया

रांची। अंतरराष्ट्रीय पुस्तकालय और सांस्कृतिक केंद्र (आईएलसीसी) का रजत जयंती समारोह सोमवार को आयोजित किया। आईएलसीसी के प्रबंध न्यासी डॉ मिलिंद बोर्डे ने आईएलसीसी की स्तंभ एबी डेविस को श्रद्धांजलि दी। उनकी याद में मोमबत्तियां जलाई गईं। वहीं, आईएलसीसी की लेखाधिकारी अंजलि जैन, दीर्घकालिक पुस्तकालय अध्यक्ष विद्या पंकज को भी श्रद्धांजलि दी गई। उनके काम की सराहना कि निशानी के रूप में उनके परिवार के सदस्यों को स्मृति चिह्न भेंट किया गया। मौके पर पूर्व सांस्कृतिक सचिव नोनिका खेर की ओर से भेजा गया संदेश भी पढ़ा गया। कार्यक्रम में आईएलसीसी की अबतक की लंबी यात्रा में जो सहयोगी रहे उन्हें सम्मानित भी किया गया। मीता दुग्गल, वंदना साहू, गुरबीर सिंह, अंजुम, अनुराग मोदी, ग्लोरिया विनायक, डेजी जायसवाल ने आईएलसीसी में वंचित बच्चों के लिए काम किया जिसको लेकर उन्हें भी प्रशंसा पत्र दिए गए। लाइब्रेरियन निवेदिता शर्मा, ने लाईब्रेरी में उपलब्ध किताबों की जानकारी दी। संचालन ट्रस्टी राजेश शाह देव और सांस्कृतिक सचिव रेखा मिश्रा ने किया। मौके पर उप प्रबंध न्यासी हेजल डेविस और ज्योति बजाज, वरिष्ठ न्यासी डॉ माजिद आलम, सिद्धार्थ झावर, केके साबू और सांस्कृतिक समिति की सदस्य प्रकृति जेराथ, सोनिका मुंजाल, अंचला सिंह उपस्थित थीं।

योगेन्द्र साव के रिहा होने पर राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन ने दी बधाई

रांची। महासंगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष हरिनाथ साहू, केदार साव, संजय स्नेही, प्रोफेसर दीपेंद्र प्रसाद साहू एवं संतोष राम, प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कुमार साहू, डाक्टर विशाल कुमार, विकास कुमार साव, संजय साहू एवं सुमन देवी, प्रदेश महामंत्री राजू रंजन प्रसाद , प्रदेश संगठन मंत्री राजेश प्रसाद, अधिवक्ता अजय कुमार पपलु, प्रदेश मंत्री अधिवक्ता शंकर मंडल, मिट्ठू साव, आशीष कुमार साहू, रमेश प्रसाद नायक एवं सुनील साह, रांची ग्रामीण जिलाध्यक्ष संजय कुमार साहू ने संयुक्त रुप से कहा कि योगेन्द्र साव एक जुझारू, कर्मठ एवं जमीनी नेता हैं। इनके रिहा होने पर पूरे तेली समाज में हर्ष का वातावरण है। इन्होंने अपने मंत्रित्व कार्यकाल में सभी जाति एवं धर्मों के लिए बेहतर कार्य किया था। ईश्वर से कामना है कि योगेन्द्र साव जी सदैव स्वस्थ रहें और दीघार्यु हों।

श्री श्याम मंडल की आम सभा संपन्न, बड़ी संख्या में लोगों ने लिया भाग

नवीन मेल संवाददाता

रांची। श्री श्याम मण्डल की आम सभा सोमवार को अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर के सभागार में संपन्न हुई। सभा में बड़ी संख्या में सदस्यों ने भाग लिया, सभा की अध्यक्षता मण्डल के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश बागला ने की। इस अवसर पर श्री बागला ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए 55 वें वार्षिक श्री श्याम महोत्सव के सफल आयोजन के लिए सभी सदयों को बधाई दी। मंत्री धीरज बंका ने महोत्सव के लिए गठित सभी उप समितियों के कार्यों के क्रमवार चर्चा की । सभा ने सभी उप समितियों के कार्यों पर विस्तृत चर्चा की एवं संतोष प्रकट किया साथ ही कोषाध्यक्ष राजेश सारस्वत ने 55 वें श्री श्याम महोत्सव के आय-व्यय का पूर्ण विवरण सभा के समक्ष प्रस्तुत किया जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया साथी इस अवसर पर मण्डल के संरक्षक सुरेश चंद्र पोद्दार ने सदस्यों को संबोधित करते हुए मण्डल के विगत 55 वर्षों के स्वर्णम इतिहास की चर्चा करते हुए सदैव श्री श्याम प्रभु की सेवा में तत्पर रहने का आह्वान किया। उपाध्यक्ष मनोज सिंघानिया ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर ओम जोशी, विवेक ढांढनीयां, प्रदीप अग्रवाल, विजय साबू, विकाश पाडिया, प्रमोद सारस्वत (लल्लू), अरुण धनुका , प्रमोद बगड़ीया, ज्योति पोद्दार, जीतेश अग्रवाल, अमित जलान, गौरव परसरामपुरिया उपस्थित थे।

महाराजा अग्रसेन जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

नवीन मेल संवाददाता

रांची। अग्रवाल सभा रांची के तत्वधान में श्रीअग्रसेन जयंती महोत्सव सह 46वें नौ दिवसीय वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ महाराजा अग्रसेन भवन में मनाया गया। सोमवार को अग्रसेन जयंती महोत्सव में प्रतिभा सम्मान एवं प्रोत्साहन सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि बिरसा मुंडा विमानपत्तन रांची के निर्देशक कन्हैया लाल अग्रवाल एवं मुख्य वक्ता समाजसेवी वेद प्रकाश बागला अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया ने महाराजा अग्रसेन जी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि केएल अग्रवाल ने कहा की महाराजा अग्रसेन जी एक पौराणिक कर्मयोगी लोकनायक समाजवाद के युगपुरुष रामराज्य के समर्थक और महादानी माने जाते थे। उन्होंने कहा कि मानव जीवन मिला है तो हम सबों को इसे मानव सेवा में लगाना चाहिए उन्होंने कहा अग्रवाल सभा द्वारा किए जा रहे हैं सामाजिक कार्यों की सराहना की। मुख्य वक्ता वेद प्रकाश बागला ने कहा कि भगवान अग्रसेन का ध्वज अहिंसा और सूर्य का प्रतीक है तथा सूर्य की 18 किरणें 18 पुत्रों का प्रतिनिधित्व करती है। ध्वज में चांदी के रंग की एक ईट और एक रुपैया भाईचारे एवं परस्पर सहयोग प्रदान करता हैं। आध्यामिक के माध्यम से बच्चों को संस्कार देना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया ने की। अग्रवाल सभा के मंत्री मनोज चौधरी ने अग्रवाल सभा के कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। जयंती संयोजक सज्जन पाड़िया ने अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित 9 दिवसीय अग्रसेन जयंती महोत्सव की पूरी रिपोर्ट प्रस्तुत की।

किसानों को अरहर उत्पादन प्रौद्योगिकी का दिया गया प्रशिक्षण

देश में दलहन उत्पादन बढ़ने के बावजूद कमी है : डॉ. बीके झा

नवीन मेल संवाददाता

रांची। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, बीएयू में निदेशालय अनुसंधान अधीन आनुवांशिकी एवं पौधा प्रजनन विभाग में संचालित आईसीएआर-अखिल भारतीय समन्वित अरहर फसल शोध परियोजना केंद्र (जनजातीय योजना) द्वारा अरहर उत्पादन प्रौद्योगिकी पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन अनगड़ा प्रखंड के लालगढ़ स्थित मास संस्थान के सभागार में किया गया। किसानों को संबोधन में कृषि प्रसार शिक्षा वैज्ञानिक डॉ बीके झा ने कहा कि देश में दलहन उत्पादन बढ़ने के बावजूद कमी है। बाजार में दाल की मांग एवं मूल्य काफी ज्यादा है। दलहनी फसल में अरहर सर्वाधिक प्रमुख फसल है।

वैज्ञानिक प्रबंधन के समुचित प्रयोग से अरहर फसल की बेहतर उत्पादन एवं उत्पादकता और लाभ किसान प्राप्त कर सकते है। मौके पर परियोजना प्रभारी (अरहर फसल) डॉ नीरज कुमार ने किसानों को अरहर फसल की उन्नत प्रजाति एवं उत्पादन की उन्नत वैज्ञानिक तकनीक तथा शस्य विज्ञान से सबंधित कृषि कार्यो की जानकारी दी। कीट वैज्ञानिक डॉ। विनय कुमार ने अरहर फसल के हानिकारक कीटों तथा कीट नाशी से फसल की सुरक्षा की जानकारी दी। पौधा रोग वैज्ञानिक डॉ एचसी लाल ने अरहर फसल पर लगने वाले प्रमुख रोग एवं उनके लक्षण और रोग नाशी दवाईयों से नियंत्रण के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद मास संस्था के प्रधान विजय भरत ने दिया। मौके पर अनगड़ा प्रखंड के चिल्दाग पंचायत अधीन लालगढ़, सिमलिया और सोसो गाँव से भाग ले रहे सभी 55 आदिवासी किसानों को प्रशिक्षण उपरांत रोगनाशी एवं कीटनाशी दवाईयों तथा बिरसा किसान मार्गदर्शिका 2022 का वितरण किया गया।

> कीट वैज्ञानिक डॉ. विनय कुमार ने अरहर फसल के हानिकारक कीटों तथा कीट नाशी से फसल की सुरक्षा की जानकारी दी। पौधा रोग वैज्ञानिक डॉ एचसी लाल ने अरहर फसल पर लगने वाले प्रमुख रोग एवं उनके लक्षण के बारे में बताया।

दुर्गोत्सव की शुरू हुई खरीददारी, कपड़ा दुकानों में छाई रौनक

रांची। राजधानी के कपड़ा बाजार पर दुर्गोत्सव का रंग चढ़ने लगा है। एक ओर जहां बाजार में इस बार फेस्टिव सीजन को लेकर नई-नई डिजाइन के कपड़े लाए गए हैं। वहीं, दूसरी तरफ कलश स्थापना के साथ ही कपड़ों की खरीदारी के लिए लोगों के पहुंचने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। सोमवार को राजधानी के मेन रोड, हरमू, डोरंडा समेत अन्य कपड़ा दुकानों में रौनक देखने को मिली। दुकानदारों ने बताया कि रविवार से पूजा की खरीदारी को लेकर हलचल बढ़ी है।

फार्मेसी दिवस के अवसर पर रक्तदान व नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

रांची। विश्व फार्मेसी दिवस के अवसर पर कलावती कॉलेज ऑफ फार्मेसी कमड़े के तत्वाधान में प्राचार्य डॉ. माज अहमद के अध्यक्षता में धूमधाम से फार्मेसी दिवस मनाया गया। इस मौके पर मुख्यअतिथि द्वारिका हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के निदेशक डॉ. एस.के. निराला एवं विशिष्ट अतिथि महावीर मंडल के पूर्व अध्यक्ष अनिल यादव, छात्र क्लब चिकित्सक मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, डी.ए.वी. शिक्षादीप विद्यालय के निदेशक शिवनंदन पाठक, कॉलेज के चेयरमैन संतोष कुमार गुप्ता, सचिव धीरेंद्र कुमार सिंह मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर हुआ। प्रशासनिक पदाधिकारी विश्व दीपक पांडे ने फार्मेसी दिवस के इतिहास को बतलाया। कॉलेज के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाया, साथ ही मेदांता हॉस्पिटल के सहयोग से रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसका ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने लाभ उठाया। मौके पर चेयरमैन संतोष कुमार गुप्ता ने कहा देश की रक्षा के लिए बॉर्डर में सेना को तैनात किया जाता है और समाज की रक्षा के लिए फार्मेसी के जांबाज फार्मासिस्ट को रखा जाता है। डॉ. निराला ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं अतिथियों को फार्मेसी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा आज के समय में फार्मेसी की प्रारंभिक ज्ञान सभी को होनी चाहिए। फामेर्सी चिकित्सा जगत एवं हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्यरूप से शिक्षिका अनामिका मैडम, अविनाश गौरव, राहुल कुमार, प्रभास गौरव, विकास कुमार, अविनाश कुमार सिंह, कल्याणी श्वेता आदि हॉस्पिटल के कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

न्यूज गैलरी

अवैध शराब निर्माण के खिलाफ कुरडेग पुलिस ने की कार्रवाई

कुरडेग। पुलिस अधिक्षक सिमडेगा के आदेशानुसार सिमडेगा पुलिस के द्वारा देशी शराब के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत कुरडेग थाना प्रभारी मुन्ना रमानी के नेतृत्व में कुरडेग थाना की पुलिस टीम गठित कर विभिन्न गाँव में गुप्त सुचना के आधार पर अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाई की गई। थाना प्रभारी को गुप्त सुचना मिली कि थाना क्षेत्र के करमडीह , धाघमुण्डा , खालीजोर और लबडेरा गाँव में अवैध रूप से देशी शराब बनाई एवं बिक्री की जा रही है। सुचना के आलोक में पुलिस टीम ने छापेमारी कर मौके से कच्ची शराब, जावा महुआ और शराब बनाने के बर्तन को पुरी तरह नष्ट कर दिया। छापेमारी से अबैध शराब के कारोबारियों में हड़कम्प मच गया। अवैध कारोबारी को पुलिस आने की भनक लगते ही घर छोड़ कर फरार हो गये। इस संबंध में थाना प्रभारी मुन्ना रमानी ने बताया कि छापेमारी के दौरान देशी शराब , जावा महुआ को नष्ट कर दिया गया। अवैध देशी शराब के खिलाफ लगातार छापेमारी जारी रहेगी। उन्होने कहा कि अवैध कार्य करने वाले कारोबारी अपना कारोबार बन्द कर दें वरना उन्हें बख्शा नही जाएगा। छापेमारी टीम में एस आई अजीत प्रकाश, जेएसआई उपेन्द्र कुमार यादव , नन्द किशोर झा जितेन्द्र कुमार सिंह, कौशल किशोर मिश्रा एवं थाना के सशस्त्र बल उपस्थित रहे।

कैरो में जय माता दी के जयकारे के साथ निकली कलश यात्रा

कैरो/लोहरदगा। सोमवार को दुर्गा पूजा समिति कैरो,नगजुवा,हनहट के तत्वावधान में कैरो प्रखण्ड मुख्यालय से कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में शामिल सैकड़ो छोटी-छोटी बच्चियों और महिलाओं साथ -साथ समिति के दर्जनों पदाधिकारी ,सदस्य एवं गण्यमान्य लोगो ने गगनभेदी जय माता दी के जयकारा करते पारंपरिक रूप से दुगार्बाड़ी परिसर से कन्दनी नंदी पहुंच कर कौशलकांत त्रिपाठी ने मंत्रोच्चारण कर कलश भरवाया ततपश्चात पुनः जयकारा लगाते हुए पूजा स्थल दुगार्बाड़ी पहुंची फिर मुख्य पुजारी कौशलकान्त त्रिपाठी के देख -रेख में कलश स्थापना मन्त्रोच्चारण के साथ कराया गया। कलश स्थापना के साथ ही शारदीय नवरात्रा शुरू हो गया। इसके साथ ही नवाह्न पाठ की शुरूआत हुई और मां दुर्गा के 09 रूपो की पूजा अर्चना कर आरती किया गया। प्रखंड क्षेत्र के मुख्यालय ग्राम सहित हनहट एवं नरौली पंचायत में विधिवत पुलिस प्रशाशन के देख रेख में शांतिपूर्ण वातावरण में कलश स्थापना का कार्य सम्पन्न हुई।

धोती-कुर्ता व साड़ी का वितरण

जामताड़ा । दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जामताड़ा विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी की अनुपस्थिति में उनके पिता पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने सोमवार को जामताड़ा मे लोगों के बीच लगभग 20000(बीस हजार) धोती कुर्ता एवं साड़ी का वितरण किया। इतनी संख्या में लोगों की भीड़ के कारण पूरा आवागमन थम सा गया। सभी लोग एक स्वर में विधायक इरफान अंसारी जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। मौके पर उपस्थित लोगों ने कहा की हमें वस्त्र नहीं बल्कि इरफान अंसारी वापस चाहिए जो एक साजिश के कारण कोलकाता में फंसे हुए हैं। मां दुर्गा वैसे पापियों को सजा जरूर देगी। पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने बताया की खुद विधायक इरफान अंसारी ने सभी लोगों के लिए कोलकाता से वस्त्र भेजा है और सभी को दुर्गा पूजा की ढेर सारी शुभकामनाएं दी है। वो जल्द आप लोगों के बीच में होंगे। आप लोग चिंता ना करें।

टेलीफोनिक संवाद के द्वारा समस्याओं के निराकरण की एक अच्छी पहलः बीडीओ

बसिया। बसिया के प्रखंड प्रशासन ने दैनिक जीवन में आम ग्रामीणों के समक्ष आनेवाली विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए आज टेलीफोनिक संवाद के द्वारा समस्याओं के निराकरण की एक अच्छी पहल की है। इस सेवा के चालू हो जाने से यहां सुदूरवर्ती क्षेत्र के ग्रामीणों को अब प्रखंड कार्यालय के चक्कर लगाने से मुक्ति मिलने की संभावना बन गई है। इस संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी रविन्द्र कुमार गुप्ता ने बताया कि इस सेवा को ₹फोन से बात, समस्या का समाधान कार्यक्रम₹ का नाम दिया गया है। एक नये प्रयोग को धरातल पर उतारने के साथ उन्होंने बताया कि प्रतिदिन बहुत से ग्रामीण अपनी छोटी छोटी समस्याओं के लिए दूर दराज के गाँव से आते रहते हैं। इतना ही नहीं बल्कि बहुत से ऐसे साधनविहीन ग्रामीण भी हैं जो किन्हीं कारणों से प्रखंड कार्यालय नहीं आ पाते। ऐसे में न तो प्रखंड प्रशासन के संज्ञान में उनकी समस्याएं आ पाती हैं और न उनके लिए सरकार के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं की जानकारी उन्हें हो पाती है। बताया जाता है कि इन जरुरतमंद ग्रामीणों की तत्संबंधी जरुरतों को ध्यान में रखते हुए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने स्वयं पहल करते हुए आज टेली कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ग्रामीणों से जुड़ने की इस पहल को धरातल देने का काम किया है। इसके लिए फोन नंबर 9472768668 जारी करते हुए यह बताया गया कि प्रारंभिक चरण में प्रत्येक सप्ताह के बुधवार और शनिवार को अपराह्न 11:30 से 12:30 बजे तक फोन पर ऐसी समस्याओं के निराकरण की व्यवस्था की गई है।

कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास

गढ़वा। पलामू जिले के उंटारी रोड थाना क्षेत्र के मुरमा कला गांव निवासी निर्मल यादव की पत्नी रिंकू देवी कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि रिंकू देवी को किसी काम से विश्रामपुर जाना था इस बात को लेकर अपने पति निर्मल यादव से आपस में नोकझोंक कर रही थी। कलश स्थापन होने के कारण रिंकु देवी को विश्रामपुर जाने से मना कर दिया। इसी बात से आक्रोशित होकर रिंकू देवी ने कीटनाशक खा लिया।

कलश स्थापना के साथ मां दुर्गा की अराधना शुरू

नौ दिनों तक माता दुर्गा की अखंड ज्योति जलाकर हवन-पूजन की जायेगी

नवीन मेल संवाददाता

बेड़ोः- बेड़ो प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के खत्री खटंगा,पाकल मेड़ी मुरतो, तुको, ईंटाचिल्द्री व घाघरा में शारदीय नवरात्र का शुभारंभ सोमवार से हो गया। घर से लेकर मंदिरों में कलश स्थापना के साथ अखंड ज्योति जलाई गई। नौ दिनों तक अनवरत माता दुर्गा की अखंड ज्योति जलाकर हवन-पूजन किया जाएगा। वहीं मंदिरों व घरों में माता के जयकारे गूंजे। इधर अम्बे तू जग्दम्बे काली, जय दुर्गे खप्पर वालीङ्घके प्रार्थना गीत पर मां दुर्गा की आरती उतारी गई। साथ ही परिवार की खुशहाली के लिए मन्नत मांगी गई । इधर श्री श्री दुगार्पूजा महासमिति के तत्वाधान में कलश स्थापना को लेकर महादानी मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकाली गई।जिसमें शामिल महिलाओं व कन्याओं का दल बेड़ो का भ्रमण करते

हुए डुकु तालाब से कलश में जल भर कर मंदिर परिसर पहुंचा।जहां मुख्य पुजारी अशोक पंडा की देखरेख में कलश स्थापना हुई। कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र शुरू हो गया। इसके साथ ही नवाह्न पाठ की शुरूआत हुई और मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा अर्चना व आरती की गई। साथ ही प्रथम दिन शैलपुत्री की पूजा अर्चना की गयी।जहां वैदिक मंत्रों के उच्चारण व भक्ति गीतों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। कलश यात्रा में पुजारी अशोक पंडा, डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता, संदीप सोनी, नितेश साहू, आनंद साहू, शरवी सुमन, रेखा कुमारी, त्रिसूत्री नाग, कलावती देवी, गायत्री देवी, साधना कुमारी, दीक्षा दुबे, आस्था सोनी, राजेश कुमार, रोशन महतो, रीता कुमारी, राखी देवी पूजा कुमारी, निशा कुमारी, मुकेश कुमार राय, गंदुर गोप आदि मौजूद थे।

पाठ्य सहगामी क्रियाओं के तहत प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा के प्रांगण में प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में सीसीए प्रभारी शिक्षक अश्विन पात्रों द्वारा नवरात्रि के शुभारंभ पर पाठ्य सहगामी क्रियाओं के अंतर्गत प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। दशहरा हिंदू धर्म का बहुत ही महत्वपूर्ण त्यौहार है। भगवान श्रीराम ने असत्य पर सत्य की विजय के लिए राक्षस राजा रावण को पराजित करने के लिए पूरे 9 दिनों तक माता दुर्गा की कठिन पूजा की थी और अंत में रावण को पराजित कर उसका वध किया था। बच्चों को धर्म-अधर्म, पाप-पुण्य नवरात्रि मनाने के पीछे की कथा आदि से परिचित करवाने हेतु कक्षा एलकेजी से द्वितीय तक के बच्चों के मध्य इस प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया जिसमें बच्चों को रामायण के पात्रों की कठपुतलियां बनाकर उनसे संबंधित कथा वाचन करना था नन्हे बच्चों द्वारा कठपुतलियां बनाकर बड़े ही आकर्षक ढंग से उनका कथा वाचन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा एलकेजी में प्रोतिष्ठा गोराई, अथर्व कृत ,अंशुमान पात्रा, काव्या मुखायार, काव्या तारुषि, सूर्य राज यादव,एसके सुहान कक्षा यूकेजी में वैभवी कुमारी, सौम्या लक्ष्मी, अनुश्री लकड़ा, सिद्धि कुमारी, प्रसू कुमारी, बृष्टी गोस्वामी, काव्या बंका, अनन्या गर्ग अहाना प्रिया मनस्वी गुप्ता अदिति वर्मा काव्या गोयल, परी कुमारी, मिष्ठी कुमारी, रिद्धि कुमारी, अनोखी उरांव, खुश पोद्दार, रेयान कुजूर, शिवांश राज सिंह, आयुष कुमार साहू, आदिव गुप्ता, इजान अख्तर, कृष गुप्ता, मानस पंकज, दिव्यांश मेहता, आदि ने बेहतर स्थान हासिल किया।

कोलेबिरा में जंगली भालू के हमले से महिला गंभीर रूप से घायल

नवीन मेल संवाददाता

कोलेबिरा। जंगली भालू के हमले से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।मिली जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह दो महिला प्रखंड कार्यालय कोलेबिरा के पीछे जंगल में सखूवा पत्ता तोड़ने गई हुई थी। उसी स्थान के कुछ दूरी पर पूर्व जिला परिषद सदस्य दीपशिखा कुमारी के पिता गिल्लू राम अपने घर के कुछ बकरी को लेकर जंगल चराने गए हुए थे। तभी अचानक कोलेबिरा बाजार टोली निवासी दयामुनि देवी 55 वर्षीय के ऊपर जंगली भालू ने जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें वह बुरी तरह से घायल हो गयी और दूसरी महिला घायल महिला की स्थिति को देखकर वहीं पर मूर्छित हो गिर गई। इस घटना को देखकर प्रत्यक्षदर्शी गिल्लू राम ने कोलेबिरा पंचायत के मुखिया अंजना लकड़ा को फोन के द्वारा सूचना दिया। सूचना पाते ही कोलेबिरा पंचायत के मुखिया ने एक तीन पहिया टेंपो को लेकर घटनास्थल पर पहुंची साथ में उनके पति अनुपम बेग और दुर्गेश नायक उपस्थित थे। सभी ने मिलकर घायल महिला को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलेबिरा लाया। जहां उनका प्राथमिक इलाज किया जा रहा था प्राथमिक उपचार करने के बाद घायल महिला को सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर किया गया। इसी क्रम वन विभाग के फोरेस्टर और रेंजर को घटना की सुचना कोलेबिरा मुखिया के द्वारा दिया गया। जिसके बाद फॉरेस्टर और रेंजर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलेबिरा बुलाया गया। जहां वन विभाग की ओर से पीड़ित महिला के सदस्य को ?5000 की तत्कालिक सहयोग राशि उपलब्ध कराई गई। साथ में आगे और भी नियमानुसार घायल महिला को सहयोग करने का आश्वासन वन विभाग के रेंजर के द्वारा दिया गया।

ग्राम सभा का अधिसूचना बोर्डगड़ी कार्यक्रम आयोजित, बोले खुशीराम कुमार

अपने अधिकारों को हासिल करने के लिए जागरूक हो

नवीन मेल संवाददाता

पाकरटांड। प्रखंड अंतर्गत कैरबेड़ा पंचायत के डूमरडीह राजस्व ग्राम के तुरतुरीपानी गांव में अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परम्परागत वन निवासी,वन अधिकारों की मान्यता 2006 एवं संशोधित नियम 2012 तहत सामुदायिक वन अधिकार एवं सामुदायिक वन संसाधनों पर अधिकार हेतु अधिनियम की धारा 3(1) का (झ) एवं धारा 5 के तहत गांव के परंपरागत सीमा के अंतर्गत ग्राम सभा का अधिसूचना बोर्ड गड़ी ग्राम सभा अध्यक्ष मिखाइल लकड़ा के नेतृत्व में गांव के पाहन देवकरण बैगा द्वारा विधिवत पूजन करते हुए किया गया। इस शुभ अवसर पर झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन जनसंगठन अनूप लकड़ा,

खुशीराम कुमार एवं बिनीता खाखा (मुखिया कैरबेड़ा) को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर खुशीराम कुमार ने कहा कि वनाधिकार कानून 2006 एक केंद्रीय कानून है जो जम्मू और कश्मीर को छोड़कर सम्पूर्ण भारत में लागू है। अब हमारे लोगों को कानून की जानकारी रखना होगा और अपने अधिकारों को बढ़ चढ़ कर लेना होगा। जल जंगल जमीन हमारे पूर्वजों के द्वारा दिया हुआ विरासत है। इसे हमें हर हाल में बचाकर रखना होगा चूंकि जंगल हमारी आजीविका के साथ साथ संस्कृति भी है। पृथ्वी और पानी को बचाने के लिए जंगलों को रहना जरूरी है। इसलिए पेडों की कटाई को रोकना होगा। मौके पर अनूप लकड़ा ने कहा कि वन पट्टा अभी तक सरकार द्वारा निर्गत नहीं करना यह बहुत बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण है ऐसा लगता है कि यहाँ के लोगों को उनके अधिकारों से वंचित रखने की मानसिकता को दशार्ता है। ग्राम सभा की अधिसूचना बोर्ड गड़ी हमारे अधिकार के क्षेत्रों को उपयोग, सरंक्षण एवं प्रबंधन करने का अधिकार प्राप्त है।इसलिए अपने क्षेत्रों में बोर्ड गड़ी कार्यक्रम किया जाता है।कभी कभी देखा जाता है है कि कुछ दलाल किस्म के लोगों के द्वारा गाँव की एकता को अपने स्वार्थ के लिए तोड़ने का प्रयास किया जाता है इससे बचना होगा और अपने एकता बरकरार रखना होगा। इस कार्यक्रम में महेश महतो,अनिल कुजूर, प्रदीप डुंगडुंग,सरण कुजूर, मनबोध बड़ाईक केशव प्रधान,एलिसबा किंडो, ब्रिजिनिया कुजूर, पुष्पा लुगुन, सीता देवी, महेश प्रधान सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

नप उपाध्यक्ष ने रामायण सीरियल के प्रसारण का शुभारंभ किया

आपसी भाईचारे से मनाया जाता है पर्वः लता

नवीन मेल संवाददाता

श्री बंशीधर नगर। सब्जी बाजार में जय भामा शाह क्लब द्वारा दुर्गा पूजा के अवसर पर रविवार की रात्रि में रामायण सीरियल के प्रसारण का शुभारंभ किया गया.रामायण सीरियल के प्रसारण का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पंचायत उपाध्यक्ष लता देवी एवं विशिष्ट अतिथि पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष शंभूनाथ सौदागर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर व फीता काट कर किया. रामायण सीरियल का प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से किया जा रहा है। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष लता देवी ने कहा कि नवरात्रि पर्व काफी पवित्र पर्व है। जय भामा शाह क्लब द्वारा विगत कई वर्षों से दुगार्पूजा के अवसर पर रामायण सीरियल दिखाया जा रहा है। सोमवार से शारदीय नवरात्र प्रारंभ हो रहा है,

पूरा इलाका भक्तिमय हो जायेगा। उन्होंने कहा कि दुगार्पूजा आपसी भाईचारे के साथ मनाया जाता है। उन्होंने लोगों से आपसी भाईचारे के साथ पर्व को मनाने व शांतिपूर्ण तरीके से रामायण सीरियल को देखने की अपील की। चेंबर अध्यक्ष ने कहा कि रामायण सीरियल देखने और सुनने के साथ-साथ उससे सीख लेने एवं अपने जीवन मे उतारने की जरूरत है तभी रामायण देखना सफल होगा. मौके पर क्लब के संरक्षक भारत भूषण प्रसाद, कामेश्वर प्रसाद, अध्यक्ष विरेंद्र प्रसाद अग्रेहरी, कार्यकारी अध्यक्ष रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू, उपाध्यक्ष अजीत केशरी, कोषाध्यक्ष नित्यानंद कुमार, कामता प्रसाद, मंटू प्रसाद, हृदयानंद कमलापुरी, ओमप्रकाश गुप्ता उर्फ मुन्ना,नीरज कुमार, आशीष कुमार गुप्ता, अमित कुमार गुड्डू, सत्यप्रकाश, जितेंद्र ठाकुर, दिनेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

पुरियो मुखिया ने ग्रामीणों को समझाया ग्राम सभा का महत्व

नवीन मेल संवाददाता

बेड़ो। बेड़ो प्रखंड के पंचायत भवन पुरियो में सोमवार को ग्राम प्रधान जयराम कच्छप की अध्यक्षता में ग्रामसभा का आयोजन हुआ। जिसमें पंचायत मुखिया नीरज कुजूर ने ग्रामीणों को ग्रामसभा का महत्व समझाया। वहीं लोगों से अधिकाधिक संख्या में ग्रामसभा में उपस्थित होने का आग्रह किया। इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को सरकार द्वारा चल रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए योजना का चयन भी किया। मौके पर उपमुखिया विजय उरांव, सभी वार्ड सदस्य, कृषक मित्र बिंदेश्वर महतो, विधायक प्रतिनिधि,अर्जुन महतो, लालू उरांव, सुरज उरांव, प्रमिला उरांव व अशोक महली सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त, चालक व नाबालिग गंभीर रूप से घायल

चिनियां। प्रतिनिधि चिनिया थाना क्षेत्र के विलैतीखैर पंचायत के के रानीचेरी मस्जिद के पास ट्रैक्टर असंतुलित होकर गड्ढे में चले जाने के कारण ट्रैक्टर चालक चरकु कोरवा व एक नाबालिक लडका मिथलेश कोरवा घायल हो गया। घायलों में ट्रैक्टर चालक चरकू कोरवा गंभीर बताया जा रहा है। जिसे ग्रामीणों के सहयोग से प्राथमिक उपचार के बाद गढ़वा रेफर कर दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि चालक नशे की हालत में था ट्रैक्टर चिनिया मुख्यालय अर्जुन साव का बताया जा रहा है। खबर लिखे जाने तक घटनास्थल पर पुलिस नहीं पहुंची थी। बताते चलें कि चिनिया प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रैक्टर चालक एवं उस पर काम करने वाले छोटे-छोटे नाबालिग धड़ल्ले से बाल श्रम करते हैं। जिससे नासमझी में कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

विधायक भूषण बाड़ा की पहल पर ढोलक बजाकर जागरूक करेगी महिलाएं

मानव तस्करी सहित अन्य विषयों पर दी जायेगी जानकारी

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। झारखंड सरकार के मुख्य उपसचेतक सह विधायक भूषण बाड़ा और उनकी धर्मपत्नी सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने आधुनिकता के इस दौर में विलुप्त हो रही भाषा संस्कृति को एवं मानव तस्करी पर रोक लगाने के लिए सराहनीय पहल किया है। सोमवार को विधायक भूषण बाड़ा और उनकी पत्नी ने पाकरटांड़ के दीपावली महिला ग्रुप को एक ढोलक, ढपली, ड्रेस, चुन्नी दिया। साथ ही समूह की महिलाओं को पाकरटांड़ के अंतिम गांवों में जाकर लोगों को मानव तस्करी, पलायन, अंधविश्वास, नशापान, झाड़-फूंक, मॉब लिंचिग, बाल मजदूरी आदि के बारे जारुकत करने का निर्देश दिया। वहीं महिलाओं को महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरुक करने की भी अपील की। विधायक भूषण बाड़ा और जिप सदस?य जोसिमा खाखा द्वारा क्षेत्र की महिलाओं को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरुक करने की जिम्मेवारी दिए जाने से यह पहल क्षेत्र में मानव तस्करी रोकने एवं पलायन रोकने में कारगर साबित होगा। इससे आने वाले दिनों में क्षेत्र के लोगों में जागरुकता आएगी। इसका बेहतर रिजल्ट मौके पर कांग्रेस नेता अजित लकड़ा, डेविड तिर्की सहित महिला समूह की उर्मिला देवी, उर्मिला मुंडा, इंदुमती किड़ो, उज्ञमती देवी, यशोदा देवी, हेमवती, कुल्लू, सरिता डुंगडुंग, मोजेसता कुल्लू आदि उपस्थित थे।

महिलाएं खुद ढोलक और ढपली बजाकर करेंगी जागरुक

विधायक ने ढोलक और ढपली देते हुए महिलाओं को गांवों में जाकर बिलुप्त हो रही भाषा सांस्कृति को भी बचाने के लिए जागरुक करने का निर्देश दिया। महिलाओं ने बताया कि उनकी टीम में शामिल कई महिलाएं ढोलक एवं ढपली बजाती है। उन्होंने कहा कि वो लोग स्वयं ढोलक और ढपली बजाते हुए नक्कड़ नाटक के माध्यम से क्षेत्र में जागरुकता फैलाएंगे।

जागरुकता से ही रोका जा सकता है अंधविश्वास व पलायनः विधायक

विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि जागरुकता अभियान चलाकर मानव तस्करी, डायन कूप्रथा, अंधविश्वास जैसी कुरितीयों को रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि सिमडेगा जिले से अंधविश्वास, मानव तस्करी, पलायन, नशापान को पुरी तरह से खत्म करना है। वहीं जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि ग्रामीण नुक्कड़ नाटक टीम का सहयोग करें। साथ ही नाटक के माध्यम से दी जाने वाली जानकारी को आसपास के लोगों में भी साझा करें। ताकि अधिक से अधिक लोगों तक जागरुकता का यह संदेश पहुंचाया जा सके।

रेस परियोजना कोलेबिरा के सहयोग से एलईडी असेम्बलिंग यूनिट का संचालन

नवीन मेल संवाददाता

कोलेबिरा। रेस परियोजना कोलेबिरा के सहयोग से एलईडी असेम्बलिंग सेंटर का संचालन कोलेबिरा में किया जा रहा है। रेस परियोजना द्वारा युवाओं का चयन कर उन्हें टेक्निकल प्रशिक्षण देकर, बिजनेस उद्यमी के रूप मे खड़ा किया जा रहा है। जिसमे से एक एलईडीअसेम्बलिंग यूनिट कोलेबिरा मे स्थापित किया गया है। इसके अंतर्गत कोलेबिरा सेंटर मे अब 9 वाट, 10वाट, 12वाट, 20वाट, टी. बल्ब का प्रोडक्ट खुद बनाकर तैयार किया जाता है, जिसे मार्केट में कम दर पर उपलब्ध कराकर गारंटी व वारंटी के साथ लोगों के बीच में उपलब्ध कराया जाता है। तैयार किया गया प्रोडक्ट रेस सिमडेगा के नाम से बाजार में उपलब्ध है। शुरूवाती चरण में 500 से भी ज्यादा एलईडी बल्ब का विक्रय खुद

असेंबल कर मार्केट मे बेच दिया गया, साथ ही उद्यमियों के आमदनी में बढ़ोतरी की गयी। सभी चयनित उद्यमी असेंबलिंग सेंटर में उपस्थित होकर मैन्युफैक्चरिंग का काम करते हैं। वही गांव से जो भी एलईडी खराब रहती है, उसको लाकर भी असेंबलिंग सेंटर में कम दर पर रिपेयर किया जाता है और प्रोडक्ट भी तैयार करते हैं। रेस परियोजना तकनीकी सपोर्ट देकर एक सफल उद्यमी बनाने में सहयोग कर रहे हैं।

न्यूज गैलरी

नदी घाट सहित अग्रवाल गली की हुई सफाई, सड़क पर हुआ जल छिड़काव

बरही। नवरात्रि के शुभ अवसर पर पूर्वी मुखिया मीनू देवी के सौजन्य से सूर्य मंदिर स्थित बड़ी नदी जाने का मार्ग एवं अग्रवाल गिरी की सफाई करवाई गई। इसके साथ ही बड़ी चौक पर लगे मास्क लाइट को भी मरम्मत कराया गया। उक्त जानकारी देते हुए पूर्व मुखिया छोटन ठाकुर ने बताया कि शीघ्र ही अग्रवाल गली का जीर्णोद्धार किया जाएगा। इसके साथ ही धनबाद रोड के सुंदरीकरण का भी काम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मां फ्लाइट में सभी बल एवं उपकरण बदले गए हैं जिससे यह लंबे समय तक चल सके। कोबरा बटालियन की ओर से किया गया जल छिड़काव। नवरात्रि के अवसर पर कलश यात्रा के पूर्व कोबरा 203 वाहिनी के द्वारा बरही के चारों प्रमुख मार्गों पर जल छिड़काव किया गया। इस कार्य में वाहिनी के पीआरओ पंकज कुमार यादव सहित कई जवान शामिल थे।

फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

बरकट्ठा। थाना क्षेत्र के फरार अभियुक्त झब्बू नायक, पिता बुधू नायक ग्राम गंगपाचो को थाना कांड संख्या 117/ 22 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है ।इस संबंध में थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी। बताया कि माह जुलाई में थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम वरवां निवासी संजय ठाकुर, पिता रीतलाल ठाकुर की हत्या कर दी गई थी जिसके तहत कांड में तीन आरोपियों को पूर्व में जेल भेजा जा चुका है तथा कांड में संलिप्त अन्य अभियुक्तों के विरुद्ध छापेमारी की जा रही है।

कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ आस्था का महापर्व दुर्गा पूजा

पदमा। पदमा प्रखंड के चंपाडीह, नावाडीह, सरैया और पदमा में दुर्गा पूजा कलश स्थापित कर हुआ शुरू। महिलाओं एवं कुंवारी कन्याओं ने दुर्गा मंडप पदमा बाजार से कलश लेकर पंचायत के विभिन्न गांवों से होते हुए केवटा नदी तट पर पहुंची। यहां पुरोहित ने विधि विधान से कलश में जल भरवाकर क्षेत्र के विभिन्न गलियों से होते हुए दुर्गा स्थान पहुंचे जहां कलश स्थापित किया गया। इस मौके पर पदमा पंचायत के मुखिया अनिल मेहता, उपमुखिया अजय मेहता, समाजसेवी संदीप कुमार, पंस सदस्य प्रतिनिधि गोरीशंकर सिंह, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र मेहता, पूर्व उपमुखिया प्रकाश ओझा, पूजा समिति के अध्यक्ष पंकज सिंह, उपाध्यक्ष बीरेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष रवि कुमार, राजा यादव, अमरदीप कुमार, पंकज सिंह, नवल किशोर प्रसाद, बचन राम, रौशन उर्फ डब्लू सिंह, सुरेंद्र रिखयासन, सुरेश सिंह, पुरोहित नेपाली पांडेय, कैलाश पांडेय बिनोद पांडे, उमा कांत पांडेय, संजय चौबे के अलावा सैकडों की संख्या में महिलाएं एवं कुंवारी कन्याएं के साथ पंचायत के प्रतिनिधि, ग्रामीण उपस्थित रहे।

अधर में लटका शिक्षकों का सेवा संपुष्टि का मामला

हजारीबाग। जिले के सरकारी शिक्षकों का सेवा संपुष्टि का मामला अधर में लटका हुआ है। वर्षो बाद भी सेवा संपुष्टि नहीं की गई। अब जाकर सेवा संपुष्टि की याद विभाग को आया। इसके बाद शुरू हुई सर्विस बूक की खोज। पहले प्रखंड से बीइइओ ने सर्विस बूक में प्रविष्टियां दर्ज कर डीएसइ कार्यालय को भेज दिया। संपुष्टि की आस में सेवा पुस्तिका डीएसइ कार्यालय में महिनों पड़ा रहा। इसके बाद इसे पुन: बीइइओ को लौटा दिया गया। डीएसइ ने अगस्त में यह कहते हुए सेवा पुस्तिका लौटा दिया कि इसमें कुछ सेवा पुस्तिका में अद्यतन प्रविष्ट नही किया गया है। कई प्रखंडो से प्राप्त अनुशंसा भी त्रुटिपूर्ण है। ऐसे में सवाल उठता है कि जिन शिक्षकों की सेवा पुस्तिका में अद्यतन प्रविष्ट की हुई है और उसमें त्रुटि भी नही है तो फिर ऐसे सर्विस बूक को डीएसइ कार्यालय से क्यों बीइइओ को लौटा दिया गया।

अवैध महुआ शराब के विरुद्ध छापेमारी

मरकच्चो। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रविवार को मरकच्चो थाना पुलिस एवं उत्पाद विभाग द्वारा अवैध महुआ शराब के विरुद्ध विभिन्न होटलो मे छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान कर दिनेश्वर यादव पिता स्व देवत यादव साकिन पांडेयडीह मरकच्चो मध्य पंचायत के दुकान से 8 लीटर महुआ शराब, वहीं कारी पहाड़ी नवादा में रामेश्वर राणा पिता स्व थामी राणा के द्वारा संचालित होटल से 10 लीटर अवैध महुवा शराब को जप्त किया गया। इन दोनो के पास से कुल 18 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वही आवश्यक कार्यवायी हेतु उत्पाद विभाग को सौंपा दिया गया। छापेमारी में थाना प्रभारी सुमित साव,एसआई कुंदन कुमार, एएसआई उमेश सिंह व पुलिस जवान शामिल थे।

पंजाबी हिन्दू बिरादरी के पूर्व अध्यक्ष मनोहर लाल मारवाह का निधन

रामगढ़। पंजाबी हिन्दू बिरादरी के पूर्व अध्यक्ष सह समाजसेवी व माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य मनोहर लाल मारवाह (78 वर्ष) का सोमवार की सुबह 11 बजे निधन हो गया। उनकी शव यात्रा उनके निवास स्थान झंडा चौक स्थित मारवाह गली से मंगलवार की सुबह 11 बजे गांधी घाट के लिए निकाली जाएगी। स्व मनोहर लाल मारवाह अपने पीछे तीन पुत्र व एक पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं।

प्रवासी मजदूर की हैदराबाद में मौत से गांव में पसरा मातम

बरकट्ठा। प्रखंड अंतर्गत बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत के बरकट्ठाडीह निवासी कारु यादव पिता बबुन यादव का शव पहुंचते ही क्षेत्र में मातम पसर गया।हर किसी की आंखें नम हो गई। लोगों के मुताबिक मृतक हैदराबाद में नौकरी करता था और दशहरा में अपने पर घर आने के लिए टिकट भी कटाया था। लेकिन दशहरा की खुशियां मातम में बदल गई। खबर पाते ही विधायक अमित कुमार यादव पीड़ित परिवार के घर पहुंचे तथा परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिया। विदित हो मृतक कारु यादव अपने घर का अकेला कमाने वाला व्यक्ति था। जिस पर मां पिता और पत्नी के अलावे तीन छोटे बच्चे आश्रित थे। कारु यादव के निधन से परिजनों पर मुसीबतों का पहाड़ टूट गया है। वहीं परिजनों को रो रो कर बुरा हाल है। मौके पर मुखिया अब्बास अंसारी, जागेश्वर यादव, रामखेलावन यादव, बालदेव यादव, मनोज पासवान, अनवर अंसारी, पंकज यादव, महेश यादव, विजय मोदी, प्रकाश यादव, महादेव साव, दशरथ यादव, प्रमेश्वर यादव, लखन यादव, रोहित यादव, महादेव यादव समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

स्वच्छता के मद्देनजर डीसी ने किया नगर परिषद के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण, कहा

वैज्ञानिक पद्धति के माध्यम से करें कचरे का प्रबंधन

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। स्वच्छता के मद्देनजर सोमवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा ने नगर परिषद रामगढ़ अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सेवटा वार्ड संख्या 7, कैथा वार्ड संख्या 26, सांडी वार्ड संख्या 2 एवं ट्रेंचिंग ग्राउंड वार्ड संख्या 30 सहित अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए नगर परिषद द्वारा क्षेत्र को स्वच्छ रखने की दिशा में किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद मोहम्मद जावेद हुसैन सहित अन्य अधिकारियों को वार्ड क्षेत्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करने एवं

स्वच्छता कार्यों का जायजा लेने का निर्देश दिया। उन्होंने जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने हेतु विभिन्न माध्यमों का इस्तेमाल करते हुए लोगों को जागरूक करने व योजनाबद्ध तरीके से इस संबंध में कार्य करने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। प्रकृति के मद्देनजर उपायुक्त ने कचरा प्रबंधन हेतु वैज्ञानिक तकनीकों का इस्तेमाल करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि कचरे का प्रबंधन वैज्ञानिक पद्धति एवं समय से होना अतिआवश्यक है जिससे कि क्षेत्रों में जलजमाव, जलजमाव से उत्पन्न होने वाली समस्याएं तथा जल स्त्रोतों, भूमि एवं वायु को दूषित होने से बचाया जा सके। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने आम जनों से कहा कि स्वच्छता बनाए रखने में आपका योगदान बहुत महत्वपूर्ण है। इस लिए आप सभी अपने क्षेत्र को स्वच्छ बनाए रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करें। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद रामगढ़ मोहम्मद जावेद हुसैन, सिटी मैनेजर प्रीतम कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

चरही क्षेत्र में नौ दिवसीय शारदीय नवरात्र प्रारंभ

नवीन मेल संवाददाता

चरही। चरही तथा कोयलांचल क्षेत्र में सोमवार की सुबह नौ दिवसीय शारदीय नवरात्रि प्रारंभ हो गया है। इस शुभ अवसर पर घरों और विभिन्न दुर्गा मंदिरो में कलश स्थापित कर भगवती दुर्गा की प्रथम स्वरूप माता शैली पुत्री की पूजा-अर्चना ब्रह्मणों द्वारा विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ कराया गया। महाआरती के बाद मंदिर प्रांगण में उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया। पाठ और संध्या महाआरती के बाद कीर्त्तन मंडली देर रात तक भजन-कीर्तन करते रहे। चारों ओर उत्साह और खुशी का माहौल है। शंख ध्वनि गूंजने लगा है। मंदिरों और पंडालों को विधुत साज-सजा से सजाया जा रहा है। क्षेत्र में चहल-पहल बढ़ने लगी है। पहले दिन की पूजा से ही विभिन्न दुर्गा मंदिरों में लोगों की भीड़ लगनी शुरू हो गई है। कोरोना महामारी के दौरान दो साल तक शारदीय नवरात्र भव्य तरीके से नहीं मनाया गया। इस वर्ष भव्य तरीके के साथ मनाया जा रहा है। कई जगहों पर मेला और रावण दहन कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है। इससे क्षेत्रवासी काफी खुश दिखाई दे रहे हैं। मेला और रावण दहन के दिन पूजा कमेटियों के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम करने में लगे हुए हैं। मंदिर प्रांगण में पंडाल और भगवती दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती, गणेश, कार्तिकेय और महिसासुर की प्रतिमाओं के निर्माण का कार्य जोर-शोर से किया जा रहा है।

भाजपा जिला समिति ने सेवा पखवाड़ा के तहत देश के विभिन्न व्यंजनों का लगाया स्टॉल

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव पर भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। सेवा पखवाड़ा के तहत सोमवार को शहर के सुभाष चौक के निकट जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता की उपस्थिति में देश के विभिन्न राज्यों के लजीज व्यंजनों का स्टॉल लगाया गया। जहां उपस्थित सभी लोगों ने मामुली शुल्क भुगतान कर देश के विभिन्न राज्यों के व्यंजनों का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम के प्रभारी पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू एवं सह प्रभारी डॉ संजय सिंह (पतरातू) बनाये गये थे। उनके निर्देश पर महिला मोर्चा की कोषाध्यक्ष स्नेहा गुप्ता,मुन्नी देवी,धर्मशीला देवी,रीना देवी सहित अन्य महिलाओं ने अपने घर से विभिन्न तरह के लजीज व्यंजन तैयार कर सुभाष चौक के निकट स्टॉल लगाया। मौके पर

नेताओं ने महिला कार्यकर्ताओं के स्वादिष्ट व्यंजन का शुल्क भुगवान कर लुत्फ उठाया। जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकल फॉर वोकल मंत्र को बढ़ावा देने के लिए पार्टी की तरफ से यह कार्यक्रम किया गया। जिसमे स्थानीय पकवानों को भी प्रचारित किया गया। जबकि कार्यक्रम प्रभारी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू ने कहा की विविधता में एकता हमारी पहचान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव पर सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसका समापन आगामी 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की की जयंती पर होगा। कुंटू बाबू ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के तहत 26 सितंबर को सुभाष चौक के समीप देश के विभिन्न राज्य के व्यंजनों का स्टॉल लगाया गया। कहा कि हमारी पहचान विविधता में एकता है उसी के तहत देश के विभिन्न राज्य के व्यंजनों का स्टॉल लगाया गया। जहां उपस्थित लोगों ने मामुली शुल्क भुगतान कर व्यंजनों का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता रंजीत सिन्हा, महामंत्री खिरोधर साहू, रंजन फौजी, उपाध्यक्ष बलराम महतो, राजीव पामदात, मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी, सोशल मीडिया प्रभारी संतोष शर्मा, कैंट मंडल महामंत्री सूर्यवंश श्रीवास्तव, सांसद प्रतिनिधि मनोज जायसवाल, नमेंद्र चंचल, जितेंद्र साहू, विनोद कुमार, महिला मोर्चा कोषाध्यक्ष स्नेहा गुप्ता, मुन्नी देवी, धर्मशीला देवी, रीना देवी आदि शामिल हुए।

नवरात्र के पहले दिन हुआ मां शैलपुत्री का पूजन

नवीन मेल संवाददाता

मरकच्चो। शारदीय नवरात्रि की शुरूआत 26 सितम्बर से हो गई है। शारदीय नवरात्रि का व्रत और पूजन हिंदी पंचांग के अश्विन माह के शुक्ल पक्ष में होता है। नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ रूपों के पूजन का विधान हैं, जिन्हें नवदुर्गा कहा जाता है। पहले दिन मां दुर्गा के शैलपुत्री रूप का पूजन होता है। वही प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में बुधवार को माँ दुर्गा के शैलपुत्री का पूजा पूरे विधी विधान से हुआ। देवी भागवत पुराण के अनुसार माता सती ने प्रजापति दक्ष के यज्ञ विध्वंस के लिए आत्मदाह कर दिया था। उन्होंने एक बार पुनः मां शैलपुत्री के रूप में पर्वतराज हिमालय के घर में जन्म लिया था। पर्वतराज की पुत्री होने कारण ही इन्हें शैलपुत्री कहा गया। मां शैलपुत्री को धूप, दीप, फल, फूल, माला, रोली, अक्षत चढ़ा कर पूजन किया जाता है। मां शैलपुत्री को सफेद रंग प्रिय है, इसलिए उनको पूजन में सफेद फूल और मिठाई अर्पित करना चाहिए। इसके बाद मां शैलपुत्री के मंत्रों का जाप कर, पूजन का अंत मां शैलपुत्री की आरती गा कर करना चाहिए।

टाटीझरिया के युवक की मुंबई में मौत

दारू। टाटीझरिया प्रखंड के अमनारी निवासी नरेश कुमार (30) पिता विनय महतो की मौत मुंबई में हो गई। मौत कैसे हुई इसका स्पष्ट कारण किसी को नहीं पता है। सोमवार सुबह उसका शव मुंबई में निमार्णाधीन अपार्टमेंट के लिफ्ट में मिला। वह 22 सितंबर को गांव के अपने दो दोस्तों के साथ रोजी-रोटी के लिए मुंबई गया था। जानकारी के अनुसार नरेश मुंबई में पिछले कई वर्षों से भवन निर्माण कार्य में दैनिक मजदूरी का काम किया करता था। समय-समय पर वह घर अमनारी आता था। रविवार की रात दोस्तों के साथ खाना खाकर सोया। सुबह जब लोगों की नींद खुली तो वह वहां मौजूद नहीं था। सभी ने मिलकर खोजबीन शुरू की तो उसे लिफ्ट में मृत पाया। इसकी सूचना अपार्टमेंट निर्माण कार्य के ठेकेदार सरिया निवासी नागेश मंडल और स्थानीय थाना को दी गई। नरेश शनिवार को ट्रेन से मुंबई पहुंचा था और वहां जाने के बाद एक निमार्णाधीन भवन में सोमवार से उसको काम करना था और उसी सुबह उसकी मौत हो गई। घटना की खबर मिलने पर घर में शोक का माहौल हो गया और चीख पुकार से हर तरफ का माहौल गमगीन हो गया।

कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र अनुष्ठान शुरू

माता वैष्णों देवी मंदिर में नवरात्र के पहले दिन उमड़ी भक्तों की भीड़

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर में सोमवार को शारदीय नवरात्र के पहले दिन ही श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ी। मंदिर के पुजारी पंडित लीलाधर शर्मा ने नवरात्र पूजन के यजमान शिवम चड्ढा व उनकी पत्नी निशा चड्ढा से कलश स्थापना कराने के बाद विधिवत पूजन आरंभ किया। नौ दिवसीय इस नवरात्र अनुष्ठान के अवसर पर माता वैष्णों देवी मंदिर सहित पूरे मंदिर परिसर को फूलों एवं विद्युत सज्जा कर आकर्षक बनाया गया है। सोमवार की अहले सुबह 5:00 बजे से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पूरा मंदिर परिसर भक्तों के जयकारे से गुंजायमान होता रहा। माता के भक्तों की भीड़ को देखते हुए पंजाबी हिन्दू बिरादरी एवं माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने भक्तों की सुविधा हेतु व्यापक प्रबंध किए हैं। पंजाबी हिन्दू बिरादरी व माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सूरत चन्द्र वासुदेव एवं सचिव महेश मारवाह के अलावे बिरादरी के सभी सदस्य नवरात्र के अवसर पर आगामी 2 अक्टूबर को महिला मंडली द्वारा कीर्तन एवं 4 अक्टूबर को होने वाले भंडारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रयासरत हैं।

ढोल बाजे के साथ निकला कलश यात्रा

विधायक सहित कई लोग हुए शामिल

नवीन मेल संवाददाता

बरही। सोमवार को सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के ओर से निकाले गए कलश यात्रा में बतौर मुख्यातिथि विधायक सह विस निवेदन समिति उमाशंकर अकेला शामील हुए। ढोल बाजे के साथ निकली कलश यात्रा में बरही के कई जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, प्रबुद्धजन सहित श्रद्धालु शामिल हुए। जो दुर्गा मंदिर से निकलकर बरही नदी घाट पहुंचा। जहां वेदोच्चार के बीच पवित्र जल कलश में भरा गया। जिसे मुख्य अतिथि के द्वारा श्रद्धालुओं को देकर जलयात्रा के लिए रवाना किया गया। इस यात्रा में सैकड़ो महिला पुरूष बच्चे व श्रद्धालु शामील हुए। मौके पर विधायक ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नवरात्रि का पावन त्यौहार सुख समृद्धि और शांति का प्रतीक है माता रानी की कृपा से पूरे विधानसभा क्षेत्र सहित राज्य व देश का कल्याण हो। कलश यात्रा में अध्यक्ष सुनील साहू, मुखिया सिकंदर राणा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, दीपक राणा, मनान वारसी, मोती सिंह, पूजा समिति के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सहित कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

दूसरी बार एआईएफएफ में उमेश गोप का हुआ चयन, बधाईयों का लगा तांता

बरही। आल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन में उमेश गोप का दूसरी बार बतौर रेफरी चयन होने पर बीएसए संरक्षक अब्दुल मन्नान वारसी सहित बीएसए के अधिकारियों एवं खिलाड़ियों ने शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी है। विदित हो कि यह युवा खिलाड़ी झारखंड के चतरा जिला अंतर्गत म्यूरहन्ड प्रखंड के ढोढ़ी मधनिया का रहने वाला है। बीएसए संरक्षक ने बताया कि झारखंड में प्रतिभाओं की कमी नहीं है उन्हें सिर्फ सही दिशा निर्देशन एवं मार्गदर्शन की आवश्यकता है। इनका चयन हम सबों को गौरवान्वित किया है जो झारखंड के लिए गर्व का विषय है। बधाई देने वालो में बीएसए सचिव बलराम केशरी, अध्यक्ष नौशाद अहमद, धर्मपाल केशरी, अविनाश कुमार, रौशन राणा, कुलदीप कुमार, अनिल रजक, भोला रजक समेत अन्य पदाधिकारी व खिलाडी शामिल है। उन्होंने कहा कि इनसे ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। अब इन्हें संतोष ट्रॉफी, बीसी राय, आई लीग डुरंड कप, सिक्किम गोल्ड कप खेलाने का मौका मिलेगा। विदित हो कि चलें रेफरी का चयन पूरे भारत स्तर पर किया जा रहा है। उनका चयन ग्वालियर मध्य प्रदेश में हुआ है।

विहिप बजरंग दल का संगठन विस्तार, अध्यक्ष बने संजय पंडित

बरकट्ठा। प्रखंड के बेड़ोकला हनुमान मंदिर परिसर में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का संगठन विस्तार कार्यक्रम के तहत बेडोकला पंचायत कमेटी का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव व संचालन प्रखंड मंत्री सत्यम भारती ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष अरविंद मेहता,जिला सह मंत्री सह पालक गुरुदेव गुप्ता, जिला गौ रक्षा प्रमुख इंद्रदेव प्रसाद, प्रखंड धर्म प्रचार प्रमुख धीरज गुप्ता,मार्गदर्शन मंडली रामचंद्र प्रसाद चौधरी, बेलकप्पी सहमंत्री गणेश नायक उपस्थित थे।सर्वसम्मति से बेड़ोकला पंचायत दुगार्वाहनी संयोजिका उमा कुमारी,सह संयोजिका संजू कुमारी, अध्यक्ष संजय पंडित,उपाध्यक्ष रंजीत कुमार शर्मा, मंत्री सुरेंद्र यादव, सहमंत्री अरुण कुमार पासवान, संयोजक मनोज गुप्ता, सह संयोजक टिंकू साव, सत्संग प्रमुख अर्जुन कुमार, मिलन प्रमुख उमेश गुप्ता,गौ रक्षा प्रमुख बिनोद ठाकुर, सामाजिक समरसता प्रमुख दशरथ पंडित, सेवा प्रमुख गांधी रजक, विद्यार्थी प्रमुख कुंदन रजक को बनाया गया। बैठक में रविन्द्र शर्मा, शिव कुमार यादव, रंजीत कुमार, सूरजदेव पंडित,अरमान कुमार, हेमलाल पंडित, पिंटू कुमार, राजेश रजक समेत अन्यलोग उपस्थित थे।

प्रशासन ने अवैध बालू के विरुद्ध चलाया अभियान, चार ट्रैक्टर पकड़े

नवीन मेल संवाददाता

चौपारण। प्रखंड में बड़े पैमाने पर अवैध बालू की तस्करी के विरुद्ध डीएमओ के निर्देश और प्रदत्त अधिकारियों के साथ बीडीओ सह सीओ प्रेमचंद सिन्हा पुलिस जवानों के साथ छापेमारी अभियान चलाया। अभियान में सीओ ने अवैध बालू लदे चार ट्रैक्टर पकड़ा। पकड़े गए ट्रैक्टरों को स्थानीय थाना प्रभारी शम्भूनंद ईश्वर को लिखित शिकायत कर

ट्रैक्टर और मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया। अभियान टीम के पदाधिकारी ने बताया कि छापेमारी अभियान की जानकारी बालू तस्करों तक पहुंच जाने के कारण नदी घाट और रास्ते से दर्जनों ट्रैक्टर भागने में सफल रहा। बीडीओ सह सीओ ने कहा कि दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्त कर बालू तस्करों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाएगा।

राजनीतिक पैरवी और दबाव के कारण बालू तस्करों के मनोबल बढ़ रही है। थाना प्रभारी ने कहा कि प्रशासनिक कार्रवाई में पुलिस हर संभव मदद करेगी।

बीडीओ ने बताया कि छापेमारी अभियान में पकड़े गए ट्रैक्टर संख्या जेएच12पी-9959 का मालिक ग्राम बनऊ के विपिन सिंह पिता यशवंत सिंह, जेएच12ई-7458 का मालिक ग्राम बनऊ के यशवंत सिंह पिता स्व छकौड़ी सिंह, जेएच02बीसी-5070 के मालिक ग्राम महुदी-बारा के आनंद सागर पिता केदार सिंह पर माइनिंग एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। एक ट्रैक्टर का डीजल खत्म होने के कारण थाना नही पहुंचा था। उसके विरुद्ध भी कार्रवाई की जा रही है।

प्रोन्नति नहीं मिलने से पेयजल व स्वच्छता विभाग के सैकड़ों कनीय अभियंता निराश

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में सहायक अभियंता सहित ऊपर के पदों पर इंजीनियरों को प्रोन्नति देने के फैसले से विभाग में कार्यरत दर्जनों अभियंता निराश हैं। उनमें आक्रोश व्याप्त है कि वह अपने कैडर से ही रिटायर्ड कर जाएंगे। सहायक अभियंता पद पर प्रोन्नति नहीं मिलने से वेतन और पेंशन पर इसका असर पड़ेगा। जबकि वह वर्षो से प्रोन्नति देने की मांग सरकार से कर रहे हैं। क्योंकि बहाली के बाद एक बार भी नौकरी में प्रोन्नति नहीं मिली है। दर्जनों

कनीय अभियंता करीब 32-33 साल नौकरी में एक ही पद पर काम कर रहे हैं। हाल में ही मुख्यालय में विभागीय बैठक हुई थी। जिसमें प्रोन्नति पर निर्णय लिया जाना था। लेकिन 36 सहायक अभियंताओं को प्रोन्नति दे दी गई। वहीं कनीय अभियंता के मामले को मंत्रिमंडल में निगरानी विभाग से क्लीन चिट मिलने के बावजूद जेपीएससी में भेजने का फैसला लिया गया। चूकि जेई पद पर डिप्लोमा धारी बहाल होते हैं। अब कनीय अभियंता प्रोन्नति के मामले को जेपीएससी के पाले में डाल दिया गया है। कनीय अभियंता के ऊपर जितने भी पद हैं। सभी पदों के अभियंता दो से तीन प्रोन्नति ले चुके हैं। अभियंता प्रमुख के अधिकतर कर्मचारियों ने अपनी प्रोन्नति व्यवस्था एक्सप्रेस गाड़ी की तरह दौड़ाते हासिल कर लिया है। जबकि वह कनीय अभियंता का फाइल कछुआ गति से चला रहे हैं। किसी भी प्रोन्नति के लिए सीआर की आवश्यकता होती है। जानकारी के अनुसार कार्यपालक अभियंता ने सीआर लिखकर भेज दिया है। लेकिन सीआर महीनों से अधीक्षण अभियंता और क्षेत्रीय मुख्य अभियंता के ऑफिस की शोभा बढ़ा रहे हैं।

विभागीय मंत्री ने जेई को प्रोन्नति देने आदेश दिया है। लेकिन अधीक्षण अभियंता और क्षेत्रीय प्रमुख अभियंता कार्यालय के बाबूओ के चाल के आगे सभी फेल हैं। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंताओं को शिकायत है कि उनकी प्रोन्नति की संचिका बाबूओ की मर्जी पर निर्भर है। जेई की प्रोन्नति की संचिका कार्यपालक अभियंता से अधीक्षण अभियंता फिर क्षेत्रीय मुख्य अभियंता कार्यालय से भेजा जाता है। इसके बाद मंत्रिमंडल एवं निगरानी विभाग में स्वच्छता प्रमाण पत्र निर्गत करती है। मंत्रिमंडल एवं निगरानी विभाग से स्वच्छता प्रमाण पत्र मिलने के बाद जेपीएससी को कनीय अभियंता की प्रोन्नति की संचिका भेजी जाती है। झारखंड अभियंत्रण सेवा के पदाधिकारियों ने इस सिस्टम को कनीय अभियंता के साथ अन्याय बताते हुए विकास में बाधा बताया है। इसके लिए बाबूओ को जिम्मेदर ठहराया है। कहा है कि बाबूओ के कारण उनकी प्रोन्नति नहीं हो पा रही है।

न्यूज गैलरी

कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र प्रारम्भ

कुरडेग। उमामहेश्वर महावीर मंदिर में सोमवार को कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र समारोह प्रारंभ हो गया। दुर्गा पूजा समिति व श्रद्धालुओं के द्वारा कलश यात्रा निकाली गई।यात्रा खालीजोरा नदी तट पहूंची, जहां पंडित सूरज बीसी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार, विधि विधान के साथ श्रद्धालुओं के कलश में जल प्रवाहित कराया और वापस कलश लेकर मंदिर पहूँचे एवं देवी के समक्ष कलश स्थापना कर पूजा प्रारंभ की गई।यजमान के रूप में रिंकू गुप्ता सपत्नी निभा रहे हैं। कलश यात्रा में उमेश जयसवाल, अनुज गुप्ता,अमर जयसवाल, संतोष गुप्ता, रवि जयसवाल, गणेश जयसवाल, रोहित गुप्ता, पवन गुप्ता आदि शामिल थे।

अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ चला छापामारी अभियान, विदेशी शराब जब्त

सिमडेगा। उत्पाद विभाग के द्वारा अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया। उत्पादक अधीक्षक जितेंद्र कुमार के निर्देश पर उत्पाद विभाग के एसआई विकास कुमार निराला के द्वारा बानो प्रखंड के हुरदा और गिरदा गांव में छापामारी अभियान चलाया गया। मौके पर करीब 27 लीटर विदेशी शराब और 60 लीटर बियर बरामद किया गया। छपामारी की खबर लगते ही अवेध शराब के धंधेबाज फरार होने में सफल हुए। विभाग के द्वारा गिरदा निवासी मनोज महतो एवं बालेसर तिवारी और हूरदा निवासी टकधर साहू के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उत्पाद अधीक्षक जितेंद्र कुमार ने बताया कि अवैध शराब की बिक्री किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान जारी रहेगा। उत्पाद अधीक्षक ने आम लोगों से भी अवैध शराब की बिक्री खिलाफ विभाग को सूचना करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

इंद मेला के सफल संचालन के लिए 29 को बैठक

बानो। ऐतिहासिक लचरा गढ़ इंद के सफल संचालन के लिये 29 सितम्बर को इंद पूजा समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक 29 सितंबर को दोपहर 2:00 बजे से पंचायत भवन लचरागढ़ में आयोजित की गई हैं। बैठक में मेला समिति द्वारा मेला संचालन, मेला तैयारी, कार्यक्रम आदि बारे में चर्चा की जाएगी। उक्त जानकारी इंद पूजा समिति लचरा गढ़ अध्यक्ष तारकेश्वर सिंह व सचिव पवन अग्रवाल ने दी।

एकदिवसीय युवा उत्सव में भाग लेने के लिए ऑनलाइन पंजियन शुरू

सिमडेगा। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निदेशानुसार आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर नेहरू युवा केंद्र संगठन के द्वारा देशभर में एक दिवसीय जिला-स्तरीय युवा उत्सव मनाया जा रहा है। युवा उत्सव जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जाएगा। इसी क्रम में नेहरू युवा केंद्र, सिमडेगा द्वारा भी जिला स्तरीय युवा उत्सव मनाया जाएगा। इस उत्सव में सिमडेगा जिले के 15 से 29 आयु वर्ग के युवा भाग ले सकते हैं। कार्यक्रम में युवा कलाकार - चित्रकला प्रतियोगिता, युवा लेखक - कविता प्रतियोगिता, मोबाइल फोटोग्राफी प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, सांस्कृतिक प्रतियोगिता और युवा संवाद-इंडिया@2047 का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के विजेताओं को नगद इनाम, प्रमाण पत्र और राज्य स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने का मौका दिया जाएगा। युवा उत्सव में भाग लेने के लिए पंजीयन करना अनिवार्य है। पंजीयन की अंतिम तिथि 30.09.2022 है।

भाजपा ने लगाया देशी विदेशी व्यंजनों का स्टॉल

लोहरदगा। भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा जिला द्वारा सोमवार को सेवा पखवाड़ा के तहत एक भारत श्रेष्ठ भारत का कार्यक्रम किया गया। बरवाटोली स्थित ए वन कोचिंग सेंटर के पास देसी विदेशी व्यंजनों का स्टॉल लगाया गया। कार्यक्रम की संयोजक संगीता कुमारी, जिला कार्यसमिति सदस्य सह नगर पार्षद वार्ड नंबर 18 की पार्षद थी। स्टॉल में मुख्य रूप से बिहारी व्यंजन में गुजिया और ठेकुआ, झारखंडी व्यंजन में दाल पीठा और चटनी, चाइनीज में भेज मोमो और चटनी, गुजराती व्यंजन में ढोकला, साउथ इंडियन व्यंजन में इडली और सांभर और नारियल का चटनी की स्टॉल लगा था। जिसमे बड़ी संख्या आम लोगो के साथ कार्यकर्ता भाई बहन लोग शामिल हुए। जिसमें लगभग ढाई से 300 लोग सम्मिलित हुए। व्यंजनों का क्रय करते हुए इसका आनंद लिया। इस कार्यक्रम को करने वालों को बधाई दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष कलावती देवी, महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री सीमा सिंह, राजकुमार वर्मा, नीरज नलिन, समेला भगत,भारती सिन्हा, मीना बाखला, किरण भगत, रेखा देवी, ज्योति कुमारी, राधिका देवी, किरण सिंह, राजेश महतो, शंकर प्रजापति, मिथुन तमेड़ा आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

सेवा पखवाड़े के तहत भाजपा महिला मोर्चा ने लगाया स्टॉल

सिमडेगा। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। उसी क्रम में सोमवार को महिला मोर्चा द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत महिला मोर्चा द्वारा झारखंडी व्यंजन का स्टॉल लगाया गया। जहां कार्यकर्ताओं एवं आमजन स्टॉल में खरीद कर विभिन्न तरह के पकवानों का आनंद लिया पकवानों में धुस्का, इडली,मडुवा आटा का मोमोज, पीठा,अनरसा जैसे अनेक तरह के व्यंजन थे। मौके पर जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बढ़ाईक,सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव, पूर्व जिला अध्यक्ष संजय ठाकुर, दीपक पुरी,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सावित्री देवी फुलसुन्दरी देवी आदि मौजूद थे।

लोहरदगा में कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र शुरू

भक्तिभाव से हुई मां शैलपुत्री की आराधना

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। सोमवार को कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र शुरू हो गया। अहले सुबह से ही 'या देवी सर्वभुतेषु, शक्तिरूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः' के मंत्र से वातावरण गुंजायमान होने लगा है। वैदिक मंत्रोच्चार व विधि-विधान के साथ कलश स्थापना कर पहले दिन माता शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गयी। दिन भर लोहरदगा व आसपास के क्षेत्र दुर्गा सप्तशती के श्लोकों गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना कर माता की पूजा के साथ सप्तशती का पाठ का शुभारंभ किया। वहीं देवी मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। मंदिरों में कलश स्थापित किये गये हैं, जहां नवरात्र व्रत रखनेवाले व श्रद्धालुओं ने माता की पूजा-अर्चना कर मंगलकामनाएं कीं। मंदिर मां के जयकारे और घंटों की ध्वनि से गूंजते रहे। सुबह मंदिरों और घरों में कलश स्थापना कर देवी मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की गई। शारदीय नवरात्र के पहले दिन देवी दुर्गा के प्रथम रूप शैलपुत्री की पूजा की गयी। दुर्गा मंदिरों में शंख ध्वनि से माहौल भक्तिमय हो गया। भक्तों ने भक्ति भाव के साथ मां की आराधना की। नवरात्र के पहले दिन श्री श्री दुगार्बाड़ी मंदिर, माँ सिद्धिदात्री दुर्गा मंदिर में पूजा करने पहुंचे भक्तो की कतारें लगी। सुबह पांच बजे से ही पूजा करने श्रद्धालु यहां पहुंचने लगे। नवरात्र को लेकर मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। यहां माता रानी का भव्य श्रृंगार हुआ। मंदिर के पुजारियों ने कलश स्थापना के साथ पूजा प्रारम्भ की। मंत्रोउच्चारण से मां का आह्वान हुआ। मां के प्रथम रूप की पूजा, आरती के बाद यहां आए श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण हुआ। कन्या पूजन के दिन शक्ति मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो मंदिर कमिटी इसका भी पूरा ख्याल रखती है। नवरात्र पर शक्ति मंदिर समेत जिले के सभी मंदिरों पूजा पंडालों में कलश स्थापना के साथ पूजा-अर्चना की गई। ऐसी मान्यता है कि शैलपुत्री ने पर्वतराज हिमालय के यहां जन्म लिया था और इसी वजह से उनका नामकरण शैलपुत्री हुआ। मां शैलपुत्री की आराधना से मनोवांछित फल और कन्याओं को उत्तम वर की प्राप्ति होती है। इस प्रथम दिन की उपासना में योगी अपने मन को 'मूलाधार' चक्र में स्थित करते हैं। यहीं से उनकी योग साधना का प्रारंभ होता है। साथ ही साधक को मूलाधार चक्र जाग्रत होने से प्राप्त होने वाली सिद्धियां हासिल होती हैं। मंगलवार को माता के द्वितीय रूप ब्रह्मचारिणी दुर्गा की पूजा होगी।

नवरात्र : मां ब्रह्मचारिणी मां का पूजन आज

नवरात्र के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा होती है। देवी ब्रह्मचारिणी ब्रह्म शक्ति यानी तप की शक्ति का प्रतीक हैं। इनकी आराधना से भक्त की तप करने की शक्ति बढ़ती है। साथ ही, सभी मनोवांछित कार्य पूर्ण होते हैं। ब्रह्मचारिणी मां स्त्रियों के रूप में गुरू मानी जाती है। माँ ब्रह्मचारिणी ज्ञान का भंडार है। मां दुर्गा का यह स्वरूप भक्तों को अनंत फल देने वाला है। ब्रह्मचारिणी का अर्थ तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। मां दुर्गा का यह रूप अत्यंत भव्य और सुंदर है। इनके दाएं हाथ में जप की माला है और बाएं हाथ में यह कमंडल धारण करती हैं। यह प्यार और वफादारी को प्रदर्शित करती हैं। माँ ब्रह्मचारिणी की आराधना करने से मनुष्य को विजय प्राप्त होती हैं। मां ब्रह्मचारिणी हमें यह संदेश देती हैं कि जीवन में बिना परिश्रम के सफलता प्राप्त करना असंभव है। मां ब्रह्माचारिणी को गुड़हल का फूल और कमल बेहद प्रिय है। पूजा में इन्ही फूलों की मां ब्रह्माचारिणी को पहनाई जाती है। इनको प्रसन्न करने के लिए शक्कर का भोग लगाया जाता है। इस दिन शक्कर का भोग लगाने से घर के सदस्यों की आयु बढ़तरी है। भोग के पश्चात शक्कर दान करना भी शुभ माना जाता है। इस दिन रॉयल ब्लू शुभ रंग होता है। इसलिए इनकी पूजा रॉयल ब्लू रंग की साड़ी पहना कर की जाती है और इस दिन रॉयल ब्लू रंग का वस्त्र पहनना शुभ मानते है।

शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन जय घोष से गुंजायमान हुआ पूरा शहर

- केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में निकाली गई भव्य कलश शोभा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में निकाली गई भव्य कलश शोभा यात्रा में जनसैलाब उमड़ आया। लोहरदगा पावरगंज स्थित देवी मंदिर से अपर बाजार ठाकुरबाड़ी तक बहुत ही भव्य और आकर्षक रूप में रामचरितमानस नवाह्न पाठ की कलश की शोभायात्रा निकाली गई जिसमें महिलाओं ने भी पूरे भक्ति भाव के साथ शोभायात्रा में भाग लिया। यह विहंगम दृश्य को देखकर ऐसा लगा जैसे मां दुर्गा साक्षात अपने विभिन्न स्वरूप में कलश यात्रा की शोभा बढ़ा रही हो। सभी श्रद्धालु भगवा वस्त्र पहने हुए हाथ में भगवा ध्वज लहराते हुए मां का जयकारा लगा रहे थें। ढोल नगाड़े शंख घंट और माता के जयकारे से सारा वातावरण गुंजयमान हो गया था। सभी श्रद्धालु पूरे भक्ति भाव से मां का जयकारा लगाते हुए सोमार बाजार, बड़ा तालाब, शास्त्री चौक, गुदरी बाजार होते हुए ठाकुरबाड़ी मंदिर की तरफ अलौकिक कलश लेकर पहुंचे। जगह-जगह पर श्रद्धालुओं के द्वारा शोभायात्रा और कलश की पूजन एंव पुष्प वर्षा किया गया। कलश के रथ को आकर्षक रूप से फूलों से सजाया गया था। शांति आश्रम के बाल आचार्यगण यात्रा में मंत्रोचार करते हुए अग्रणी पंक्ति में चल रहे थे। शोभायात्रा के आगे-आगे घोड़ा चल रहा था जो आकर्षण का मुख्य केंद्र था। कलश के ठाकुरबाड़ी मंदिर पहुंच कर रामचरितमानस नवाह्न पाठ स्थल पर स्थापित किया गया और समस्त श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। शोभायात्रा में विभिन्न धार्मिक संगठन के लोग सम्मिलित होकर यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। मौके पर दुर्गा पूजा के केंद्रीय अध्यक्ष इंद्रजीत लकड़ा ने कहा कि हमें दुर्गा पूजा त्यौहार में अनुशासन एवं संयम,समय का महत्व व विजय प्राप्ती की भी सीख मिलती है,जो जीवन के कार्यों की सफलता में मार्ग बतलाता है। महामंत्री मिथुन तमेडा.ने जिला प्रशासन, जिला पुलिस प्रशासन, पत्रकार बंधु एवं सभी भक्तों का आभार प्रकट किया कहा कि विगत 2 वर्षों से करोना काल के कारण दुर्गा पूजा भव्य तरीके से नहीं मनाया जा सका है। शोभायात्रा में राजेंद्र खत्री, ओम सिंह, प्रवीण सिंह, रमेश उरांव, मोहन दुबे, अशोक यादव, जय प्रकाश शर्मा, परमेश्वर साहू, सुधीर अग्रवाल, नीरू शांति भगत, सुमित राय, सुषमा सिंह, राजीव रंजन,अशोक घोष, राहुल रजक के साथ सैकडो माता रानी के भक्त गण उपस्थित रहे।

समाज के विभिन्न वर्गों की 51 कन्याओं का हुआ पूजन

- मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मनाया गया शारदीय नवरात्र कलश स्थापना उत्सव
- छात्राओं ने प्रस्तुत किए मां दुर्गा को समर्पित गीत और नृत्य

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में सोमवार को शारदीय नवरात्र कलश स्थापना उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से समाज के विभिन्न वर्गों से 51 कन्याओं का पूजन किया गया। जिसमें सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में कक्षा अरुण से द्वितीय तक में पढ़ने वाली कन्याएं भी शामिल थी। आरंभ में सभी के पांव पखारे गए और उनका श्रृंगार किया गया। सभी को भोजन कराया गया और फल, उपहार एवं द्रव्य की दक्षिणा भी भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं के द्वारा मां दुर्गा को समर्पित गीत एवं नृत्य भी प्रस्तुत किये गये। जिन छात्राओं ने गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया उनमें नेहा कुमारी, कोमल कुमारी साहू, अल्फा कुजूर, सोनी कुमारी और प्रेरणा तिग्गा शामिल थी। इसके पूर्व मां दुर्गा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ झारखंड प्रांत के प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल ने किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय, सचिव अजय प्रसाद, सदस्य डॉ शशि कुमार गुप्ता, शोभा देवी, बिपिन कुमार दास, सुरेश चंद्र पांडे, विजय चंद्रशेखर, श्याम महतो, सरिता जायसवाल, सुनीता कुमारी, नीतू कुमारी, प्रीति कुमारी गुप्ता, आरती भगत, ऋद्धि मिश्रा, चेतना प्रिया, यशोदा कुमारी, कविता कुमारी, रश्मि साहू, रेणु कुमारी, अर्चना राय एवं सीता देवी सहित अतिथि, अभिभावक, शिक्षक शिक्षिका एवं कर्मी उपस्थित थे।

लोहरदगा में धूमधाम से निकली महाराजाधिराज भगवान अग्रसेन की शोभायात्रा

जय अग्रोहा, जय अग्रसेन, महाराजा अग्रसेन की जय आदि के नारों से गुंजायमान रहा शहर

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। अग्रवाल सभा, अग्रवाल महिला समिति व अग्रवाल यूथ सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को अग्रसेन जयंती की सुबह स्थानीय अग्रसेन धर्मशाला परिसर से महाराजाधिराज भगवान अग्रसेन की धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। सुसज्जित रथ में विराजमान महाराजा अग्रसेन की सुंदर झांकी के साथ निकली शोभायात्रा की आगे चलने वाली अग्र समाज के 18 गोत्र के प्रतीक स्वरूप पताका लहराते हुए 8 बाइक की रैली इस शोभायात्रा की शोभा और भी बढ़ा रही थी। अग्र समाज के संस्थापक अग्रसेन महाराज की 5146 वीं जयंती को लेकर सुबह से ही अग्रसेन भवन में गहमागहमी का माहौल था। सुबह से ही अग्रवाल समाज के लोगों का यहां पहुंचना शुरू हो गया था। शोभायात्रा के साथ ही वाहनों पर महाराज अग्रसेन के भजन बजते रहे। इनकी धुन से शहर गूंजता रहा। अग्रसेन भवन परिसर में सबसे पहले प्रसिद्ध व्यवसायी ज्ञानचंद अग्रवाल ने झंडोत्तोलन कर इसकी शुरूआत किया। झंडोत्तोलन के मौके पर चंद्रशेखर अग्रवाल, अजय मित्तल, अजय कुमार, अनिल अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल समेत अन्य मौजूद थे। ढोल नगाड़ों के साथ महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा निकाली गई। महाराजा अग्रसेन की शोभा यात्रा अग्रसेन भवन से शुरू होकर राणा चौक, तिवारी दुरा, हटिया गार्डन, तेतरतर चंद्रशेखर आजाद चौक, गुदरी बाजार, अपर बाजार, महावीर चौक, राणा चौक, मिशन चौक होते हुए पुन अग्रसेन भवन पहुंचा। अग्रसेन भवन में महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के साथ महाआरती की गई और प्रसाद का वितरण किया गया। शोभा यात्रा के दौरान अग्रवाल सभा की महिलाएं, पुरुष, युवाओं, युवतियों और बच्चों ने महाराजा अग्रसेन पर आधारित कई नारे लगाएं। महाराजा अग्रसेन की जय, कुलदेवी माता महालक्ष्मी की जय, एक रुपया एक ईंट, अग्रवाल समाज अमर रहे, जय अग्रोहा जय अग्रसेन, भारत का सपूत कैसा हो, महाराजा अग्रसेन जैसा हो इत्यादि नारे लगाए। हाथों में तलवार लिए महिलाएं व युवतियां शोभायात्रा के आगे आगे चल रही थी। शोभा यात्रा की अगुवाई अग्रवाल सभा के ज्ञानचंद अग्रवाल, चंद्रशेखर अग्रवाल, प्रोफेसर परमानन्द अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, अजय मित्तल, अनिल अग्रवाल, शशिधर अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, गुमला एनआईसी पदाधिकारी सुशील अग्रवाल, संजय कुमार, अनिशा मित्तल, भावना कुमारी, सोनाली अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, संगीता मित्तल, अनीता देवी, राखी अग्रवाल, हेमंत अग्रवाल, मुस्कान मित्तल, अश्मित दीप, राहुल कौशल, कमल अग्रवाल, समेत बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के महिला एवं पुरुष बच्चे शामिल थे। महाराजा अग्रसेन की जयंती समारोह को लेकर निकली शोभायात्रा में अग्र समाज के सभी संगठनों से जुड़े लोग शामिल रहे। शोभायात्रा में समाज की 500 महिलाओं समेत सैकड़ों की संख्या में समाज के युवा व पुरुष शामिल रहे।

विद्यालय प्रबंधन समिति की हुई बैठक, बेहतर कार्य करने वाले हुए सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

बोलबा। प्रखंड के राजकीयकृत मध्य विद्यालय कछुपानी में मासिक विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन बैसाखू माझी की अध्यक्षता में की गई।बैठक में मलसारा मुखिया बिनोद बड़ाईक द्वारा विद्यालय का छत रिपेयर तथा जलमीनार लगाने की बात कही गयी। साथ ही सभी छात्रो को घर पर प्रतिदिन दो घंटा घर में भी पढ़ने का आग्रह अभिभावकों से किया। साथ ही समसेरा मुखिया सुरजन बड़ाईक द्वारा अपने विचार रखे गए। उन्होंने सभी बच्चों को समय पर विद्यालय आने और अनुशासन में रहने की सलाह दी। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनमोहन कुमार गोस्वामी द्वारा शत प्रतिशत बच्चों का ठहराव करने, पोशाक, छात्रवृत्ति हेतु सूची उपलब्ध कराने, शतप्रतिशत जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन जमा करने को कहा। अच्छा काम करने के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति से लेकर सभी शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कच्छुपानी स्कुल प्रखंड बोलबा में सभी मामले में 1 नम्बर में है। सभी कड़ी मेहनत व लगन त्यागी भावना से काम कर रहें हैं। प्रखंड में और भी विद्यालय को इसी तरह काम करने की आवश्यकता है। बैठक में सभी अभिभावक प्रधानाध्यापक तरशिला डुंग डुंग, रामजतन सिंह, रविन्द्र यादव,अनिल केरकेट्टा, भगवती देवी, नवीन डुंग डुंग, बिरसीदेवी, प्रखंड साधन सेवी रामानंद कुमार उपस्थित थे।

दहेज उत्पीड़न व गाली-गलौज के आरोप में तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत चितरी डांडु ग्राम से तीन वारंटी को दहेज उत्पीड़न एवं गाली गलौज के आरोप पर न्यायालय के आदेशनुसार सेन्हा थाना प्रभारी ऋषिकांत के नेतृत्व में दो युवक एवं एक महिला को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जमाल अंसारी के पुत्र नौशाद अंसारी, एवं शमशाद अंसारी,तथा पत्नी सकुलन बीबी को सोमवार सुबह गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया। कहा की तीनो के विरुद्ध न्यायालय में मुकदमा चल रहा था। जो लंबे समय से फरार होने के कारण न्यायालय के आदेशनुसार जीआर 332 के आलोक में कारवाई हेतु न्यायालय से वारंट जारी हुआ था। जिसमें धारा 415, 498, 323, 566, 34 आईपीसी एवं 3/4 डीपीए के तहत गिरफ्तार किया गया और मेडिकल जांचोपरांत सभी को जेल भेज दिया गया।

हिंदी पखवाड़ा व पोषण माह के उपलक्ष्य पर संगोष्ठी व खेल-कूद प्रतियोगिताएं आयोजित

केन्द्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय गुमला द्वारा लोहरदगा में विशेष कार्यक्रम, 28 से दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, गुमला द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव, हिंदी पखवाड़ा एवं राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर सोमवार को एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, कुजरा, लोहरदगा में हिंदी संगोष्ठी एवं खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कुजरा, लोहरदगा में हिंदी पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला की क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है और पूरे देश को जोड़ती है। हिंदी भाषा ने अपने अंदर संस्कृत, उर्दू, अंग्रेजी आदि भाषाओं के शब्दों का भी समावेश कर रखा है, इसी वजह से हिंदी निरंतर अग्रसित है और सही मायने में हिंदी हमारे देश के माथे की बिंदी है। साथ ही उन्होंने आजादी का अमृत महोत्सव एवं राष्ट्रीय पोषण माह पर होने वाली चित्र प्रदर्शनी के बारे में जानकारी दी और सभी को प्रदर्शनी देखने के लिए प्रोत्साहित किया। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, कुजरा, लोहरदगा की प्राचार्या अमृता मिश्रा ने कहा कि हिंदी हमारी अस्मिता है, हमारी माता समान है। उन्होंने आगे कहा कि हमें हिंदी बोलने में गर्व महसूस करना चाहिए और कभी भी इसे कमतर नहीं आंका चाहिए। साथ ही उन्होंने विद्यालय में आयोजित होने वाली चित्र प्रदर्शनी के बारे में कहा कि यह एक सराहनीय प्रयास है और विद्यालय के बच्चे इससे बहुत लाभान्वित होंगे। इसके बाद छात्राओं ने हिंदी भाषा में कविताओं का पाठ किया जिस में प्रमुख रूप से सिरामुनी, प्रेमिका कुमारी, मनिता, पिंकी कुमारी, शांति कोंक, अनीशा नाग, प्रार्थना और शांति उरांव ने मुख्य रूप से भाग लिया। अंत में प्राचार्या अमृता मिश्रा ने सभी को हिंदी शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दूसरे चरण में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में हिंदी पखवाड़ा पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गान से हुआ, जिसके बाद विद्यालय की वार्डन मेनका प्रजापति ने कहा कि हिंदी दिवस के अवसर पर 14 सितंबर को विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ था और आज का कार्यक्रम उसी क्रम में है। तत्पश्चात क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान ने सभा को संबोधित किया और सभी को ज्यादा से ज्यादा हिंदी का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही 'आजादी का अमृत महोत्सव' एवं 'राष्ट्रीय पोषण माह' पर होने वाली चित्र प्रदर्शनी के बारे में जानकारी दी और सभी को प्रदर्शनी को देखने के लिए प्रोत्साहित किया। उसके बाद छात्राओं ने कविताओं का पाठ किया जिन में साक्षी कुमारी, आयशा परवीन, खुशबू यादव, रूपरानी कुजूर, अंजली कुमारी एवं चांदनी कुमारी ने मुख्य रूप से भाग लिया। अंत में क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान ने सभी को हिंदी की शपथ दिलाई।

हिंदी संगोष्ठी के साथ खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन : प्री प्रोगाम के तहत एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय प्रांगण में खेल कूद प्रतियोगिता आयोजित की गई जिस के तहत पहले फुटबॉल प्रतियोगिता हुई जिस में रेड जायंट्स एवं डायनेमिक ब्लू के बीच टक्कर का मुकाबला हुआ जिस में रेड जायंट्स टीम विजेता घोषित हुई। उसके बाद गंगा हाउस एवं नर्मदा हाउस के बीच खो खो प्रतियोगिता आयोजित की गई। साथ ही आजादी क्वेस्ट गेमिंग एप को डाउनलोड करने के तरीके एवं इसे खेलने के तरीकों के बारे में भी छात्राओं को बताया गया।

दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन 28 को : आजादी के अमृत महोत्सव के तहत राष्ट्रीय पोषण माह पर एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, कुजरा, लोहरदगा के प्रांगण में दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन 28 सितंबर को होगा जिसका उदघाटन लोहरदगा के सांसद सुदर्शन भगत एवं लोहरदगा के उच्च पदाधिकारियों के द्वारा किया जाएगा। समाज कल्याण विभाग, लोहरदगा के सहयोग से आयोजित इस प्रदर्शनी में पोषण अभियान के साथ-साथ हिंदी पखवाड़ा, एक भारत श्रेष्ठ भारत, आजादी क्वेस्ट एप एवं स्थानीय स्वतंत्रता सेनानियों से संबंधित जानकारियां प्रदर्शित की जाएंगी। प्रदर्शनी के दौरान आयुष विभाग, कोलकता की ओर से फलदार एवं औषधीय पौधों के बारे में जानकारी दी जायेगी और साथ ही पौधरोपण किया जाएगा। साथ ही समाज कल्याण विभाग, लोहरदगा की ओर से पोषण स्टॉल भी लगाया जाएगा जिस का 29 सितंबर को समापन होगा।

28 को सभी प्रतिभागी होंगे पुरस्कृत : प्री प्रोग्राम के तहत आयोजित खेल कूद प्रतिभागियों को दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह के दिन 28 सितंबर 2022 को मुख्य एवं गणमान्य अतिथियों के हाथों पुरस्कृत किया जाएगा। सभी प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहायता के लिए केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला की कार्यालय प्रमुख महविश रहमान ने सभी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के शिक्षक विक्की कुमार, शिक्षिका सुनीता कुमारी सिंह, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की शिक्षिका पूनम खलखो और केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला के अंजनी मिश्रा, अतुल्य रत्न तिर्की एवं संजय साहू की महती भूमिका रही।

जिले भर में कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र प्रारंभ

35 वर्षों से तिवारी मरहटिया में हो रही हैं पूजा, दुर्गा पूजा पर रामलीला का मंचन किया जायेगा, श्रद्धालु उत्साहित

फोटो: दुर्गा पूजा को लेकर बनाया जा रहा पूजा पंडाल

फोटो: कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। जय भवानी संघ तिवारी मरहटिया द्वारा शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा गाजे-बाजे के साथ मंदिर परिसर से निकल कर पूरे गांव का भ्रमन करते बरदबनवा सरोवर पहुंची, जहां पंडित विवेक शास्त्री द्वारा वरुण देव का पूजन कर कलश में जल भरवाया। इसके बाद कलश यात्रा पुनः मंदिर परिसर पहुंची जहां कलश को स्थापीत कर नवरात्री प्रारंभ की गयी। कलश यात्रा में भारी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुये. इसकी जानकारी देते हुये पूजा समिति के अध्यक्ष रमेशचंद्र तिवारी ने कहा कि इस देवी स्थल शक्ती पीठ पर सन् 1987 से दुर्गा पूजा प्रारंभ है. उन्होंने के कहा कि यह पूजा गांव के लोगों के सहयोग से की जाती है. नवरात्री में मा दुर्गा की पूजा करने से गांव में सुख शांति आती है। साथ ही उन्होंने ने कहा कि दस दिनों तक चलने वाले इस नवरात्री पर गोरखपुर के रामकथा वाचक अनुराधा पांडेय द्वारा रामकथा एवं रामलीला का मंचन किया जायेगा. पूजा को सफल बनाने में संयोजक अशोक तिवारी, मंत्री सुभाष तिवारी उपाध्यक्ष संजय तिवारी, महामंत्री वीरेंद्र तिवारी, कोषाध्यक्ष दीपक ठाकुर, उप कोषाध्यक्ष आशीष वर्मा, राजन तिवारी, रविद्र तिवारी आदि सक्रीये रूप से लगे हुये है।

मंत्री ने गढ़देवी मंदिर में की पूजा-अर्चना

शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह गढ़वा रंका विधानसभा के विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गढ़देवी मंदिर एवं काली स्थान में पूजा अर्चना किया। गढ़देवी मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित राजन पांडे ने पूरे विधि-विधान से पूजा संपन्न कराया। पूजा के पश्चात मां गढ़देवी पूजा समिति एवं भंडारा के सदस्यों ने मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्होंने महाष्टमी को होने वाले मातारानी का सिंगार सामग्री अपनी ओर से उपलब्ध कराने की घोषणा किया तथा समस्त गढ़वा वासियों को नवरात्रि एवं दशहरे की शुभकामनाएं दिया। मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष विनोद जायसवाल, सचिव के महेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष कंचन साहू जगजीवन बघेल, गोपाल सोनी, मनीष केसरी, पंकज सोनी, अरविंद पटवा, विनोद प्रसाद वार्डपार्षद मुन्ना मोबाइल, रंजू सोनी, संदेश संस्कार, चिंटू पटवा, आशीष अग्रवाल, दिलीप गुप्ता, दिव्य प्रकाश केशरी, धीरज दुबे आदि मौजूद थे।

डीवीसी कंपनी के द्वारा भूमि पूजन के दौरान दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट, आधा दर्जन लोग घायल

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। सदर थाना क्षेत्र के मंगरा गांव में सोमवार की सुबह दामोदर घाटी निगम कंपनी माइंस खोलने को लेकर भूमि पूजन करने के दौरान दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। जिसमें गांव के करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों में बानपुर निवासी प्रीतम सिंह पिता स्व. जशवंत सिंह, दुबियाही निवासी अमृता देवी पति सुरेंद्र भगत, नेवाड़ी गांव निवासी गेंदा उरांव पिता बुधन उरांव, उर्मिला देवी पति कृष्णा उरांव, गुड़िया देवी पति लक्ष्मण उरांव व तुबेद गांव निवासी विष्णु उरांव पिता बिगू उरांव घायल का नाम शामिल हैं। सभी घायलों को सदर अस्पताल लातेहार लाया गया जहां प्राथमिक उपचार किया गया। बताया जा रहा है कि एक पक्ष कंपनी द्वारा माइंस खोले जाने के समर्थन कर रहे थे, तो दूसरा

पक्ष विरोध कर रहा था। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में तू-तू मैं-मैं करते हुए मारपीट में पहुंच गई। हालांकि स्थानीय पुलिस की मौजूदगी के कारण दोनों पक्षों को समझा कर मामले को शांत कराया गया। इसके बाद कंपनी के द्वारा भूमि पूजन किया गया। मालूम हो कि कंपनी खोलने को लेकर स्थानीय रैयतों के द्वारा लगातार कई वर्षों से विरोध प्रदर्शन करते आ रहे है। जबकि तीन दिन पहले भी स्थानीय रैयतों ने डीवीसी कंपनी द्वारा कोल माइंस खोले जाने के विरोध में डीसी कार्यालय का घेराव किया था। इस दौरान उपायुक्त भोर सिंह यादव डीवीसी कंपनी के प्रतिनिधि के बीच बातचीत कराई गई थी। जिस पर उपायुक्त ने कंपनी को आपसी समन्वय बनाकर खोलने की बात कही थी। लेकिन कंपनी अपनी मनमानी करते हुए तीन दिन बाद ही भूमि पूजन करने पहुंचे थे। इस संबंध में लातेहार पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि भूमि पूजन के दौरान दो पक्षों में मारपीट की होते ही पुलिस बल के द्वारा दोनों पक्षों को आपसी समझौते कर मामला को शांत कराया गया। उन्होंने कहा कि गांव में दोनों पक्षों को एक साथ बैठाकर समझा-बुझाकर व आपसी सहमति कर मामले को सुलह कराया गया है।

राष्ट्रीय नाई महासंघ की जिलास्तरीय बैठक में कई विषयों पर हुई चर्चा

नवीन मेल संवाददाता

चंदवा। राष्ट्रीय नाई महासंघ की जिला स्तरीय बैठक सोमवार को मां नगर भगवती मंदिर के प्रांगण में जिला अध्यक्ष दशरथ ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समाज के विकास एवं आपसी सहयोग हेतु विचार विमर्श किया गया। जिला अध्यक्ष दशरथ ठाकुर ने कहा कि किसी भी सभ्य समाज की पहचान है उसकी एकजुटता, वर्तमान समय मे इसका अभाव है। सभी प्रखंडों में पुरानी कमिटी को भंग करते हुए नयी कमिटी का गठन एवं जिला कार्यसमिति की पुनर्गठन होना आवश्यक है। सभी प्रखंडों की तिथि तय कर वहां के वर्तमान अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों को सूचना दे दी जाएगी। वही प्रदीप ठाकुर ने कहा कि युवाओं को आगे बढ़कर समाज मे मिली जिम्मेवारियों को निभानी चाहिए तभी सशक्त समाज का निर्माण संभव है। बैठक में बिनोद ठाकुर, बैजनाथ ठाकुर, संतोष ठाकुर, दीपक ठाकुर, अरुण ठाकुर, श्रवण ठाकुर, नागेश्वर ठाकुर समेत कई उपस्थित थे।

सूरत हॉलसेल शॉपिंग मॉल का शुभारंभ

गिद्धौर(चतरा)। बैंक ऑफ इंडिया के सामने सूरत होलसेल टेक्सटाईल शॉपिंग मॉल का शुभारंभ सोमवार को हुआ। जिसका उद्घाटन सिमरिया विधायक किसुन कुमार दास, जिप उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, मॉल संचालक सुबोध दांगी, भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार व मनोज कुमार कुशवाहा ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ व फिता काटकर किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि गिद्धौर शॉपिंग मॉल खुलने से प्रखंड वासियों को चतरा व हजारीबाग खरीदारी करने नही जाना पड़ेगा।

अमावस्या व महालया के अवसर पर गरीबों के बीच कपड़ा व भोजन का वितरण

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट पूर्व नाम कपड़ा बैंक का रविवारीय भोजन वितरण अभियान कल सर्वपितृ अमावस्या और महालया के अवसर पर धूमधाम से संपन्न हुआ! यह मान्यता है कि सर्वपितृ अमावस्या के दिन वैसे लोग भी अपने पूर्वजों की याद में दान पुण्य कर सकते हैं । जिन्हें अपने पूर्वजों की तिथि याद नहीं! इस अवसर पर स्वर्गीय पंकज सिन्हा के पुत्र चैतन्य शेखर ने वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्यों के साथ मिलकर भोजन वितरण के अलावा भरपूर मात्रा में जरूरतमंदों के बीच फल वितरण किया । संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा ने कहा कि नवरात्रि में सभी महिलाएं पूजा पाठ में व्यस्त हो जाएंगी । फिर भी कुछ सदस्यों के साथ ही सही ,लेकिन भोजन वितरण अभियान लगातार जारी रहेगा। हम सब त्योहारों के दौरान अच्छा भोजन, पकवान ग्रहण करते हैं ,तो समाज के जरूरतमंदों के लिए कम से कम भरपेट भोजन उपलब्ध कराना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। रविवार के भोजन वितरण अभियान में विवेक वर्मा, चैतन्य, आशुतोष सिंह, पाली, गुरदीप कौर, बेबी विश्वकर्मा, हरप्रीत कौर, सोनल सिंह और सिद्धांत राज ने महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई।

एनपीयू का दूसरा दीक्षांत समारोह 14 अक्टूबर को

मेदिनीनगर। नीलांबर पीतांबर यूनिवर्सिटी का दूसरा दीक्षांत समारोह 14 अक्टूबर को आयोजित होगा। इसमें राज्यपाल रमेश बैस भी शामिल होंगे। इससे पहले 2018-19 में यूनिवर्सिटी का दीक्षांत आयोजित हुआ था। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने दीक्षांत समारोह की तैयारी शुरू कर दी है। इस दीक्षांत समारोह में ग्रेजुएशन और पीजी के टॉपर्स को गोल्ड मेडल दिया जाएगा। गोल्ड मेडल के लिए 130 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया है। इसकी सूची राजभवन को भेज दी गई है। दीक्षांत समारोह का पूरा समारोह जीएलए कॉलेज मैदान में आयोजित होना है। दीक्षांत समारोह के दौरान एनपीयू के प्रशासनिक भवन का भी उद्घाटन किया जाना है। कुलपति राम लखन सिंह ने बताया कि दीक्षांत समारोह की तैयारी चल रही है। दीक्षांत समारोह के दौरान डिग्री लेने के इच्छुक छात्र-छात्राओं को रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

जरासंध जयंती समारोह को लेकर हुई बैठक निर्विरोध अध्यक्ष चयनित हुए कोमल कुमार

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। जरासंध जयंती मनाने के लिए एक बैठक स्थानीय ललित श्रीराम मंदिर मे आहूत की गई। जिसकी अध्यक्षता शैलेन्द्र कुमार शैलु व संचालन श्याम लाल राम चन्द्रवंशी ने किया। जिसमें पलामू के प्रबुद्ध एवं सक्रिय चंद्रवंशी समाज सैकड़ों युवाओं एवं वरिष्ठ अभिभावकों ने भागीदारी निभाई। चंद्रवंशी समाज के सबसे बड़े उत्सव जरासंध जयंती को मनाने के लिए कोमल कुमार अंकू को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया । रंजीत चंद्रवंशी को महामंत्री एवं वीरेंद्र कुमार पप्पू को कोषाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया । पलामू की सबसे बड़ी आबादी वाले समाज की बागडोर युवाओं के हाथ में पूर्ण

विश्वास के साथ देने हेतु सभी प्रबुद्ध जनों का हृदय से अखिल भारतीय चन्द्रवंशी क्षत्रिय महासभा आभार व्यक्त करता हैं । नव चयनित जरासंध पूजा समिति के अध्यक्ष कोमल कुमार अंकू ने कहा कि समाज के हर ब्यक्ती को जोड़ना व सामाजिक विकास के लिये जिम्मेवारी देना हमारा लक्ष्य होगा। बैठक मे मुख्य रूप से बिजय चन्द्रवंशी, राम नरेश चन्द्रवंशी, बिशुन राम चन्द्रवंशी, सचिन कुमार, बिक्की चन्द्रवंशी, आनन्द कुमार, अनिल चन्द्रवंशी ,अभिशेख राज, श्रीकांत चन्द्रवंशी ,अभय बर्मा ,पंकज राज , सुरेंद्र राम ,अजित कुमार, बिरेन्दर कुमार, कुणाल ,राकेश, रणबिजय चन्द्रवंशी समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे। जरासंध जयंती समारोह को सफल बनाने के लिए जल्द ही कमिटी का विस्तार कर जिम्मेवारी सौंपी जायेगी।

श्री केंद्रीय दुगार्पूजा महासमिति ने निकाली शोभायात्रा

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति द्वारा रविवार को नवरात्र की पूर्व संध्या पर आयोजित शोभायात्रा शहर में निकाली गई। शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। जिसमें महिलाओं की भी संख्या अधिक रही। श्री केंद्रीय दूर्गा पूजा महासमिति के केंद्रीय अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जौहरी के नेतृत्व में निकाली गई शोभायात्रा का श्री दुर्गा पूजा समिति रेड़मा ठाकुरबाड़ी से निकाली गई जो शहर भ्रमण करते हुए वापस दुगार्बाड़ी में आकर हुआ। जिसमें भव्यता से शोभायात्रा का स्वागत किया गया। शोभायात्रा के प्रारंभ में श्री दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों के द्वारा श्री केंद्रीय पूजा महासमिति के सभी पदाधिकारियों को गेरुआ अंगवस्त्र (गमछा) देकर सम्मानित किया गया । ठाकुरबाड़ी पूजा समिति के मनीष तिवारी, उत्तम सिंह, संतोष तिवारी, प्रवीण तिवारी, पारस विश्वकर्मा, पंकज सिंह व संदीप सहित कई सदस्यों ने शोभायात्रा के स्वागत समारोह में शामिल थे। इसके पश्चात गाजे

बाजे व माता रानी के जयकारे के साथ भव्य शोभायात्रा निकली। शोभायात्रा की भव्यता देखते बन रही थी। शोभायात्रा में मोटर वाहन को सजा कर रथ के शक्ल में गाजा बाजा और पारम्परिक हथियार के साथ धर्मध्वज लिए भक्तगण जय माता दी कि जयघोष के साथ रांची रोड ठाकुरबड़ी से शोभायात्रा कूच किया गया। रेड़मा चौक, कचहरी चौक, छह मुहान चौक, हॉस्पिटल चौक, शहीद-ए-आजम भगतसिंह चौक, सतार सेठ चौक,कन्नीराम चौक, घड़ापट्टी, पचमुहान, इंजीनियरिंग रोड, जिला स्कूल चौक,शास्त्री चौक होते दुर्गा बाड़ी में शोभायात्रा को समापन किया गया। केंद्रीय दुगार्पूजा महासमिति के अध्यक्ष दुर्गा जौहरी पूरे यात्रा में साथ रहे। शोभायात्रा का नेतृत्व बीएम पांडेय ने किया। दुगार्बाड़ी कमिटी के लोगों ने भव्य स्वागत किये। शोभायात्रा में श्री केंद्रीय दूर्गा पूजा महासमिति के संरक्षक अनील सिंह, अविनाश देव, बबलू गुप्ता, उपाध्यक्ष ललन सिन्हा, नवीन तिवारी, वीएम पांडेय, हरिशंकर सिंह, रमेश तिवारी, कमल शुक्ला, सतीश गुप्ता, अनील दूबे, चंदन तिवारी, धीरज मिश्रा, संजय राज, जितेंद्र सोनी, प्रेम कुमार गुप्ता, रुपा सिंह, मंजूलता दूबे, किरण अग्रवाल, रुबी सिंह, विंत्रिपाठी, लीलावती वेकानंद देवी, रजनीश सिंह, रवि शर्मा, मोनू सिंह मनीष भिवानिया, छोटू त्रिपाठी सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

कांग्रेस की भारत जोड़ो पदयात्रा लगातार जारी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। कांग्रेस द्वारा भारत जोड़ने की मुहिम लगातार जारी है। पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन के नेतृत्व में नौडिहा बाजार प्रखंड के विभिन्न गांव में भारत जोड़ो पदयात्रा का आयोजन किया गया । पदयात्रा की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद परवेज आलम आलम ने किया। कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि पलामू जिला में भी लगातार 5 महीने तक निरंतर जिला के सभी प्रखंड नगर वार्ड पंचायतों में भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक आयोजन भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम के माध्यम से देश में प्रेम, भाईचारा सद्भावना के साथ देश को सशक्त और मजबूत बनाने का संदेश दिया जा रहा है। महंगाई और बेरोजगारी सहित जनता के जुड़े ज्वलंत मुद्दे का निराकरण करने में केंद्र सरकार विफल रही है। कांग्रेस पार्टी विषय वस्तु के साथ केंद्र सरकार की विफलताओं को लोगों तक ले जाने का काम करेगी। यात्रा में प्रमुख रूप से पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद सिंह एससी के जिला अध्यक्ष अशोक पासवान ,विद्या सिंह चेरो ,चिंतामणि तिवारी, अभय पांडे, रामानंद पांडे, मुकेश सिंह, देवांगन शुक्ला ,छतरपुर प्रखंड अध्यक्ष सह विस सूत्री अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सिंह, शाहजहां अंसारी,अताउल हक , जुबैर अंसारी,सुकन राम फगुनी पासवान,नंदु भुईयां, मुस्तकीम अंसारी, बदरुद्दीन अंसारी, धर्मेंद्र राम डब्लू कुमार गुलाम अंसारी शामिल रहे।

न्यूज गैलरी

दुकानदार संघ ने डेंटल हाउस के शुभारंभ पर आभार जताया

मेदिनीनगर। स्थानीय जेलहाता के एसबीआई बैंक के समीप सोमवार को डेंटल हाउस का शुभारंभ किया गया। शहर में दंत विशेषज्ञ युक्त मल्टी सुविधाओं से पूर्ण क्लीनिक के शुभारंभ पर दुकानदार संघ के अध्यक्ष किरण कुमार सिंह ने आभार जताया है। उन्होंने बताया कि पूर्व में किसी प्रकार की शारिरिक समस्या होती थी,तो सामर्थ रांची, पटना और दिल्ली जाकर ईलाज कराते थे। लेकिन यहां के गरीब जनता के पास हार मान कर ईश्वर से प्रार्थना के सिवाय कोई चारा न थी। अब हमारे शहर में बहुत से अस्पताल खुल गया है। जिससे स्थानीय लोग अपना इलाज बिना बाहर जाए इसी शहर में करा सकते है। इसी क्रम में डॉ आकृति ने एक डेन्टल हाउस का शुभारंभ किया है। इस डेन्टल हाउस में मल्टी सुविधाओं के साथ उचित खर्च कर स्थानीय लोगों का दांतो के रोग का इलाज हो सकेगा। उन्होंने बताया कि शहर में एक विश्वस्तरीय मल्टी सुविधाओं के साथ पूर्ण क्लीनिक की कमी थी। जिसे डा० आकृति ने पूरा कर क्षेत्र की जनता को उपहार के रूप में दिया है।

सफाई कर्मी के बिना निगम अधूरा : महापौर

मेदिनीनगर। गत दिनों 6 दिनों से चल रहा निगम कर्मियों का राज्यव्यापी हड़ताल के बीच महापौर अरुणा शंकर, उपमहापौर मंगल सिंह एवं पार्षदों के पहल पर निगम कर्मियों की मेदिनीनगर निगम इकाई के अध्यक्ष संतोष कुमार एवं निगम कर्मियों ने हिंदुओं के महापर्व दुर्गा पूजा को ध्यान में रखते हुए बिना हड़ताल तोड़े श्रम सेवा कर पूरे शहर की सफाई का निर्णय लिया है। महापौर एवं उप महापौर ने कर्मियों के इस कदम की सराहना करते हुए झारखंड सरकार से मांग की है कि इन कर्मियों के मांगों को सहानुभूति पूर्वक विचार कर पूरा की जाये । इन्हीं कर्मियों के बदौलत हम सब कोरोना में जब घर से बाहर निकलते डरते थे। उस वक्त भी हमारे शहर को इन्हीं सफाई कर्मियों के द्वारा बिना जान की परवाह किए सड़क ,नालियों की सफाई से लेकर सैनिटाइजेशन जैसा कार्य किया जा रहा था और हम कोरोना की जंग को जीत पाए थे । महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि कोई भी निगम या निकाय निगम सफाई कर्मीयों के बिना अधूरा है। इनका सम्मान होना चाहिए।

जेड फैशन मेन्स वेयर कपड़ा दुकान का उद्घाटन आज

मेदिनीनगर। शहर के महिन्द्रा मार्केट के ग्राउण्ड फ्लोर में मंगलवार को जेड फैशन मेन्स वेयर कपड़ा दुकान का उद्घटान सुबह 11:00 किया जायेगा। कपड़ा दुकान का उद्घाटन समाज सेवी सोनू सिह नामधारी और जिशान खान के द्वारा संजुक्त रूप से किया जाएगा। कपड़ा दुकान के मालिक जिशान खान ने बताया कि जेड फैशन मेन्स वेयर कपड़ा दुकान में किफायती दामों पर लोगों को जीन्स,टी शर्ट,पैजामा,कुर्ता,हाफ पैंट,शादी विवाह के अवसर पर दूल्हा सूट,टाई,बेल्ट,जूता सहित अन्य सामान यहां उपलब्ध है।

रक्त के जरूरतमंद मरीजों के परिजन भी करें रक्तदान : धीरज

मेदिनीनगर। विभिन्न प्रकार के रक्त समूह की कमी से लगातार पलामू बल्ड बैंक जूझ रहा है । खासकर रेयर ग्रुप का बल्ड ग्रुप ओ निगेटिव , बी निगेटिव , एबी निगेटिव ब्लड ग्रुप का बल्ड बैंक में बहुत दिनो तक उपलब्ध नही हो पाने के कारण रक्त के जरूरतमंद मरीजों को थेलेसिमिया और कैंसर पीड़ित के साथ ही शहर के विभिन्न हिस्सों में स्थित निजी अस्पताल में डिलीवरी के लिए भर्ती गर्भवती महिलाएं और दुर्घटना में घायल मरीजों को इलाज में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिस कारण मरीजों का इलाज सही समय पर नहीं हो पाता है । अक्सर देखा जाता है कि बल्ड की कमी से जूझ रहे मरीजों को पलामू के पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा एवं पलामू प्रमंडल के सामाजिक कार्यकर्ता धीरज मिश्रा द्वारा अपने सहयोगियों के माध्यम से रक्त उपलब्ध कराकर राहत दिलाने का कार्य किया जाता है। सामाजिक कार्यों में रुचि रखने वाले पेशे से सहायक अध्यापक धीरज मिश्रा पिछले आठ वर्षों से रक्तदान महादान जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाकर रक्त के जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध कराने का कार्य कर रहे हैं । ब्लड बैंक में बल्ड की कमी रहने की समस्या पर एक सवाल के जवाब में धीरज मिश्रा ने बताया कि रक्तदान करने के प्रति लोगों में जागरूकता की कमी है । रक्त के जरूरतमंद मरीजों के परिजनों द्वारा स्वयं अपना रक्त न देकर अन्य लोगों से रक्त लेने की आदत हो गई है । रक्त के जरूरत मंद मरीजों के परिजनों को भी आगे आकर अपना रक्तदान करने का कार्य किया जाना चाहिए । इसके अलावा बल्ड बैंक में बल्ड की कमी न हो इसके लिए सभी सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक ,व्यवसायिक संगठनों को आगे आकर रक्तदान शिविर आयोजित करने की जरूरत है।

ज्ञान विज्ञान समिति ने समाज सुधारक विद्यासागर का जन्म दिवस मनाया

मेदिनीनगर। ज्ञान विज्ञान समिति पलामू के तत्वाधान में महान समाज सुधारक 'दार्शनिक 'शिक्षाविद ईश्वर चंद्र विद्यासागर के जन्म दिवस के अवसर पर विद्यासागर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा का उद्घाटन प्रगतिशील लेखक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने कहा कि 19वीं शताब्दी में ईश्वरचंद विद्यासागर ने समाज को बेहतर बनाने के लिए अनेक कार्य किए। जिसमें शिक्षा और अंधविश्वास के खिलाफ अभियान प्रमुख है। इन्होंने विधवाओं के पुर्नविवाह के सामाजिक मान्यता प्रदान किया। जिस दौर में संस्कृत अध्ययन पर ब्राह्मणों का आधिपत्य था । उस दौर में उन्होंने हर जागरूक व्यक्ति को संस्कृत पढ़ने के लिए अभी प्रेरित किया ताकि आमजन संस्कृत शिक्षा को समझ सके और बेहतर जीवन जी सके । ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड के अध्यक्ष शिवशंकर प्रसाद ने कहा कि वर्तमान पीढ़ी को ईश्वर चंद्रविद्यासागर के व्यक्तित्व और कृतित्व की अध्ययन अवश्य करना चाहिए । क्योंकि विद्यासागर ऐसे महापुरुष थे, जो सिर्फ सिद्धांत का प्रतिपादन ही नहीं किये। बल्कि वे व्यवहार में भी जीते थे । इसका सबसे महत्वपूर्ण उदाहरण यह है कि ये नारी शिक्षा के लिए सैकड़ों स्कूल खोलने का पहल किया। उन्होंने अपने पुत्र की शादी एक विधवा से कराये जो उस काल का महत्वपूर्ण घटना माना जाता है। प्रख्यात शिक्षक गोविंद प्रसाद ने कहा कि ईश्वर चंद विद्यासागर वैज्ञानिक सोच के समाज सुधारक थे उन्होंने कहा कि जो नास्तिक है उनको वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भगवान में विश्वास करना चाहिए यह उनका मूल मंत्र था।

सम्पादक की कलम से...

लोकतंत्र या राजतंत्र

झारखंड में सत्ता पक्ष और विपक्ष का झकझूमर जारी है। जहां एक ओर हेमंत सोरेन सरकार विकास को गति देने में जुटी है,वहीं प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा हमलावर है। उसका कहनाा है कि पांच लाख नौकरियों के वादे के साथ सत्ता में आयी हेमंत सरकार की वादाखिलाफी के कारण झारखंड के युवाओं में काफी आक्रोश है। साथ ही परिवार और अपने नजदीकी लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए हेमंत सरकार के संरक्षण में पिछले ढाई वर्ष में झारखंड के जल-जंगल और जमीन और खनिज संपदा की जमकर लूट हुई है। इसका उदहारण साहेबगंज जैसा एक पिछड़ा जिला है। इस एक जिले से ही ईडी की जांच में लगभग 1400-1500 करोड़ रुपये के अवैध उत्खनन की बात सामने आयी है। इस उत्खनन में मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि का नाम सबसे आगे है। यह कहना है बीजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और झारखंड के पूर्व सीएम रघुवर दास का। इस प्रकार के हमले लोकतंत्र में अच्छे नहीं होते हैं। इससे विकास के कार्य अवरूद्व होते हैं। बहरहाल स्थानीयता का मामला हो या आरक्षण का मामला, यह राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र का मामला है। साथ ही इस नीति को नियोजन से नहीं जोड़ा गया है। भाजपा का मानना है कि सरकारी नियुक्तियों में भी वर्तमान में झारखंडवासियों को 1932 अथवा स्थानीयता का कोई लाभ नहीं मिल पायेगा। पांच लाख नौकरी देने के वादे को पूरा नहीं करने के कारण भी सरकार के प्रति राज्य के युवक-युवतियों में रोष है। इसलिए यह स्थानीय नीति उलझाने, लटकाने और भटकाने की नीयत से घोषित की गयी है। जहां तक आरक्षण में बढ़ोतरी का निर्णय है, यह निर्णय भी असंवैधानिक है। इसे लागू करना असंभव सा प्रतीत होता है। इस तरह यहां के आदिवासी, मूलवासी और पिछड़ों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया गया है। उन्हें धोखा दिया गया है। किसी को भी आरक्षण देने के लिए उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसार उस श्रेणी के छात्रों की संख्या और उनके प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करना आवश्यक है। इसी क्रम में भाजपा सरकार के समय 2019 में राज्य के सभी जिलों के उपायुक्तों को सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया गया था। इस सर्वेक्षण की रिपोर्ट को अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है, जिससे पता चलता है कि यह रिपोर्ट अभी तैयार नहीं हुई है। अगर सरकार ने वह रिपोर्ट तैयार नहीं की है, तो आरक्षण का प्रतिशत बढ़ाने में कौन-कौन से कारक को ध्यान में रखा गया है, यह भी सरकार को सार्वजनिक करना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं किया गया है। सरकार द्वारा किसी सर्वेक्षण की रिपोर्ट को ध्यान में नहीं रखा गया है और ना ही आरक्षण को सही तरीके से देने के लिए जिस प्रक्रिया की आवश्यकता है, उसका पालन किया गया है। जिस तरह से वर्तमान सरकार अपने पद का दुरुपयोग कर खनन व्यापार में लिप्त है, उसी तरह आरक्षण को भी सरकार अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए व्यापारिक रूप देकर झारखंडवासियों को धोखा दे रही है। सभी को एक बात तो यह समझनी ही चाहिए कि यहां राजतंत्र नहीं है, लोकतंत्र है। इसका ध्यान रखना जरूरी है। चाहे वह सत्ता पक्ष हो या विपक्ष। लोकतंत्र में किसी को राजतंत्र चलाने की छूट नहीं दी जा सकती है। भाजपा मानती है कि वर्तमान सरकार के दौर में विगत ढाई वर्षों में झामुमो-कांग्रेस की सरकार ने कोयला, बालू, गिट्टी की लूट, शराब के व्यापार में और ट्रांसफर-पोस्टिंग में हजारों करोड़ रुपए की उगाही की है। यहां तक कि मुख्यमंत्री ने अपने व अपने परिवार वालों के नाम पर माइनिंग लीज भी ली, जिसका परिणाम है कि मुख्यमंत्री, उनके परिवारवाले तथा सहयोगी केंद्रीय एजेंसियों की रडार पर है। आरोप-प्रत्यारोप के इस दौर में इस बात का ध्यान रखना जरूरी है कि राज्य के विकास में कोई अवरोध नहीं पैदा हो।

आज का इतिहास

2004 : फिलीस्तीन लिब्रेशन ऑर्गेनाइजेशन ने यासर अराफात की मौत की पुष्टि की, महमूद अब्बास को संगठन का अध्यक्ष चुना गया।
2013 : सोमालिया के पुंटलैंड क्षेत्र में आये भीषण चक्रवाती तूफान की चपेट में आने से 100 लोग मारे गये।
2014 : पाकिस्तान के सख्खर प्रांत में एक बस दुर्घटना में 58 लोग मारे गये।
1785 : हॉलैंड और फ्रांस ने संधि पर हस्ताक्षर किये।
1793 : फ्रांस में बलपूर्वक ईश्वर की पूजा कराने का नियम समाप्त किया गया।
1847 : आयरलैंड के दक्षिणी तट पर जहाज स्टीफन व्हिटनी के दुर्घटनाग्रस्त होने से 92 लोगों की मौत हुई।
1885 : गोटलिएब देमलेर ने दुनिया की पहली मोटरसाइकिल पेश की।
1918 : जर्मनी के शासक विलहेम द्वितीय भाग कर हॉलैंड गये।
1938 : अमेरिकी लेखिका पर्ल बक को साहित्य का नोबेल पुरस्कार दिया गया।
1950 : अमेरिका के लेखक विलियम फॉकनर को साहित्य के नोबेल पुरस्कार से सम्मनित किया गया।
1970 : फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति चार्ल्स द गॉल का निधन।
1978 : रोहिणी खांडिलकर राष्ट्रीय शतरंज चैंपियनशिप जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।
1983 : बिल गेट्स ने विंडोज 1.0 की शुरूआत की।
1986 : बंगलादेश में संविधान दोबारा लागू किया गया।
1989 : जर्मनी के लोगों ने बर्लिन वॉल को गिराना शुरू किया।
1991 : भारत ने विश्व कैरम चैंपियनशिप में टीम खिताब अपने नाम किया।
1997 : चीन-रूस घोषणा पत्र से दोनों देशों के बीच सीमांकन विवाद समाप्त।
1978 : मॉमून अब्दुल गयूम मालदीव के राष्ट्रपति बने।
2001 : तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया।

आईना वही रहेगा, चेहरे बदल जायेंगे!

23 मार्च, 1977 तक देश में आपातकाल चलता रहा। लोकनायक जेपी की लड़ाई निर्णायक मुकाम तक पहुंची और इंदिरा गांधी को सिंहासन छोड़ना पड़ा। मोरारजी देसाई की अगुवाई में जनता पार्टी का गठन हुआ। 1977 में फिर आम चुनाव हुए और कांग्रेस बुरी तरह हार गई। इंदिरा गांधी खुद राजनारायण से रायबरेली सीट से चुनाव हार गईं और कांग्रेस महज 153 सीटों पर सिमट गई। आजादी के बाद पहली बार बनी गैर कांग्रेसी सरकार सिर्फ चार साल में ही गिर गई थी। 23 मार्च, 1977 को 81 वर्ष की उम्र में मोरारजी भाई देसाई प्रधानमंत्री बने। यह आजादी के तीस साल बाद बनी पहली गैर कांग्रेसी सरकार थी।

एनडीए से अलग होने के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विपक्षी दलों को एकजुट करने के लिए सबसे पहले दिल्ली आकर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी से मिलकर पहला कदम उठाया। इन दोनों नेताओं के अतिरिक्त भी वह कई विपक्षी दलों के मुखिया से मिलकर उन्हें एकजुट करने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। इस प्रयास में उनकी उपलब्धि क्या हुई है, यह तो अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन इस प्रयास से विपक्षी एकता के लिए और एनडीए से आगामी चुनाव में दो-दो हाथ करने का विपक्षी दलों का मन बनता तो नजर आ रहा है। कई विपक्षी दलों ने नीतीश कुमार के इस प्रयास को सराहा भी है और कुछ के लिए वह आलोचना के पात्र बने हुए हैं। आलोचना तो स्वस्थ लोकतंत्र के लिए हितकर है। इसमें नहले पर दहला यह हुआ कि कांग्रेस द्वारा अपने उदयपुर चिंतन शिविर में लिए गये निर्णय के आधार पर राहुल गांधी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक 3,570 किलोमीटर की अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' को मूर्त रूप देना शुरू कर दिया। इस पदयात्रा को देखकर कहा जा रहा है कि यह सत्तारूढ़ दल के ऊपर कांग्रेस द्वारा गरम लोहे पर चोट देने जैसा है। ऐसे में सत्तारूढ़ दल का अपने हाथ से सत्ता निकलने की संभावना देखकर बौखलाहट अनुचित नहीं है। राहुल गांधी का स्वागत जिस प्रकार दक्षिण भारत में किया जा रहा है और पदयात्रा में स्थानीय बच्चे, युवा और बुजुर्ग उन्हें गले लगा रहे हैं, इसमें लोगों का उत्साह तो कुछ और ही बेहतरीन संकेत दे रहे हैं। इसे देख उत्साहित जयराम रमेश कहते हैं कि अगर यह पदयात्रा (कन्याकुमारी से कश्मीर) सफल रही तो गुजरात से अरुणाचल प्रदेश तक दूसरे चरण की शुरूआत करेंगे। भारतीय लोकतांत्रिक इतिहास में यह बात दर्ज है कि इंदिरा गांधी को आपातकाल के बाद हुए चुनाव में करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। हालांकि, इंदिरा विरोधी नेताओं का यह गठजोड़ ज्यादा वक्त नहीं चल पाया और 1980 के चुनाव में उन्होंने मजबूती के साथ वापसी की। 23 मार्च, 1977 तक देश में आपातकाल चलता रहा। लोकनायक जेपी की लड़ाई निर्णायक मुकाम तक पहुंची और इंदिरा गांधी को सिंहासन छोड़ना पड़ा। मोरारजी देसाई की अगुवाई में जनता पार्टी का गठन हुआ। 1977 में फिर आम चुनाव हुए और कांग्रेस बुरी तरह हार गई। इंदिरा गांधी खुद राजनारायण से रायबरेली सीट से चुनाव हार गईं और कांग्रेस महज 153 सीटों पर सिमट गई। आजादी के बाद पहली बार बनी गैर कांग्रेसी सरकार सिर्फ चार साल में ही गिर गई थी। 23 मार्च, 1977 को 81 वर्ष की उम्र में मोरारजी भाई देसाई प्रधानमंत्री बने। यह आजादी के तीस साल बाद बनी पहली गैर कांग्रेसी सरकार थी। जनता पार्टी की सरकार में जल्द ही उथल-पुथल मच गई और जनता पार्टी बिखर गई। इसके कारण जुलाई 1979 में मोरारजी देसाई की सरकार गिर गई। इसके बाद कांग्रेस के समर्थन से चौधरी चरण सिंह प्रधानमंत्री बने। जनता पार्टी में बिखराव के बाद 1980 के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर इंदिरा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने विजय पताका लहराई। इंदिरा को आपातकाल के बाद जो झटका लगा था, उससे कहीं ज्यादा जनसमर्थन उन्हें इस चुनाव में हासिल हुआ। कांग्रेस ने इस चुनाव में 43 प्रतिशत वोट के साथ 353 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज की। जबकि जनता पार्टी और जनता पार्टी सेक्युलर 31 और 41 सीटों पर ही सिमट गईं। 2014 के बाद जनता संतुष्ट हुई तो सत्ता अहंकार में डूबता गया, 1977 में भी हुआ था ऐसा वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस अपनी पराजय के बाद इस तरह निराश हुई कि उसके बाद लगभग जितने भी लोकसभा या विधानसभा चुनाव हुए, हारती चली गई। उसपर भाजपा के आक्रामक रुख से यही अनुमान लगाया जाने लगा कि अब यह सरकार भारतीय जनता को काफी कुछ देने वाली है। जनता संतुष्ट होती गई और सतारूढ़ दल अहंकारी होता गया। जनता पार्टी भी जब 1977 में चुनाव जीतकर आई थी तो वह काल आज भी याद है। तब कहीं किसी की कोई सुनवाई नहीं होती थी और जनता पार्टी की सरकार से जुड़े लोग आम जनता पर इतने आक्रामक हो गये थे कि सामान्य जनता ने चार वर्ष चली उस जनता पार्टी की सरकार को 1980 में बुरी तरह हरा दिया। कांग्रेस फिर सत्ता में लौटी और इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री बनीं।

■ निशिकांत ठाकुर

पशुधन की सुरक्षा पर सवाल

उत्तर प्रदेश और हरियाणा सरकार ने गायों के मरने को गंभीरता से लिया, लेकिन राजस्थान सरकार लापरवाह ही देखी गई। जब राजस्थान के पशुपालकों ने विरोध प्रदर्शन शुरू किया तब राज्य सरकार ने जिलाधिकारियों को इसकी रोकथाम के लिए कहा। मगर न जिलाधिकारियों ने मुस्तैदी दिखाई और न स्वास्थ्य विभाग ने। जिसके चलते हजारों गाएं मौत का शिकार हो गईं। राजस्थान में शुरू-शुरू में लंपी विषाणु फैला तो राज्य सरकार ने पशुपालकों को भरोसा दिलाया कि जल्द ही इस पर काबू पा लिया जायेगा। मगर यह फैलते-फैलते देश के सोलह राज्यों में पहुंच गया। हालांकि केंद्र और राज्य सरकारें इसकी रोकथाम के लिए टीका बनाने की बात कह कर लोगों को न घबराने की सलाह दे रही हैं, लेकिन जिस रफ्तार से बीमारी सारे देश में फैल रही है और गायों के अलावा दूसरे मवेशियों की मौत की वजह बनती जा रही है, उससे पशुपालकों का चिंतित होना स्वाभाविक है। लोगों में दहशत यह भी फैल रही है कि कहीं गाय और भैंस के दूध में भी लंपी विषाणु का असर तो नहीं है। गौरतलब है राजस्थान में ही लगभग डेढ़ लाख से ज्यादा गाएं संक्रमित हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक साठ हजार से ज्यादा गायों की मौत लंपी से हो चुकी है। हालांकि गैरसरकारी आंकड़ों में एक लाख से ज्यादा की मौत हो चुकी है। गौरतलब है कि राजस्थान एक दुग्ध उत्पादक राज्य है। लाखों लोगों की आजीविका गायों से चलती है। ऐसे में इस पर नियंत्रण न होना, चिंता की बात है। लंपी कैप्रिपाक्स परिवार का विषाणु है। पशुओं में यह बीमारी त्वचा संक्रमण के रूप में लगातार फैल रही है। गौरतलब है कि इस बीमारी से पशु में गांठें बन जाती हैं और मक्खी-मच्छर इन पर बैठ कर इस बीमारी को दूसरे जानवरों तक पहुंचाने का काम करते हैं। राजस्थान में लंपी से सबसे अधिक प्रभावित जिला बाड़मेर है, जहां हजारों की तादाद में गायों की मौत हुई है। अब राजस्थान सीमा से सटे गुजरात के इलाकों में भी लंपी ने छलांग लगाई और देखते ही देखते हजारों गाएं संक्रमित हो गईं। कच्छ में हालात ज्यादा खराब हैं। वहां हजारों की संख्या में लंपी से गाएं संक्रमित हैं। स्थानीय लोगों ने लंपी पर काबू न पाने की वजह गुजरात सरकार के उच्चाधिकारियों और चिकित्सा विभाग की निष्क्रियता को माना है। यहां के किसान अपने बूते ही पशुओं को बचाने में लगे हुए हैं। गौरतलब है कि राज्य के 1,935 गांवों में लंपी विषाणु फैल चुका है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक कच्छ इलाके में पंद्रह सौ से ज्यादा मवेशियों की मौत हो चुकी है। पश्चिमी राजस्थान के तकरीबन हर जनपद की गाय-भैंसें इसकी चपेट में हैं। गौरतलब है कि इससे दूध का संकट राजस्थान सहित देश के दूसरे राज्यों में भी देखा जाने लगा है। आम आदमी को लगने लगा है कि जो दूध उसे कंपनियां पिला रही हैं वह कहीं लंपी से संक्रमित गाय या भैंस का तो नहीं है। दरअसल, लंपी कोरोना की तरह लाइलाज बीमारी मानी जा रही है। एहतियात के तौर पर लंपी से बीमार पशुओं को गोट पाक्स के टीके लगाये जा रहे हैं। कहा जा रहा है, इस साल पश्चिमी राजस्थान में सामान्य से ज्यादा बरसात हुई है, जिसके चलते यह बीमारी फैली। मगर यह बीमारी दिल्ली सहित देश के सोलह राज्यों में फैल चुकी है। ऐसे में यह कहना जल्दबाजी होगी कि लंपी ज्यादा बरसात की वजह से भारत में फैल रही है। सवाल है कि जब तक लंपी विषाणु के पैदा होने और संक्रमण के फैलने पर ठीक-ठीक वैज्ञानिक शोध न आ जाए, इसके बारे में कुछ कहना मुश्किल है। आमतौर पर पशुओं में मुंहपका और खुरपका बीमारियां बरसात में हुआ करती हैं, लेकिन लंपी अलग किस्म की बीमारी है। इसकी कोई दवा न होने की वजह से जानवरों की मौत आनन-फानन में हो जाती है। राजस्थान में तीन हजार पांच सौ बाईस गौशालाएं हैं, जिनमें ग्यारह लाख बहत्तर हजार एक सौ बाईस गोवंश पाले जाते हैं।

■ अखिलेश आर्येंदु

यूक्रेन युद्ध को और भड़काने की तैयारी में पुतिन

यूक्रेन व रूस के बीच सात महीने से जारी खूनी जंग तीसरे दौर में प्रवेश करने जा रही है। इस युद्ध का पहला चरण था, यूक्रेन के भीतर फौज उतारकर बलपूर्वक कूटनीतिक मकसद हासिल करना। मगर जैसा कि अब हम समझ चुके हैं कि यूक्रेन की सरकार भले ही मार्च में बातचीत के जरिये समझौते के लिए आग्रही थी और भू-राजनीतिक तटस्थता के लिए प्रतिबद्धता जताने को तैयार थी, लेकिन अमेरिका ने शांतिपूर्ण समाधान की इस पहल को वीटो कर दिया था। ऐसा इसलिए, क्योंकि उसका मानना था कि यह युद्ध यदि लंबा चला, तो वह परदे के पीछे से रूस को काफी नुकसान पहुंचा सकता है। इसके बाद रूस ने कीव की घेराबंदी करते हुए पूर्वी व दक्षिणी यूक्रेन के रूसी बहुल आबादी वाले क्षेत्रों को सुरक्षित करने के लिए अति-केंद्रित सैन्य अभियान की रणनीति अपनाई। करीब दो लाख रूसी सैनिक मैदान में उतार दिये गये और लंबी दूरी की मिसाइलें व तोपों के इस्तेमाल के साथ-साथ हवाई हमलों से डोनबास के एक बड़े हिस्से को कब्जे में ले लिया गया। इससे काला सागर तक यूक्रेन की पहुंच प्रभावित हो गई। यूक्रेन में रूस 1,000 किलोमीटर की एक नई सीमा रेखा बनाने में भी सफल रहा और नोवोरोसिया के एक बड़े हिस्से पर भी कब्जा जमा लिया, जहां 75 लाख लोग रहते हैं, जिनमें से ज्यादातर रूसी भाषी हैं। हालांकि, यूक्रेन में सरकार गिराने या कम से कम उसे बातचीत की मेज पर लाने संबंधी रूस का लक्ष्य कीव को मिले पश्चिमी समर्थन और उसके नीति-निर्माताओं के सख्त रुख के कारण अंजाम तक नहीं पहुंच सका। मगर रूसी रक्षा मंत्रालय का अनुमान है कि एक लाख से अधिक यूक्रेनी सैनिक इस युद्ध में मारे गये हैं या गंभीर रूप से घायल हुए हैं, तो वहीं करीब छह हजार रूसी सैनिकों की जान गई है। यूक्रेन से आने वाली खबर भी कुछ ऐसी ही तस्वीर दिखाती है। साफ है, ऐसी परिस्थितियों से निपटना, पुतिन सरकार के लिए कोई कड़वी गोली निगलने के समान है। आठ साल पहले शुरू हुआ अमेरिका और नाटो का प्रभाव फरवरी, 2022 में युद्ध शुरू तक एक ऐसे मोड़ पर पहुंच गया था, जहां यूक्रेन अनौपचारिक रूप से गठबंधन का सदस्य था। जाहिर है, किसी भी संभावित सदस्य राष्ट्र की सुरक्षा के लिए नाटो ने कभी इतनी बड़ी कीमत नहीं चुकाई होगी, जितनी उसने यूक्रेन में चुकाई है। इस युद्ध में सस्ती गैस या ईंधन की चाह रखने वाले यूरोपीय परिवार बड़ी कुबार्नी दे रहे हैं, जर्मन औद्योगिक पतन के मुहाने पर हैं और अमेरिकी मुद्रास्फीति (या महंगाई से पैदा होने वाली मंदी) से जूझ रहे हैं। हां, यह जरूर है कि अमेरिका और नाटो यूक्रेन को 'आंशिक समर्थन' देने का माहौल बनाकर रूस के साथ प्रत्यक्ष टकराव से बचने में सफल रहे हैं, जिसने रूस को अपनी रणनीति पर फिर से सोचने को प्रेरित किया। 21 सिंतबर को पुतिन ने रूसी रिजर्व बल से लगभग तीन लाख सैनिकों की 'आंशिक लामबंदीह्न'की घोषणा की है, जिन्हें सर्दियों में संभावित तैनाती से पहले बाकायदा प्रशिक्षण दिया जायेगा। यह यूक्रेन में रूस की सैन्य ताकत को दोगुना कर देगा। पुतिन ने रूस की अखंडता पर आई चुनौती की बात कहते हुए आह्वान किया है कि वह उपलब्ध तमाम हथियारों का इस्तेमाल करेंगे। साफ है, गेंद अब अमेरिकी पाले में आने वाली है। यह कोई छिपा तथ्य नहीं है कि अमेरिका इस युद्ध में शामिल है, इसलिए हमले तेज करने का संकेत देकर पुतिन ने हर गणित बदल दिये हैं। अगले कुछ दिनों में होने वाले जनमत संग्रह के बाद डोनबास में परमाणु हथियार की तैनाती की बात कही गई है, जिसका मतलब है कि नाटो का समर्थन पाकर यूक्रेन यदि कोई आक्रामक कदम उठाता है, तो पश्चिम को इसके गंभीर नतीजे भुगतने पड़ सकते हैं। अब तक अमेरिका ने रूस की आसान जीत की राह रोक रखी है, जिसके लिए यूक्रेन को बड़ी कीमत भी चुकानी पड़ी है, मगर रूस ने यूक्रेन की ऊर्जा-रहित सर्दी में भी बेहतर तरीके से लड़ सकने वाले सुरक्षा बलों की तैनाती पर अपना दांव लगाया है।

■ जोरावर दौलत सिंह

धर्म दर्शन

श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

अथ प्रथमोऽध्यायः

तब उस कोड़ेके आघातका स्मरण करते हुए मुनिने उसे यह शाप दे दिया। हे दुराचारी! तुम वनमें भयंकर शरीरवाले विशाल सर्प हो जाओ, जहाँ तुम्हें हजारों वर्षोंतक बहुत कष्ट भोगते हुए विचरण करना पड़ेगा और अपने प्रभावसे तुम पुनः स्वर्ग प्राप्त करोगे। युधिष्ठिर नामवाले धर्मपुत्रका दर्शनकर और उनके मुखसे अपने प्रश्नोंके उत्तर सुनकर तुम्हारी मुक्ति हो जायगी ॥ 54-56 ॥

व्यासजी बोले- इस प्रकार शाप प्राप्तकर राजर्षि नहुष उन मुनिश्रेष्ठकी स्तुति करके अचानक स्वर्गसे गिर पड़ा और सर्परूपधारी हो गया ॥ 57 ॥

तब बृहस्पतिने शीघ्रतापूर्वक मानसरोवर जाकर इन्द्रसे सारा वृत्तान्त विस्तारपूर्वक कहा है महाराज (जनमेजय) ! राजा नहुषके स्वर्गसे पतन आदिकी बात सुनकर इन्द्र बहुत प्रसन्न हुए। वे इन्द्र अब भी वहाँपर स्थित रहे। सभी देवता और मुनि नहुषको पृथ्वीपर गिरा देखकर उसी सरोवर के पास गये, जहाँ इन्द्र रहते थे ॥ 58-60 ॥

तत्पश्चात उन शचीपति इन्द्रको आश्वासन देकर मुनियोंसहित सभी देवता उन्हें सम्मानपूर्वक स्वर्ग ले आये। तदनन्तर वापस आये हुए उन इन्द्रको सभी मुनियों और देवताओंने आसनपर स्थापित करके उनका पवित्र अभिषेक किया। इन्द्र भी अपने पदको प्राप्तकर प्रेमयुक्त शचीके साथ देवप्रासाद और मनोहर नन्दनवनमें क्रीड़ा करने लगे ॥ 61-63 ॥

व्यासजी बोले- हे राजन! इस प्रकार इच्छानुसार रूप धारण करनेवाले महामुनि विश्वरूप और वृत्रासुरको मारनेके कारण इन्द्रको अत्यन्त भीषण दुःख प्राप्त हुआ और देवीको कृपासे उन्होंने पुनः अपना स्थान प्राप्त कर लिया ॥ 64-65 ॥

हे राजन ! इस प्रकार आपने मुझसे जो पूछा था, वृत्रासुरवधपर आधारित यह सम्पूर्ण उत्तम आख्यान मैंने आपको कह दिया ॥ 66 ॥

जो जैसा कर्म करता है, उसे वैसा फल प्राप्त होता है। किये गये शुभ-अशुभ कर्मका फल अवश्य ही भोगना पड़ता है ॥ 67 ॥

जनमेजय बोले- हे ब्रह्मन! आपने अद्भुत कर्म करनेवाले इन्द्रका आख्यान कहा, जिसमें उनके पदच्युत होने और दुःख प्राप्त करनेका विशेषरूपसे वर्णन किया गया है तथा जिसमें देवताओंकी भी अधीश्वरी देवी भगवतीको महिमा विस्तारसे हुई है ॥ 1 ॥

मुझे महान सन्देह है कि महान तपस्वी इन्द्रको देवाधिपतिका पद प्राप्त होनेपर भी दारुण दुःख प्राप्त हुआ। सौ यज्ञ करके उन्होंने अतिश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया और देवताओंक स्वामीका पद प्राप्त करके भी वे अपने स्थानसे कैसे च्युत हो गये? ॥ 2-3 ॥

- क्रमशः

संपादक के नाम पाठकों की पाती

आवारा कुत्तों से खतरा

शहर में आवारा पशुओं की संख्या काफी बढ़ गई है। अभी शहर के कई जगहों पर आवारा कुत्तो के झुंड घुमते दिखाई देते है एवं सदर अस्पताल में प्रतिदिन दर्जनों कुत्तों का जमावड़ा देखा जा रहा है। जो लोगों के लिए घातक बन सकता है। इतना ही नहीं रात होने पर अस्पताल के बाहर दर्जनों कुत्तों अस्पताल के अन्दर घुस कर सोते हैं जिससे मरीजो को आने जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं कई चौक -चौराहों पर गाय व साढ़ भी दिखाई देते हैं। इन पशुओं के आपस में लड़ने के कारण राहगीरों को चोट लगने का खतरा रहता है। रात के समय कई मवेशी राह पर ही आराम से बैठे रहते हैं,जिसके कारण वाहन चालकों को काफी असुविधा होती है। कई बार तो ऐसा होता है कि अगर गाय काली या लाल रंग की ही तो सड़क पर दिखाई नहीं देती है,जिसके कारण दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। वहीं,कुत्तों की बात करें तो ये कुत्ते रात में अकले व्यक्ति को देखकर उन्हें काफी परेशान करते हैं, कभी-कभी तो काट भी लेते हैं। वहीं देखा जाये तो गाय का मालिक कोई न कोई जरूर होता है,लेकिन कुत्तों का कोई मालिक नहीं होता है। ऐसे में गाय पालकों से अपील है कि अपनी गाय को यूं ही आवरा नहीं भटकने दें और उसे अपने घर में बांध कर रखें। वहीं कुत्ते अधिकतांशतः आवारा ही होते हैं,कई लोग तो इन कुत्तो के चलते अपनी राह भी बदल देते हैं। मैं आपके लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से नगर निगम के अधिकारियों से अनुरोध करता हूं कि शहर को मवेशियों के कारण होने वाली परेशानियों से निजात दिलायी जाये।

■ श्याम कुमार, हमीदगंज, मेदिनीनगर।

निर्यात आधारित विकास से तरक्की करेगा उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश महज भारत के 28 राज्यों में एक है, लेकिन यह करीब 23 करोड़ लोगों का घर है, और यदि यह एक स्वतंत्र राष्ट्र होता, तो आबादी के लिहाज से दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा देश होता। हाल के दिनों में यहां की शासन-व्यवस्था बेशक सुधरी है, पर आजादी से पहले और बाद के कुछ दशकों के कुप्रबंधन ने इस बड़ी और बढ़ती हुई आबादी को भारत के गरीबों में शुमार कर दिया है। यह प्रति व्यक्ति आय के मामले में पूर्वी पड़ोसी राज्य बिहार को छोड़कर देश के तमाम सूबों में सबसे पीछे है। इस सूरतेहाल में उत्तर प्रदेश सरकार का 'मिशन वन ट्रिलियन' संभावनाओं को हकीकत में बदलने का एक अवसर है। राज्य की अर्थव्यवस्था को अगले पांच वर्षों में एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाना इस पहल का मकसद है, जो संभव भी है। आखिर यह आर्थिक विकास होगा कैसे? पिछले 75 वर्षों में, कोई भी कम आय वाला देश निर्यात पर अपनी निर्भरता अधिकाधिक बढ़ाये बिना तेज तरक्की नहीं कर सका है। जापान, ताइवान, दक्षिण कोरिया से लेकर चीन तक की सफलता इसकी तस्दीक करती है। यहां तक कि पिछले तीन दशकों में भारत ने जो विकास किया है, उसमें भी निर्यात का बड़ा हाथ है। इससे संपन्न और बड़े बाजारों से पूंजी आती है। भारत के लिए यह इसलिए भी अहम है, क्योंकि प्रति व्यक्ति आंकड़ों में हम आज भी मध्यम व उच्च आय वाले देशों की तुलना में गरीब हैं। अगर यहां की औसत आय ज्यादा होती, तो भारतीय उद्योग के लिए यह तुलनात्मक रूप से एक बड़ा बाजार होता। इतना ही नहीं, निर्यात इस बात का भी संकेतक है कि हमारा संस्थागत व औद्योगिक ढांचा वैश्विक बाजार में मुकाबला करने लायक है। हम निर्यात प्रदर्शन और विकास को प्रतियोगी परीक्षाओं की तरह देख सकते हैं। परीक्षाएं अपने आप में हमारी समझ को बेहतर नहीं बनातीं, बल्कि हमें इसके लिए तैयारी करनी पड़ती है। हमें अपनी क्षमता के अनुरूप विषयों का चुनाव करना पड़ता है, और उन पर मेहनत करनी होती है। ये परीक्षाएं इसी बात का पैमाना होती हैं कि हम अपनी तैयारी में सफल हुए अथवा नहीं। निर्यात प्रदर्शन भी यही बताता है कि क्या हमारी तैयारी (बुनियादी उत्पादों की पसंद और स्थानीय व्यापार में सुगमता लाने से लेकर उद्यमिता व बुनियादी ढांचे की गुणवत्ता तक) पर्याप्त है, और हम अपने निर्यात लक्ष्यों में सफल रहे हैं? इसमें उत्तर प्रदेश को भला कैसे सफलता मिल सकती है? यहां सबसे जरूरी उन क्षेत्रों का चयन है, जिसमें यह राज्य क्षमतावान है। इस लिहाज से उत्तर प्रदेश की प्रमुख ताकत उसके लोग हैं। उसके पास एक बड़ा श्रम-बल है, और श्रम के लिहाज से वह उन देशों से प्रतिस्पर्द्धा कर सकता है, जहां श्रम-प्रधान उद्योग काफी सफल रहे हैं। समय के साथ समृद्ध होने वाले प्रत्येक निम्न-आय वाले देशों ने अपनी यात्रा की शुरूआत में इस ताकत का लाभ उठाया है। इसके लिए श्रम प्रधान उद्योगों के निवेश की राह आसान बनाई गई और बड़े-बड़े उद्योगों के विकास व संचालन के लिए नियामक, प्रशासनिक और बुनियादी ढ़ांचे सुधारे गये। मगर अपने यहां मैन्युफैक्चरिंग के लिए नियामक वातावरण का अभाव रहा है। भारत में श्रम प्रधान उद्योगों से जुड़ी किसी भी बहस में फैक्टरी चलाने संबंधी मुश्किलों की चर्चा सामान्य है। लालफीताशाही से लेकर स्थानीय राजनीतिक मसले तक तमाम समस्याएं हमारे सामने हैं। यहां चीन व बांग्लादेश का उदाहरण ले सकते हैं, जहां फैक्टरी के लिए भूमि आवंटन, बुनियादी ढांचे तक पहुंच या ढुलाई आदि की क्लीयरेंस जैसी स्थितियां सुगम बनाई गईं। जाहिर है, आर्थिक व निर्यात संबंधी सफलता को प्राथमिकता बनाने के साथ-साथ उत्तर प्रदेश को इन समस्याओं से पार पाने के लिए भी तत्परता दिखानी होगी। अच्छी बात है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मजबूत स्थिति में हैं और प्रदेश के तेज विकास के इच्छुक हैं। वह चाहें, तो पूरे सूबे की नियामक, प्रशासनिक और बुनियादी ढांचा संबंधी समस्याओं से निपटने के बजाय उन कुछ बड़े क्षेत्रों का चयन कर सकते हैं, जहां चीन, वियतनाम या बांग्लादेश जैसे प्रतिद्वंद्वी देशों के बरअक्स स्थितियां बेहतर बनाई जा सकती हैं। ऐसा करना उत्तर प्रदेश ही नहीं, भारत के लिए भी बेहतर होगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

■ राहुल अहलूवालिया

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.)प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-240042/ 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

मां दुर्गा की उपासना का त्योहार शारदीय नवरात्र शुरू

पटना (एजेंसी)। बिहार में शक्ति की अधिष्ठात्री मां दुर्गा की उपासना का त्योहार शारदीय नवरात्र आज से शुरू हो गया। शुभ मुहुर्त में विधि विधान से नवरात्र आराधना को लेकर कलश की स्थापना कर पूजा शुरू की गई। इसके साथ ही मां दुर्गा के नौ रूपों की उपासना का नौ दिवसीय अनुष्ठान आज से शुरू हो गया। घरों और मंदिरों में पूजा-पाठ एवं दुर्गा सप्तशती का पाठ शुरू हो गया। शारदीय नवरात्र को लेकर सुबह होते ही लोग पूजा की तैयारी में लग गये। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान भी किया। इस व्रत को करने वाले लोगों ने घर की साफ-सफाई पूरी करने के बाद कलश स्थापना की। नवरात्र के पहले दिन भगवती के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की पूजा की जा रही है। नवरात्र के पहले दिन ही मां शैलपुत्री की आराधना मेंपटना आसपास के इलाके के लोग सुबह से ही भक्ति में लीन रहे। मंदिरों तथा घरों में कलश स्थापना के साथ देवी दुर्गा की आराधना शुरू हो गई है। इस मौके पर बिहार में सभी देवी मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी है। इस बार नवरात्रि पर्व बेहद खास है। देवी दुर्गा का आगमन हाथी पर हो रहा है, जो काफी शुभ माना जाता है। आचार्य राकेश झा ने बताया कि आज से आरंभ हो रहे शारदीय नवरात्र में देवी दुर्गा का आगमन एवं विदाई दोनों ही हाथी पर हो रहा है। देवी भागवत पुराण के अनुसार देवी मां गज यानी हाथी पर आगमन एवं हाथी पर विदाई होने से भक्तों को सुख-समृद्धि, कामना पूर्ति के साथ देश में खुशहाली का वातावरण तथा पर्याप्त वर्षा होती है। दुर्गा पूजा के दौरान दुर्गा सप्तशती एवं अन्य धार्मिक ग्रंथों के पाठ करने या संकल्प देकर योग्य ब्राह्मणो द्वारा करवाने से अनिष्ट ग्रहों से छुटकारा, रोग-शोक का नाश, पीड़ाओं से मुक्ति, धन-धान्य, ऐश्वर्य, ज्ञान, वैभव, कौशल में वृद्धि, पारिवारिक सौहार्द, समाजिक समरसता, आपसी प्रेम, निरोग काया तथा स्थिर लक्ष्मी की प्राप्ति होती है। ज्योतिषी झा ने कहा कि नवरात्र में कलश स्थापन का विशेष महत्व होता है। कलश में ब्रह्मा, विष्णु, रूद्र, नवग्रहों, सभी नदियों, सागरों-सरोवरों, सातों द्वीपों, षोडश

मातृकाओं, चौसठ योगिनियों सहित सभी तैंतीस करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है। इसीलिए सिर्फ कलश की पूजा करने मात्र से ही श्रद्धालु को सर्वदेव पूजन का पुण्यफल मिल जाता है। सभी शुभ कार्य जल्द सिद्ध होते है तथा उसका लाभ दीर्घ काल तक मिलता है। नवरात्र में वेद मंत्रों के उच्चारण, धार्मिक ग्रंथो का पाठ, हवन, कर्पूर की आरती, घंटी, करताल, डमरू की ध्वनि से नकारात्मक ऊर्जा का ह्रास तथा सकारात्मकता का वास होता है क जिससे जीवन में उन्नति-तरक्की के प्रबल आसार बनते है। उन्होंने कहा कि शारदीय नवरात्र में तिथि, वार, नक्षत्र एवं योगों के युग्म संयोग से करीब सभी दिन माता जगदंबा की कृपा पाने हेतु पूजा-पाठ, मंत्र जाप, भोग-आरती कर उनको प्रसन्न करने तथा अन्य शुभ कार्यों के लिए उत्तम रहेगा।

26 सितम्बर सोमवार से नौ दिनों तक माता के नौ अलग-अलग रूपों की पूजा की जाती है।अपने पहले स्वरूप में मां 'शैलपुत्री' के नाम से जानी जाती हैं। पर्वतराज हिमालय के घर पुत्री रूप में जन्म लेने के कारण इनका नाम 'शैलपुत्री' पड़ा। इनकी पूजा से चंद्रमा से संबंधित दोष समाप्त होते हैं। नवरात्र पर्व के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की जाती है। उन्होंने भगवान शंकर को पति रूप में पाने के लिए घोर तपस्या की थी। इस कारण उन्हें ब्रह्मचारिणी नाम से जाना जाता है। मां ब्रह्मचारिणी की पूजा से मंगल ग्रह के बुरे प्रभाव कम होते हैं। मां दुर्गा की तीसरी शक्ति का नाम चंद्रघंटा है। नवरात्र में तीसरे दिन इनकी पूजा होती है। इनके मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्र है, जिससे इनका यह नाम पड़ा। इस देवी की पूजा से शुक्र ग्रह के बुरे प्रभाव दूर होते हैं। नवरात्र पूजन के चौथे दिन देवी के कूष्मांडा के स्वरूप की ही उपासना की जाती है। मान्यता है कि उन्होंने अपनी हल्की हंसी से ब्रह्मांड को उत्पनकिया था उनकी आठ भुजाएं हैं। मां कूष्मांडा की पूजा से सूर्य के कुप्रभावों से बचा जा सकता है। नवरात्र का पांचवां दिन स्कंदमाता की पूजा का होता है। माना जाता है कि उनकी कृपा से मूर्ख भी ज्ञानी हो जाता है। स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता होने के कारण इन्हें स्कंदमाता नाम से जाना जाता है। ये बुध ग्रह के बुरे प्रभाव को कम करती हैं।

मां दुर्गा के छठे स्वरूप का नाम कात्यायनी है। इनकी उपासना से भक्तों को आसानी से धन, धर्म, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है। महर्षि कात्यायन ने पुत्री प्राप्ति की इच्छा से मां भगवती की कठिन तपस्या की तब देवी ने उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लिया, जिससे उनका यह नाम पड़ा।दुगार्पूजा के सातवें दिन मां कालरात्रि की उपासना की जाती है। कालरात्रि की पूजा करने से ब्रह्मांड की सारी सिद्धियों के दरवाजे खुल जाते हैं और सभी असुरी शक्तियों का नाश होता है। देवी के नाम से ही पता चलता है कि इनका रूप भयानक है। मां दुर्गा की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। उनकी आयु आठ साल की मानी गई है। उनके सभी आभूषण और वस्त्र सफेद होने की वजह से उन्हें श्वेताम्बरधरा भी कहा गया है। इस देवी की पूजा से राहु के बुरे प्रभाव कम होते हैं। नवरात्र पूजन के नौवें दिन देवी सिद्धिदात्री की उपासना कीजाती है। इस दिन शास्त्रीय विधि-विधान और पूर्ण निष्ठा के साथ साधना करने वालों को सभी सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है। भगवान शिव ने भी सिद्धिदात्री की कृपा से ये सभी सिद्धियां प्राप्त की थीं। मां सिद्धिदात्री केतु ग्रह को नियंत्रित करती हैं।

न्यूज गैलरी

नवरात्रि पर दिया विश्व शांति मानवता सामाजिक सद्भावना एवं आपसी प्रेम का संदेश

बेतिया (एजेंसी)। सत्याग्रह रिसर्च फाउंडेशन के सभागार सत्याग्रह भवन में नवरात्रि के अवसर पर अपने संदेश में अंतरराष्ट्रीय पीस एंबेस्डर सह सचिव सत्याग्रह रिसर्च फाउंडेशन डॉ एजाज अहमद अधिवक्ता, डॉ सुरेश कुमार अग्रवाल चांसलर प्रज्ञान अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय झारखंड, डॉ शाहनवाज अली सहित अन्य ने विश्व शांति मानवता सामाजिक सद्भावना एवं आपसी प्रेम का संदेश देते हुए कहा कि नवरात्रि भारत का एक प्रमुख पर्व है। नवरात्रि एक संस्कृत शब्द है, जिसका अर्थ होता है "नौ रातें"। इन नौ रातों एवं दस दिनों के दौरान, शक्ति / देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। दसवां दिन दशहरा के नाम से प्रसिद्ध है। नवरात्रि वर्ष में चार बार आता है। माघ, चैत्र, आषाढ, अश्विन मास में प्रतिपदा से नवमी तक मनाया जाता है। नवरात्रि के नौ रातों में तीन देवियों – महालक्ष्मी, महासरस्वती या सरस्वती एवं महाकाली के नौ स्वरुपों की पूजा होती है जिनके नाम एवं स्थान क्रमशः इस प्रकार है नन्दा देवी योगमाया (विंध्यवासिनी शक्तिपीठ), रक्तदंतिका (सथूर), शाकम्भरी (सहारनपुर शक्तिपीठ), दुर्गा(काशी), भीमा (पिंजौर) और भ्रामरी (भ्रमराम्बा शक्तिपीठ) नवदुर्गा कहते हैं। नवरात्रि एक महत्वपूर्ण प्रमुख त्योहार है जिसे पूरे भारत एवं विभिन्न देशों में महान उत्साह के साथ मनाया जाता है।

तालाब में डूबने से पांच वर्ष के बच्चे की हुई मौत

धमतरी (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में अजुर्नी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक तालाब में डूबने से पांच वर्ष के बच्चे की मौत हो गयी है। अस्पताल पुलिस चौकी सूत्रों के अनुसार अजुर्नी निवासी विजय यादव का पुत्र देव (05) पहली कक्षा का छात्र था। कल शाम अपने दोस्तों के साथ तालाब किनारे खेल रहा था। इसी दौरान पैर फिसलने से वह तालाब में डूब गया। साथियों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। जब तक परिजन तलाब पहुंचते तब तक देव डूब चुका था। तालाब से निकालकर उसे यहां अस्पताल लाया गया जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

भारी मात्रा में स्पिरिट बरामद

खगड़िया (एजेंसी)। बिहार में खगड़िया शहर के हाजीपुर मुहल्ले में एक मकान से भारी मात्रा में स्पिरिट बरामद की गयी है। उत्पाद अधीक्षक विकेश कुमार ने आज यहां बताया कि सूचना के आधार पर हाजीपुर मुहल्ले के बेंजामिन चौक निवासी राजकुमार यादव पर घर पर छापेमारी की गयी। इस दौरान मौके पर से 20 कार्टन में मौजूद करीब 960 बोतल स्पिरिट बरामद की गयी है। श्री कुमार ने बताया कि इस सिलसिले में एक मामला दर्ज कराया गया है। बरामद स्पिरिट की जांच की जा रही है।

भारी मात्रा में सरकारी अनाज जब्त

भागलपुर (एजेंसी)। बिहार में भागलपुर जिले के सन्हौला थाना क्षेत्र मे कालाबाजारी के लिए जा रहे एक ट्रक से भारी मात्रा में सरकारी अनाज को पुलिस ने पकड़ा है। भागलपुर के जिला आपूर्ति पदाधिकारी अंजनी कुमार श्रीवास्तव ने सोमवार को यहां बताया कि कमालपुर गांव के निकट पेट्रोल पंप से रविवार की देर रात को तेल लेने खड़े चावल लदे एक ट्रक की सूचना पर कहलगांव के अनुमंडल पदाधिकारी मधुकांत के निर्देश के आलोक में सन्हौला के थानाध्यक्ष और आपूर्ति पदाधिकारी ने मौके पर पहुंच कर ट्रक से कुल 330 बोरा सरकारी चावल बरामद किया। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि इस दौरान मौके पर से ट्रक का चालक एवं सह चालक फरार हो गए। ट्रक पर लदे सरकारी चावल कहां से किस जगह पर ले जाये जा रहे थे, इसकी पूरी रिपोर्ट शीघ्र मुहैय्या कराने के लिए आपूर्ति पदाधिकारी को कहा गया है। वहीं, इस सिलसिले में सन्हौला के आपूर्ति पदाधिकारी ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध एक प्राथमिकी स्थानीय थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने सरकारी चावल सहित ट्रक को अपने कब्जे में लेने के बाद छानबीन शुरू कर दी है।

ट्रक से कुचलकर साइकिल सवार की मौत

सहरसा (एजेंसी)। सहरसा–मधेपुरा एन.एच.107 पर पटुआहा गांव के समीप सोमवार को साइकिल सवार उमेश यादव (45) की मौत ट्रक से कुचलकर हो गई। मृतक डुमरैल वार्ड संख्यां 33 का निवासी जगदीश यादव का पुत्र बताया जाता है। वे पटुआहा स्थित हनुमान मंदिर से पूजा कर साइकिल से घर लौट रहा था की तेज रफ्तार से जा रही ट्रक ने रौंद दिया। जिसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना से आक्रोशित लोगों ने एन.एच.पर टायर जला कर घंटो जाम कर दिया। जिस कारण दोनों दिशा में मोटरगाड़ियों की लंबी कतार लग गई। घटना की सूचना पर सदर थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

थाईलैंड में भी पार्थ-अर्पिता ने खरीदी है संपत्ति

कोलकाता। शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और उनकी महिला अर्पिता मुखर्जी ने थाईलैंड में भी जमीन खरीदी थी। हालिया पूछताछ में यह खुलासा हुआ है। ईडी के एक सूत्र ने सोमवार को इस बारे में जानकारी दी है। ईडी की चार्जशीट में इस बारे में जानकारी भी दी गई है। पार्थ चटर्जी और अर्पिता समय–समय पर वहां जाया करते थे। चटर्जी और अर्पिता मुखर्जी जेल हिरासत में हैं, लेकिन ईडी और सीबीआई इन मामलों की तहकीकात कर रहे हैं। ईडी सूत्रों के मुताबिक, पार्थ चटर्जी समय मिलने पर अर्पिता मुखर्जी के साथ लग्जरी होटलों में जाया करते थे। यहीं नहीं, पूर्व शिक्षा मंत्री अर्पिता को सिंगापुर में एक सरकारी कार्यक्रम में भी ले गए थे। ईडी की चार्जशीट के मुताबिक, पार्थ की शेल कंपनी सिम्बायोसिस ट्रेडर्स के डायरेक्टर स्नेहमय दत्त से पूछताछ के बाद सनसनीखेज जानकारी सामने आई है। पता चलता है कि पार्थ 2014–2015 में एक संगठन के निमंत्रण पर थाईलैंड गए थे। अर्पिता उनके साथ गई थी। अर्पिता का सारा खर्च पूर्व मंत्री ने वहन किया था, लेकिन सिर्फ विश्व प्रसिद्ध समुद्र तट पर घूमे ही नहीं, पार्थ चटर्जी ने वहां एक बंगला खरीदा था जिसमें अर्पिता चटर्जी के साथ भागीदारी है।

उ.प्र : लखनऊ में ट्रैक्टर ट्रॉली तालाब में पलटने से दस की मौत, राहत कार्य जारी

जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचकर कर रहे रेस्क्यू

लखनऊ (एजेंसी)। उप्र के लखनऊ में इंटौजा थाना इलाके में सोमवार को लोगों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली तालाब में पलटने के हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई। हादसे में मरने वालों की पुष्टि जिलाधिकारी ने की है। जबकि पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से 36 से अधिक लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। घटना में युद्ध स्तर पर राहत व बचाव कार्य जारी है। शरदीय नवरात्र के पहले दिन सीतापुर के अटरिया स्थित तिकौली गांव के रहने वाले चुन्नीलाल उर्फ चुन्नन के बेटे का मुंडन कराने के लिए इंटौजा के ऊनई देवी मंदिर जा रहे थे। ट्रैक्टर ट्रॉली में चुन्नीलाल का परिवार और रिश्तेदार के अलावा गांव के लोग बैठे थे। कुम्हरावां के पास गद्दीनपुरवा गांव के पास बेकाबू ट्रक ने ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार दिया। टक्कर इनती जोरदार थी कि लोगों से भरी ट्रैक्टर ट्राली तालाब में जाकर पलट गई।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू करके लोगों को सुरक्षित निकाला। इस बीच

एसडीआरएफ व पीएसी, गोताखोरों का दल भी मौके पर पहुंचा और राहत व बचाव कार्य तेजी से शुरू किया गया। तालाब से लोगों को निकालते हुए अस्पताल पहुंचाया गया।

घटनास्थल पर पहुंचे जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने बताया कि तालाब में लोगों से भरी ट्रैक्टर ट्राली पलटने से 10 लोगों की मौत हो गई है। मौके पर राहत कार्य जारी है, घायलों का अस्पताल में बेहतर इलाज चल रहा है। अब तक 37 घायलों को अस्पताल पहुंचाया जा चुका है। इनमें 36 का इलाज सीएचसी इटौंजा और एक घायल को केजीएमयू में भर्ती कराया गया है। मृतकों की पहचान करते हुए शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। मृतकों में आठ महिलाएं, दो बच्चे शामिल हैं। मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष से 4-4 लाख की सहायता मृतकों के परिजनों को दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने जताया दुख

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ हुए सड़क हादसे में अब तक 10 लोगों की मृत्यु पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने अधिकारियों को राहत बचाव कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

ट्रॉली में सवार थे 46 लोग

पुलिस ने अब तक चार शवों की शिनाख्त कर ली है। इनमें टिकौली गांव निवासी सुखरानी (45), सुषमा मोर्य (52), रुचि मौर्य (18) और कोमल (38) हैं। जबकि छह अन्य की पहचान अभी बाकी है। बताया जा रहा है कि ट्राली में 46 लोगों सवार थे।

इनमें अभिषेक मौर्या, अंशिका मौर्या, शिवा मौर्या, लक्ष्मी मौर्या, अश्विनी चौरसिया, मनीष अवस्थी, सुमन, मीरा चौरसिया, किरन, अनन्या, शिवांश, अंशिका, विमला, राबिया, साजिदा, सुषमा, उर्मिला, आरती मौर्या, अंजलि, अर्पित मौर्या, आशुतोष, नीतू, अनिकेत, सलोनी, रामरती, प्रिया, पुष्पा गुप्ता, कमला, कृषिका, तान्या, दिव्यांका, जूही, सुमन, पूजा शामिल हैं।

बेगूसराय में आकाशीय बिजली से एक की मौत, पांच घायल, दो की हालत गंभीर

बेगूसराय (एजेंसी)। सोमवार की दोपहर बेगूसराय में बारिश के दौरान आकाशीय बिजली (ठनका) गिरने से एक बच्चे की जहां मौके पर ही मौत हो गई, वहीं पांच झुलसे कर घायल हो गए। घटना भगवानपुर थाना क्षेत्र के मेहदौली गांव की है। मृतक की पहचान वीरपुर थाना क्षेत्र के फुलकारी निवासी वंशराज पासवान के 16 वर्षीय पुत्र संजीव कुमार के रूप में की गई है। जबकि घायल की पहचान मेहदौली निवासी मेहदौली निवासी मुक्ति पासवान के 35 वर्षीय पुत्र राज कुमार पासवान, अनिल पासवान की 12 वर्षीय पुत्री खुशी कुमारी, ललन पासवान के 12 वर्षीय पुत्र बिट्टू कुमार राजेश पासवान के दस वर्षीय पुत्र विराज कुमार एवं रविन्द्र साह के 18 वर्षीय पुत्र धीरज कुमार के रूप में की गई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि यह सभी सोमवार की दोपहर तेज बारिश से बचने के लिए मेहदौली गांव के समीप स्थित एक बगीचा में पेड़ के नीचे खड़े हुए थे। इसी दौरान तेज आवाज के साथ वज्रपात हो गया, जिसमें सभी झुलस गए। जोरदार वज्रपात की आवाज सुनकर आसपास के लोग बारिश में ही घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े तथा सभी को उठाकर भगवानपुर पीएचसी लाया गया। जहां की डॉक्टरों ने संजीव कुमार को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल पांचों को प्राथमिक उपचार के बाद बेगूसराय सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिसमें से दो की हालत चिंताजनक बनी हुई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। बताया जा रहा है कि संजीव कुमार अपने नाना के यहां रह रहा था और आस पड़ोस के बच्चों के साथ घर से बाहर खेलने के लिए निकला था। खेलने के दौरान तेज बारिश से शुरू हो गई और इससे बचने के लिए सभी बच्चे पेड़ के नीचे छुप गए थे।

कुंडू चौधरी के जमींदार परिवार में साल में दो बार होती है दुर्गा पूजा

हावड़ा (एजेंसी)। जमींदार घराने से ताल्लुक रखने वाले कुंडू चौधरी परिवार की तरफ से साल में दो बार दुर्गा पूजा की जाती है। एक चैत्र के महीने में बसंती पूजा, दूसरी इस शरद ऋतु में शारदीय अकाल बोधन है। कुंडू चौधरी का विशाल जमींदार परिवार हावड़ा जिले के अंदुल बाजार बस स्टॉप से थोड़ी दूरी पर महियारी नामक इलाके में रहता है। इस जमींदार घराने की पूजा की विशेष बात यह है कि यहां देवी को महिषासुरमर्दिनी के रूप में नहीं, बल्कि संपूर्ण पारिवारिक रूप में पूजा जाता है। यहां देवी के संपूर्ण परिवार की मूर्तियां विराजमान होती हैं। शिव एक बैल की पीठ पर विराजमान हैं, उनके बगल में बहुत ही शांत रूप में मां दुर्गा हैं, जो लक्ष्मी, सरस्वती, कार्तिक और गणेश से घिरी हुई हैं। बिल्कुल एक परिवार की तरह। बसंती और शारदीय पूजा के दौरान मां की एक ही मूर्ति की पूजा होती है। पूजा के कुछ दिनों तक इस घर में मांसाहारी भोजन की कोई भूमिका नहीं होती है। इस घर में दशमी के दिन मां के विसर्जन के बाद ही मछली खाने का रिवाज है। यहां की पूजा की एक और विशेषता यह है कि यहां हरगौरी के साथ-साथ गरुड़ की भी पूजा की जाती है। पुरानी परंपरा के अनुसार दुर्गा पूजा के दौरान इस घर में नाव की भी पूजा की जाती है। अष्टमी पूजा के दिन सभी गृहणियां धुना जलाने में शामिल होती हैं। पहले यहां की मूर्ति का विसर्जन सरस्वती नदी में होता था लेकिन अब यह गंगा में किया जाता है।

सपा नेता और पूर्व विधायक दीपनारायण का बेटा गिरफ्तार

झांसी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश की झांसी पुलिस ने समाजवादी पार्टी के नेता और गरौठा से पूर्व विधायक रह चुके दीपनारायण सिंह यादव के आवास पर छापा मारकर उनके बेटे दीपांकर यादव को गिरफ्तार कर लिया है। श्री यादव की धर्मपत्नी मीरा दीपक यादव ने सोमवार को बताया कि रविवार देर रात अचानक भारी संख्या में पुलिसफोर्स उनके घर पहुंची और बिना कोई वारंट आदि दिखाये घर में घुस गयी तथा तलाशी ली। उन्होंने पहले श्री यादव के बारे में पूछा लेकिन उनके घर पर नहीं मिलने की स्थिति में वह बेटे को अपने साथ ले गये। उन्होंने बताया कि पुलिस ने कॉलोनी मे मौजूद सिक्योरिटी गार्ड से लाइसेंसी बंदूक और मोबाइल फोन भी छीन लिये। निवाड़ी से पूर्व विधायक रह चुकी मीरा यादव ने मौजूदा गरौठा विधायक जवाहर सिंह राजपूत पर सत्ता का दुरूपयोग करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस की मदद से उनके परिवार के खिलाफ उत्पीडनात्मक कार्रवाई की जा रही है। श्रीमती यादव

का कहना है कि उनके पुत्र का कोई पता नहीं लग रहा है यहां तक कि पुलिस अधिकारी उनके पुत्र का दोष भी नहीं बता पा रहे हैं कि आखिर उसे किस वजह से पकड़ा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि उनके पति तथा वह किसी भी उत्पीड़न की कार्रवाई से डरने वाले नहीं हैं। इस अन्याय के खिलाफ उनकी लड़ाई जारी रहेगी। श्रीमती यादव ने बताया कि पुलिस ने आते ही साथ उनके पति के बारे में पूछा और उनके यह कहने पर कि उनके पति लखनऊ किसी मीटिंग में गए हैं, पूरे पुलिस बल ने वहां मौजूद स्टाफ के साथ मारपीट की तथा बिना किसी सर्च वारंट के पूरे घर की तलाशी ली। उन्होंने आशका जतायी कि सत्ता के इशारे पर पुलिस उनके पति को किसी भी झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भेज सकती है। दरअसल, यह पूरा मामला कुछ दिन पूर्व उस समय से तेजी पकड़ा, जब समाजवादी पार्टी के पूर्व ब्लाक प्रमुख लेखराज सिंह यादव के खिलाफ पुलिस हिरासत से भागने के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया। इस मुकदमे में पूर्व गरौठा विधायक दीप नारायण सिंह के सगे साले तथा नगर पंचायत मोंठ के अध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह यादव, पूर्व विधायक के साले के साले सहित अन्य लोगों के खिलाफ मुजरिम को पुलिस हिरासत से भगाने का प्रयास करने का मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस ने नगर पंचायत मोंठ के अध्यक्ष के यहां छापा मारा। पुलिस के छापे के दौरान हड़बड़ाहट में अध्यक्ष सीढ़ियों से स्लिप हुए और उनके दोनों पैर टूट गए। कल रात ही पुलिस ने इस मामले में कुल 11 लोगों की गिरफ्तारी किए जाने का दावा किया।

नेपाल से सटे सीमावर्ती क्षेत्र में लगातार हो रही है खाद्य की तस्करी

किशनगंज। बिहार की सीमा से सटे सीमावर्ती क्षेत्र बंगाल के इलाके से धान फसल के उपयोग में आने वाले खाद की लगातार तस्करी की जा रही है। खाद तस्करी कर नेपाल से सटे सीमावर्ती क्षेत्र में डंप करने के बाद नेपाल में खपाया जाता है। इसके लिए बंगाल से अधिकांश मात्रा में खाद की तस्करी की जा रही है जिसका सुगम मार्ग किशनगंज बना हुआ है। जिला प्रशासन द्वारा गठित टास्क एवं पुलिस द्वारा अब तक खाद तस्करी के 13 मामले पकड़े गए हैं। सभी में बंगाल निर्मित व खाद की खेप पकड़ी गई है। जिले के भौगोलिक स्थिति के कारण खाद बार्डर से सटे इलाके से नेपाल में भेजे जाते हैं। तस्कर खाद की खेप नेपाल से सटे दिघलबैंक, टेढ़ागाछ और ठाकुरगंज इलाके में करते हैं। इसके बाद इसे कोरियर ब्वाय के माध्यम से नेपाल तक पहुंचाते हैं। पश्चिम बंगाल के खाद की तस्करी कर नेपाल तक भेजने के लिए किशनगंज का रास्ता तस्करों के लिए मुफिद मार्ग बना हुआ है। नेपाल से बिना बाड़ के बार्डर व खेतों से सटे इलाके से तस्करी का सबसे महफूज स्थान है।

नीतीश फूलपुर से चुनाव लड़े तो होगी जमानत जब्त : केशव मौर्य

भदोही (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आगामी लोकसभा चुनाव फूलपुर संसदीय सीट से लड़ने की अटकलों के बारे में कहा कि अगर वह इस सीट से चुनाव लड़े तो उनकी जमानत जब्त हो जायेगी। मौर्य ने यहां संवाददाताओं से कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के गठबंधन से अलग होने के बाद नीतीश की पार्टी जनता दल यू की बिहार में दो सीट जीतने की हैसियत रह जाती है। उन्होंने कहा कि 2014 के लोकसभा चुनाव में जदयू ने

भाजपा से अलग होकर चुनाव लड़ा था और तब नीतीश को दो सीट मिली थी। गौरतलब है कि हाल ही में नीतीश ने भाजपा के साथ गठबंधन तोड़ कर लालू यादव की राजद के साथ मिलकर बिहार में सरकार बना ली है। इसके बाद उत्तर प्रदेश की कुर्मी बहुल फूलपुर सीट से नीतीश के चुनाव लड़ने की अटकलें तेज हो गयी है। फूलपुर सीट से मौर्य भी सांसद रह चुके हैं।

इस सीट से नीतीश के चुनाव लड़ने पर भाजपा के कमजोर पड़ने के सवाल पर मौर्य ने कहा, नीतीश कुमार जी की जमानत जब्त हो जायेगी। याद कीजिये 2014 का लोकसभा चुनाव, बिना मोदी जी के चेहरे के लड़े थे, नीतीश जी के चेहरे के दम पर उनके केवल दो सांसद जीते थे। बिहार की जनता ने उनकी हैसियत दो सांसद वाली ही बनाकर रखी है। मौर्य ने कहा कि भाजपा के साथ गठबंधन में उनका कद बढ़ा रहता है। अब उन्होंने जहां गठबंधन किया है, वहां उनका क्या हश्र होगा, यह 2024 में पता चल जायेगा। राजद के नेता लालू यादव और नीतीश की बीती रात सोनिया गांधी से हुयी मुलाकात के सवाल पर मौर्य ने कहा, 100 में 60 हमारा है, 40 में बंटवारा है और उस बंटवारे में भी हमारा है। इसलिये 2014 और 2019 में हमारे जितने सांसद जीते थे उससे ज्यादा सांसद 2024 में जीतेंगे।

एसएसबी पर जानलेवा हमला के मामले में 41 नामजद सहित 150 अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी

बेतिया (एजेंसी)। पश्चिमी चंपारण स्थित सीमावर्ती इनरवा थाना के खमिहा गांव में एसएसबी पर जानलेवा हमला करने और सरकारी काम में बाधा पहुंचाने को ले केस दर्ज कर लिया गया है।इस मामले में 41 लोग नामजद और 150 अज्ञात पर कार्रवाई हुई है। 47वीं बटालियन के बसंतपुर बीओपी पर तैनात सब इंस्पेक्टर सतपाल सिंह के आवेदन पर खमिहा के सरोज गद्दी, सेराजुल मियां, सोमेश मिश्रा, गुलटेनी मिश्रा, मेघनाथ कुशवाहा सहित 41 लोगों पर केस दर्ज की गयी है। जिसमें बताया है कि रमपुरवा एक नंबर फॉल के पास नाका पर ड्यूटी कर रहे थे। उसी दौरान दो ट्रैक्टर ट्राली संदिग्ध अवस्था में आते हुये दिखाई दिया। जब उसको रोक कर जांच पड़ताल किया गया तो ट्रैक्टर ट्राली के चालक कुछ भी बताने से इनकार किया। त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे जब्त कर चालक को कस्टडी में करते हुए इनरवा एसएससी कैंप ले जाया जा रहा था। उसी दौरान सैकड़ों की संख्या में लोग जमा हो गए जो तस्कर व तस्कर के समर्थक थे। जब ट्रैक्टर ट्राली को जब्त कर खमिहा गांव के समीप लेकर आये तो उक्त तस्कर व तस्कर के समर्थकों के द्वारा एसएसबी पर जानलेवा हमला किया जाने लगा। लोहे का रड लाठी–डंडे से मारपीट सहित पत्थरबाजी भी की जाने लगी। फिर ड्यूटी पर तैनात एसएसबी जवान और हम एसएसबी कैंप इनरवा पहुंचे और सहायक सेनानायक भूषण चंद्र राय को उक्त मामले की जानकारी दी।

न्यूज गैलरी

सोनेगो ने बुबलिक को हरा कर मोसेले ओपन जीता

मेत्ज (एजेंसी)। इटली के टेनिस खिलाड़ी लोरेंजो सोनेगो ने रविवार को मोसेले ओपन के फाइनल में एलेक्सांद्र बुबलिक को 7-6, 6-2 से हराकर सत्र का अपना पहला खिताब हासिल किया। 27 साल के सोनेगो ने अपने करियर का तीसरा खिताब अपनी झोली में डाला और यह उनका हार्ड कोर्ट पर पहली ट्राफी है। गैर वरीय सोनेगो ने सातवें वरीय बुबलिक को हराने से पहले सेमीफाइनल में गत चैम्पियन हुबर्ट हुर्कास्ज को पराजित किया था। सोनेगो की यह जीत उन्हें एटीपी रैंकिंग में 21 पायदान का फायदा दिलाकर 44वें स्थान पर पहुंचा देगी।

हमारे खिलाफ गोल करना होगा मुश्किल : मुख्य कोच थॉमस

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय अंडर-17 महिला टीम के मुख्य कोच थॉमस डेनेरबी ने कहा कि आगामी फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप के लिए चुनी टीम ने अपने रक्षण में काफी सुधार किया है लेकिन उसे आक्रामकता बरतने और कुछ तकनीकी पहलुओं पर काम करने की जरूरत है। डेनेरबी इस समय खिलाड़ियों के साथ विदेशी दौरे पर स्पेन में हैं। उन्होंने कहा कि टीम की फिटनेस भी कोई समस्या नहीं है। उन्होंने कहा- हमारा फिटनेस स्तर काफी अच्छा है। यह कोई समस्या नहीं होगी। रक्षण में भी हमारे सत्र अच्छे रहे हैं, इसलिये हमारे खिलाफ गोल करना काफी मुश्किल होगा लेकिन हमें पिच पर अपने मौकों का फायदा उठाना होगा। डेनेरबी ने कहा कि हम अपने हमले करने और कुछ छोटे तकनीकी पहलुओं पर काम कर रहे हैं जिस पर इस समय ध्यान देना जरूरी है। लेकिन हमें लगता है कि हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। भारतीय टीम सोमवार को अपने पहले मैत्री मैच में स्पेन के कैटालुनिया में इमाबारी जेएफए अकादमी से खेलेगी।

यींगदर टीपीसी टूर्नामेंट : हनी बैसोया आठवें स्थान पर रहे

लिंकोऊ/चीनी ताइपे (एजेंसी)। भारत के हनी बैसोया अंतिम दौर में पांच अंडर 67 के शानदार स्कोर के साथ लिंकोऊ अंतर्राष्ट्रीय गोल्फ एवं कंट्री क्लब में सात लाख डॉलर इनामी यींगदर टीपीसी टूर्नामेंट में संयुक्त आठवें स्थान पर रहे। राशिद खान (68) और अजितेष संधू (68) भी संयुक्त आठवें स्थान पर रहे। तीनों का स्कोर 12 अंडर 276 रहा। संधू ने बोगी रहित स्कोर बनाया जबकि राशिद ने 8 बर्डी की लेकिन दो बोगी और एक डबल बोगी कर गये। अन्य भारतीयों में एस चिकारंगप्पा (70) संयुक्त 18वें जबकि शिव कपूर (70) और राहिल गंगजी (70) संयुक्त 29वें स्थान पर रहे। वीर अहलावत (69) संयुक्त 36वें जबकि एसएसपी चौरसिया (72) और उदयन माने (70) संयुक्त 42वें स्थान पर रहे। करणदीप कोच्चर (72) और मनु गंडास (72) ने संयुक्त 49वां जबकि अमनराज ने (73) ने संयुक्त 74वां स्थान हासिल किया। आस्ट्रेलिया के ट्रेविस स्मिथ ने दो शॉट की बढ़त के साथ एशियाई टूर पर अपना पहला खिताब जीता। उन्होंने अंतिम दौर में छह अंडर 66 के स्कोर से कुल 19 अंडर का स्कोर बनाया।

व्हाइट-बॉल क्रिकेट में 16 हजार रन बनानेवाले दूसरे खिलाड़ी बने विराट

हैदराबाद (एजेंसी)। स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली रविवार को सफेद गेंद वाले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 16 हजार रन बनानेवाले दूसरे खिलाड़ी बन गये हैं। कोहली ने हैदराबाद में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान यह मुकाम हासिल किया। चेज मास्टर के नाम से मशहूर कोहली ने 48 गेंदों में तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से 63 रन बनाये। उनका स्ट्राइक रेट 131.25 रहा। कोहली ने सूर्यकुमार यादव (69) के साथ मिलकर 104 रन की शानदार साझेदारी भी की जोकि भारत की जीत का आधार बनी। अब, कोहली के टी-20 और एकदिवसीय प्रारूप में मिलाकर 16,004 रन हो गये हैं। उन्होंने 369 मैचों की 352 पारियों में 55.95 की औसत से यह रन बनाये। वह 44 शतक और 97 अर्धशतक भी लगा चुके हैं। उन्होंने 262 वनडे में 57.68 की औसत से 12,344 रन बनाये हैं। उनके बल्ले से 43 शतक और 64 अर्धशतक आये हैं, जिसमें सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर 183 है। टी-20 में उन्होंने 107 मैचों में 50.83 की औसत से 3,660 रन बनाये हैं। कोहली ने सबसे छोटे प्रारूप में 122* के सर्वश्रेष्ठ के साथ एक शतक और 33 अर्धशतक बनाये हैं। कोहली सफेद गेंद वाले क्रिकेट के इतिहास में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनानेवाले खिलाड़ी भी हैं। उनसे आगे सचिन तेंदुलकर हैं। तेंदुलकर ने कुल 463 एकदिवसीय मैच खेले जिसमें 44.83 की औसत से 18,426 रन बनाये। उनके बल्ले से 49 शतक और 96 अर्धशतक आये। सर्वश्रेष्ठ स्कोर 200* रहा। दूसरी ओर मास्टर ब्लास्टर ने केवल एक टी-20 खेला जिसमें उन्होंने 10 रन बनाये थे। मैच की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टी-20 में पहले खेलते हुए टिम डेविड और कैमरून ग्रीन के अर्धशतकों की बदौलत 186/7 रन बनाये थे। जवाब में खेलने उतरी भारतीय टीम को विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव का सहारा मिलाा। विराट ने 66 तो सूर्यकुमार ने 69 रन बनाये। अंत में विजयी शॉट हार्दिक के बल्ले से निकला।

रोमांचक मैच में तीन रन से जीता पाकिस्तान

कराची (एजेंसी)। पाकिस्तान ने मोहम्मद रिजवान (88) के अर्द्धशतक के बाद हारिस रउफ (32/3) और मोहम्मद नवाज (35/3) की शानदार गेंदबाजी से इंग्लैंड को चौथे टी-20 मैच में तीन रन से हराकर सात मैचों की श्रृंखला 2-2 से बराबर कर ली है। पाकिस्तान ने रविवार को पहले बल्लेबाजी करते हुए रिजवान (67 गेंदें, 88 रन) की बदौलत 20 ओवर में 166 रन बनाये। इसके जवाब में इंग्लैंड 19.2 ओवर में 163 रन पर ऑलआउट हो गयी। इंग्लैंड ने 167 रन का पीछा करते हुए 57 रन पर चार विकेट गंवा दिये जिसके बाद हैरी ब्रूक और मोईन अली ने 49 रन की साझेदारी करके टीम को स्थिरता प्रदान की। ब्रूक ने 29 गेंदों पर 34 रन बनाये जबकि मोईन ने 20 गेंदों पर 29 रन जोड़े। ब्रूक और मोईन के आउट होने के बाद डेविड विली (11) भी जल्दी पवेलियन लौट गये। लायम डॉसन ने इंग्लैंड को जीत के करीब ले जाने के लिये 17 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की बदौलत 34 रन बनाये लेकिन टीम को लक्ष्य तक नहीं पहुंचा सके। इंग्लैंड को जब 10 गेंदों में मात्र पांच रन की आवश्यकता थी तब हारिस ने डॉसन को पवेलियन भेज दिया, और इंग्लैंड के अगले दो विकेट केवल एक रन ही जोड़ सके। हारिस ने ओली स्टोन को पहली ही गेंद पर क्लीन बोल्ड किया, जबकि 11वें नंबर के बल्लेबाज रीस टोपली रन चुराने के प्रयास में रन आउट हुए और पाकिस्तान ने यह रोमांचक मुकाबला तीन रन से जीत लिया।

9 साल बाद अपने घर में ऑस्ट्रेलिया को टी-20 सीरीज में हराया भारत

- बुखार के बीच सूर्य कुमार ने खेली 69 रन की पारी
- डॉक्टर से कहा- गोली दो, चाहे इंजेक्शन लगाओ, लेकिन मुझे ठीक करो

हैदराबाद (एजेंसी)। टीम इंडिया ने अपने घर में 9 साल बाद किसी टी-20 सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को हराया है। वह कंगारुओं को 2013 के बाद से टी-20 सीरीज में नहीं हरा पा रही थी। उस साल एक मैच की सीरीज खेली गयी थी, जिसे भारत ने जीता था। वहीं, 2017-18 में सीरीज 1-1 से बराबरी पर छूटी थी, तो 2018-19 में ऑस्ट्रेलिया ने 2-0 से जीत हासिल की थी। 2018-19 की इस सीरीज के बाद भारत ने 10 घरेलू टी-20 सीरीज खेली हैं और एक बार भी टीम को हार का सामना नहीं करना पड़ा है।

वहीं, जीत के लिए उसे हासिल करने की जिद जरूरी है। यह बात रविवार को साबित की है टीम इंडिया के विस्फोटक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने। वे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ निर्णायक टी-20 मुकाबले में बुखार होने के बाद भी उतरे और प्लेयर ऑफ द मैच भी बने। 32 साल के सूर्यकुमार यादव ने 36 गेंदों पर 191.66 के स्ट्राइक रेट से 69 रन की आतिशी पारी खेली। उनकी इस पारी की बदौलत टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया के 187 रनों के लक्ष्य को चार विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। जीत के बाद सूर्यकुमार ने अक्षर पटेल से चर्चा करते हुए अपनी बीमारी के बारे में बताया। बीसीसीआई ने सोमवार को इस बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया में पोस्ट किया। इसमें सूर्य कुमार ने बताया कि इस मैच से पहले उनकी तबीयत खराब थी और वो ठीक से सो भी नहीं पाये थे। अक्षर ने पूछा कि उनके साथ आखिर हुआ क्या था? तो सूर्यकुमार यादव ने बताया- 'थोड़ा पेट दर्द था, फिर बुखार भी आ गया, लेकिन मुझे यह भी पता था कि यह निर्णायक मुकाबला है तो मैंने अपने डॉक्टर और फिजियो को बोला कि मैं ऐसे बीमारी लेकर बैठ नहीं सकता। तो आप कैसे भी करके...कुछ भी करो, कोई भी गोली दो, कुछ भी इंजेक्शन दो, लेकिन मुझे शाम के खेल के लिए तैयार करो। एक बार ग्राउंड पर आ गये, जर्सी पहन ली तो फिर अलग ही इमोशन है अपना।

टीम इंडिया ने छह विकेट से जीता निर्णायक मुकाबला

टीम इंडिया ने निर्णायक मुकाबला छह विकेट से अपने नाम किया। इस जीत की मदद से उसने टी-20 मुकाबलों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने पहले खेलते हुए 186 रन बनाये। टिम डेविड ने 54 और कैमरून ग्रीन ने 52 रन बनाये। भारत के लिए अक्षर पटेल ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। जवाब में भारत ने 19.5 ओवर में चार विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। सूर्यकुमार यादव-विराट कोहली के बीच 62 बॉल पर 104 रनों की साझेदारी हुई। आखिरी ओवर में 11 रन की जरूरत थी। कोहली ने पहली गेंद पर छक्का लगाया और उसके अगली ही गेंद पर आउट हो गये। इसके बाद दिनेश कार्तिक और हार्दिक पंड्या ने भारत को जीत दिला दी।

डीन को रनआउट से पहले कई चेतावनियां दी गयीं : दीप्ति शर्मा

कोलकाता (एजेंसी)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने चार्ली डीन के विवादास्पद मगर वैध रनआउट पर सोमवार को कहा कि डीन को रनआउट से पहले कई चेतावनियां दी गयी थीं। इंग्लैंड को जब तीसरा एक दिवसीय मैच जीतने के लिए 39 गेंदों पर 17 रन की आवश्यकता थी तब डीन (47) नॉन-स्ट्राइकर छोर पर खड़ी थीं। पारी का 44वां ओवर फेंक रही दीप्ति ने डीन को क्रीज से बाहर निकला हुआ पाया और रनआउट करके भारत को श्रृंखला में 3-0 से जीत दिलायी। दीप्ति ने इस घटना के बारे में बताया कि डीन को कई बार चेतावनी देने के बाद ऐसा करने की योजना बनायी गयी।

दीप्ति ने टीम के कोलकाता में आगमन के बाद संवाददाताओं से कहा कि यह एक योजना थी, क्योंकि हम उन्हें पहले ही (समय से पहले क्रीज छोड़ने के लिये) कई बार चेतावनी दे चुके थे। हमने यह काम नियमों और दिशा-निर्देशों के अनुसार किया। हमने अंपायरों को भी बताया कि वह क्रीज से बाहर थीं। हम ज्यादा कुछ नहीं कर सकते थे। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नियमों के अनुसार एक फील्डिंग टीम के पास नॉन-स्ट्राइकर छोर पर खड़े बल्लेबाज को बिना चेतावनी के भी आउट करने का अधिकार होता है।

विश्व कप में बेहतर प्रभाव डालने के लिए तत्पर हैं गुरजंत

बेंगलुरु (एजेंसी)। बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम के फॉरवर्ड गुरजंत सिंह ने कहा है कि वह अपने खेल में सुधार करने और आगामी विश्व कप में बड़ा प्रभाव डालने के लिए तत्पर हैं। हॉकी इंडिया ने सोमवार को गुरजंत के हवाले से कहा कि मुझे खुशी है कि मैं राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक विजेता टीम का हिस्सा था। ओलिम्पिक और राष्ट्रमंडल खेलों का पदक विजेता होना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। मैंने उन बिंदुओं पर ध्यान दिया है जिन पर मुझे सुधार करने की जरूरत है। मैं एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप-2023 भुवनेश्वर-राउरकेला जैसे आयोजनों में और भी बड़ा प्रभाव डालने के लिए तत्पर हूं। भारत के 27 वर्षीय फॉरवर्ड ने कहा कि उन्हें एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 भुवनेश्वर-राउरकेला में घरेलू दर्शकों के सामने खेलने का मौका मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि विश्व कप में खेलना हर हॉकी खिलाड़ी का सपना होता है। मुझे वास्तव में उम्मीद है कि मुझे हमारे घरेलू मैदान पर टूर्नामेंट खेलने का मौका दिया जायेगा। ओडिशा में हमेशा (हॉकी को लेकर) धूमधाम होती है और मुझे यकीन है कि प्रशंसकों का समर्थन हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा। गुरजंत ने भारतीय टीम की वर्तमान योजनाओं पर कहा कि हम एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2022-23 में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बहुत मेहनत कर रहे हैं। वहां अच्छा प्रदर्शन करने से हमें एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप-2023 भुवनेश्वर-राउरकेला के लिए आत्मविश्वास मिलेगा। हम चुनौती की प्रतीक्षा कर रहे हैं और एक टीम के रूप में बेहतर होने के लिए दृढ़ हैं।

कार्तिक को वरीयता देने पर बोले रोहित शर्मा

विश्व कप से पहले उन्हें देना चाहता हूं अधिक समय

हैदराबाद (एजेंसी)। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा अगले महीने आस्ट्रेलिया में होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले विकेटकीपर बल्लेबाज रोहित शर्मा को बल्लेबाजी का अधिक समय देना चाहते हैं। भारत अंतिम एकादश में कार्तिक और ऋषभ पंत में से एक को चुन रहा है। एशिया कप में पंत को चुना गया जबकि आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीनों मैचों में कार्तिक को उतारा गया। आस्ट्रेलिया को तीन मैचों की श्रृंखला में हराने के बाद रोहित ने कहा कि मैं इन दोनों खिलाड़ियों को विश्व कप से पहले अधिक से अधिक मौके देना चाहता हूं। एशिया कप में दोनों के सारे मैच खेलने की पूरी संभावना थी। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि दिनेश को अधिक समय देने की जरूरत है। उसे इस श्रृंखला में ज्यादा खेलने का मौका नहीं मिला। शायद तीन गेंद। यह काफी नहीं है। कार्तिक ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ कुल सात गेंद खेली जबकि पंत ने एक मैच खेला लेकिन बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला। रोहित ने कहा कि पंत को भी समय की जरूरत है, लेकिन इस श्रृंखला में बल्लेबाजी क्रम में स्थिरता बनाये रखना जरूरी था। भारतीय टीम अब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 श्रृंखला खेलेगी और रोहित ने कहा कि कार्तिक और पंत को अंतिम एकादश में साथ में शामिल करना हालात पर निर्भर करेगा। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ क्या होगा। हमें उनकी गेंदबाजी पर गौर करना होगा। हम बल्लेबाजी में लचीलापन रखना चाहते हैं। अगर हालात के अनुसार बाएं हाथ के बल्लेबाज को उतारना होगा तो हम वैसा करेंगे और दाहिने हाथ का बल्लेबाज चाहिए होगा तो उसे उतारेंगे। इन सभी के प्रबंधन को लेकर काफी सतर्क रहना होगा।

भवानी देवी की निगाहें राष्ट्रीय खेलों में नयी तकनीक और रणनीति परखने पर

नयी दिल्ली (एजेंसी)। ओलिम्पिक के लिए क्वालीफाई करनेवाली पहली भारतीय तलवारबाज भवानी देवी राष्ट्रीय खेलों के दौरान अपनी नयी तकनीक और रणनीति को परखने पर ध्यान लगाये हैं ताकि इनका इस्तेमाल भविष्य में बड़े टूर्नामेंट में कर सके। पिछले महीने राष्ट्रमंडल तलवारबाजी चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतनेवाली 29 साल की भवानी गुजरात में होने वाले राष्ट्रीय खेलों में आकर्षित करनेवाले खिलाड़ियों में शामिल होंगी। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) द्वारा वर्चुअल बातचीत में भवानी ने कहा कि मैंने अपना कोच बदला है, मेरी तकनीक, रणनीति और हर चीज में अब बदलाव हुआ है। हमें अभी और अधिक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट खेलने हैं जैसे अप्रैल में ओलंपिक क्वालीफायर। मुझे इस नयी तकनीक और रणनीति को अपने सभी प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ इस्तेमाल करना होगा और देखना होगा कि यह कितनी कारगर होती है। उन्होंने कहा कि सेबर काफी फुर्ती भरा खेल होता है, आप एक-दूसरे से छूने के दौरान समय नहीं ले सकते, इन मिलीसेकेंड के अंदर जो करना चाहते हो, आप उसके बारे में सोचकर फैसला नहीं कर सकते। भवानी ने कहा कि इसलिए राष्ट्रीय खेलों में नयी तकनीक का इस्तेमाल करने का जोखिम है क्योंकि ये ऐसे खेले हैं जिन्हें हर कोई देखेगा। इसलिए मुझे अच्छा प्रदर्शन करना होगा लेकिन साथ ही मुझे अपनी नई तकनीक पर भी काम करना होगा जिससे मुझे बड़े टूर्नामेंट में मदद मिल सकती है। चेन्नई में जन्मीं भवानी ने इटली के कोच निकोला जानोटी से नाता तोड़ लिया है और अब वह फ्रांस के महान तलवारबाज क्रिस्टियन बॉयूर से कोचिंग ले रही हैं। भवानी ने कहा कि भारतीय तलवारबाजों को सर्वश्रेष्ठ से प्रतिस्पर्धा करने के लिए और अधिक अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगितायें खेलने की जरूरत है। रैंकिंग में 42वें स्थान पर काबिज यह भारतीय तलवारबाज इस्तांबुल में विश्व कप में 23वें स्थान पर रही थी। वह जुलाई में विश्व चैम्पियनशिप में दूसरे दौर में पहुंची थी और अगस्त में उन्होंने राष्ट्रमंडल चैम्पियनशिप में अपना खिताब बरकरार रखा था।

न्यूज गैलरी

डीएलएफ को नई परियोजना से 1,800 करोड़ रुपये का बिक्री राजस्व मिलने की उम्मीद

नयी दिल्ली। रियल एस्टेट क्षेत्र की दिग्गज कंपनी डीएलएफ ने गुरुग्राम में प्रस्तावित अपनी नई लग्जरी आवासीय परियोजना से करीब 1,800 करोड़ रुपये के बिक्री राजस्व का लक्ष्य रखा है। डीएलएफ लिमिटेड के समूह कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य व्यवसाय अधिकारी आकाश ओहरी ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा कि गुरुग्राम के डीएलएफ फेज-5 में यह नई लग्जरी परियोजना विकसित की जाएगी। इस परियोजना के तहत कुल 8.5 लाख वर्ग फुट क्षेत्र का विकास किया जाएगा और 292 आवास बनाए जाएंगे। ओहरी ने कहा, हम इस परियोजना की इकाइयों की बिक्री से 1,700-1,800 करोड़ रुपये का राजस्व मिलने की उम्मीद कर रहे हैं।₹ हालांकि उन्होंने इस परियोजना के विकास पर किए जाने निवेश का ब्योरा नहीं दिया। उन्होंने कहा कि आवासीय बाजार में स्वतंत्र मंजिल वाली इकाइयों की मांग बढ़ रही है और अब अच्छे डेवलपर भी इस बाजार में कदम रख रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले 20 महीनों में डीएलएफ ने भी 3,000 करोड़ रुपये मूल्य वाली स्वतंत्र मंजिल इकाइयों की बिक्री की है। चालू वित्त वर्ष में डीएलएफ की कुल बिक्री बुकिंग की संभावना के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कंपनी 8,000 करोड़ रुपये के अपने अनुमान पर टिकी हुई है। वित्त वर्ष 2021-22 में डीएलएफ ने 7,273 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग की थी। डीएलएफ बाजार पूंजीकरण के लिहाज से भारत की सबसे बड़ी रियल एस्टेट कंपनी है। इसने अब तक 150 से भी अधिक रियल एस्टेट परियोजनाएं विकसित की हैं।

कंपनियां 2023 में कर्मचारियों के वेतन में कर सकती है 10.4 प्रतिशत की वृद्धि : रिपोर्ट

नयी दिल्ली। देश में कंपनियां अपने कारोबार में मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद के बीच वर्ष 2023 में कर्मचारियों के वेतन में 10.4 प्रतिशत की वृद्धि कर सकती हैं। वैश्विक पेशेवर सेवा कंपनी एओएन पीएलसी के भारत में वेतन वृद्धि के ताजा सर्वेक्षण के अनुसार वेतन में 2023 के दौरान 10.4 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। यह आंकड़ा फरवरी के वेतन में 9.9 प्रतिशत की वृद्धि के अनुमान से अधिक है। वहीं, 2022 के दौरान वेतन में 10.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। अध्ययन के तहत देश में 40 से अधिक उद्योगों की 1,300 कंपनियों के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है। इसमें कहा गया कि 2022 की पहली छमाही में नौकरी छोड़ने की दर 20.3 प्रतिशत के उच्च स्तर पर रही। इसलिए कंपनियों पर वेतन में वृद्धि का दबाव है। यह दर वर्ष 2021 में 21 प्रतिशत के मुकाबले कम है। सर्वेक्षण के अनुसार, यह प्रवृत्ति अगले कुछ महीने जारी रहने की संभावना है। भारत में एओन में ह्यूमन कैपिटल सॉल्यूशंस भागीदार आर चौधरी ने कहा, वैश्विक चुनौतियों और उच्च घरेलू मुद्रास्फीति के बावजूद 2023 में भारत में अनुमानित वेतन वृद्धि ढहाई अंकों में होगी।

कमजोर मांग से एल्युमीनियम की कीमतों में गिरावट

नयी दिल्ली। हाजिर बाजार में कमजोर रुख के बीच कारोबारियों के अपने सौदे घटाये जाने से वायदा कारोबार में सोमवार को एल्युमीनियम की कीमत 25 पैसे की नरमी के साथ 193.15 रुपये प्रति किलोग्राम रह गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अक्टूबर माह की डिलिवरी के लिए एल्युमीनियम के अनुबंध का भाव 25 पैसे यानी 0.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 193.15 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया। इसमें 3,754 लॉट का कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार में उपभोक्ता उद्योगों की मांग घटने के बीच कारोबारियों के अपने सौदे कम करने से वायदा बाजार में एल्युमीनियम कीमतों में गिरावट आई है।

चंद दिनों में बदल गई शेयर मार्केट की फिजा

नई दिल्ली। पिछले हफ्ते बाजार में तेजी की जगमगाहट थी, हर कोई इसकी रोशनी में नहाना चाहता था। लेकिन बस 4 दिनों में फिजा बदल गई। अब हर कोई इससे दूर भागता नजर आ रहा है। आखिर इस बाजार को हुआ क्या है जिसकी गिरावट अब थमने का नाम नहीं ले रही है। गिरावट का आलम ये है कि 8 ट्रेडिंग सत्रों में सेंसेक्स 3500 अंक और निफ्टी 1100 अंक टूट चुका है। जिस निफ्टी बैंक ने 8 ट्रेडिंग सत्रों पर रिकॉर्ड हाई बनाया उसकी पिटाई जोरदार है और वो वहां से करीब 3400 अंक गिर चुका है। मिडकैप, स्मॉलकैप शेयरों की हालत तो और खराब है।

भारत में समुद्र के अंदर दौड़ेगी बुलेट ट्रेन

अंडरग्राउंड टनल के लिए एनएचएसआरसीएल ने किया टेंडर जारी

नई दिल्ली (एजेंसी)। नेशनल हाई स्पीड रेलवे कॉरपोरेशन लिमिटेड (NHSRCL) ने मुंबई-अहमदाबाद तीव्र गति रेल गलियारे के लिए 21 किलोमीटर लंबी सुरंग के निर्माण के वास्ते निविदाएं आमंत्रित की हैं. सुरंग का सात किलोमीटर हिस्सा समुद्र के नीचे से होकर गुजरेगा. सूत्रों ने बताया कि महाराष्ट्र में सरकार बदलने के बाद गलियारे पर काम तेज हो गया है. सुरंग का निर्माण महाराष्ट्र के ठाणे जिले के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स और शिलफाटा में भूमिगत स्टेशन के बीच किया जाएगा. एनएचएसआरसीएल ने अपने एक दस्तावेज में बताया कि टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) और न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मेथड' (एनएटीएम) का उपयोग करके सुरंग का निर्माण किया जाएगा. समुद्र के नीचे सात किलोमीटर लंबी सुरंग देश में समुद्र के नीचे बनने वाली पहली सुरंग होगी. एनएचएसआरसीएल के अनुसार, सुरंग सिंगल-ट्यूब ट्विन-ट्रैक वाली होगी जिसका व्यास 13.1 मीटर होगा. खंड पर सुरंग स्थान से सटे 37 स्थानों पर 39 उपकरण कक्षों का निर्माण शामिल होगा. तीन टीबीएम का उपयोग लगभग 16 किलोमीटर सुरंग के हिस्से को बनाने के लिए किया जाएगा और शेष पांच किलोमीटर का निर्माण एनएटीएम के माध्यम से किया जाएगा. यह सुरंग जमीन के नीचे लगभग 25 से 65 मीटर गहरी होगी और सबसे गहरा निर्माण स्थल शिलफाटा के निकट पारसिक पहाड़ी से 114 मीटर नीचे होगा. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 19 जनवरी, 2023 है. गौरतलब है कि एनएचएसआरसीएल ने पिछले साल नवंबर में परियोजना के लिए भूमिगत सुरंग निर्माण कार्यों के लिए निविदाएं आमंत्रित की थीं. लेकिन इस साल अधिकारियों ने प्रशासनिक कारणों का हवाला देते हुए इसे रद्द कर दिया था. हालांकि रेल मंत्रालय को उम्मीद है कि 2026 में गुजरात में 50 किलोमीटर के संक्षिप्त हिस्से पर बुलेट ट्रेन का पहला ट्रायल रन होगा.

ताइवान एक्सपो 28 सितंबर से मुंबई में

मुंबई। तीन दिवसीय ताइवान एक्स पो 2022 को शुभारंभ 28 सितंबर को यहां किया जायेगा जिसकी थीम टुगेदर टुवाड्र्स टुमॉरो है। यह एक्सपो ताइवानी ब्रांडों के लिये भारतीय बाजारों को एक्स्पलोर करने और दोनों देशों के बीच कारोबारी संबंधों को स्थापित करने का जरिया है और इसका आयोजन एक वर्ष किया जाता है। ताइवान एक्सपो ताइवान एक्सटर्नल डेवलपमेंट काउंसिल (टीएआईटीआरए) की एक प्रमुख प्रदर्शनी है और इसका उद्देश्य देशों को एकजुट करना, उनकी अर्थव्यवस्थाओं को मजबूती देने के लिये एक उपयुक्त मंच उपलब्ध कराना और ताइवान, भारत एवं अन्य एशियान (एएसईएएन) देशों के बीच व्यावसासिक रिश्तों को बेहतर बनाना है। हाइब्रिड फॉर्मेट के अपने पहले संस्करण में एक्सपो का आयोजन एक ऑनलाइन-मर्ज-ऑफलाइन (ओएमओ) रूप में किया जायेगा।

अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2022 के 36 घंटों के दौरान ग्राहकों और विक्रेताओं की रिकॉर्ड भागीदारी

नवीन मेल संवाददाता

रांची। अमेजन.इन ने प्राइम अर्ली एक्सेस और ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के पहले दिन के साथ 36 घंटों की अब तक की सबसे बड़ी शॉपिंग की शुरूआत की है। अमेजन.इन पर एक दिन में सबसे अधिक प्राइम साइन अप प्राप्त हुए हैं; जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 1.9 गुना अधिक थे। इनमें से 68% साइनअप टियर 2 और 3 शहरों प्राप्त हुए हैं। मनीष तिवारी, वाइस प्रेसिडेंट और कंट्री मैनेजर, इंडिया कंज्यूमर बिजनेस, अमेजन ने कहा, अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल ने ग्राहकों और सेलर पार्टनर्स की ओर से शानदार रिस्पॉन्स के साथ एक रोमांचक शुरूआत की है। यहां छोटे और मध्यम व्यवसायों, स्टार्टअप्स, कारीगरों, महिला उद्यमियों की ओर से पूरे भारत में मौजूद हमारे ग्राहकों को प्रोडक्ट की विशाल रेंज की पेशकश करते हुए देखना हमारे लिए बेहद उत्साहजनक है। हमें प्राइम मेंबर साइन अप में वृद्धि के साथ ही सभी श्रेणियों में खरीदारी करने वाले ग्राहकों की संख्या में ग्रोथ देखकर बेहद खुशी हो रही है। हमें खुशी है हमारे ग्राहक अपने पसंदीदा ऑनलाइन शॉपिंग डेस्टिनेशन के रूप में अमेजन पर भरोसा करते हैं। ग्राहकों की सेवा के लिए सेलर्स रजिस्ट्रेशनः पहले 36 घंटों के दौरान, छोटे और मध्यम व्यवसायों, स्टार्टअप, कारीगरों, महिला उद्यमियों की ओर से उत्पादों का अब तक का सबसे बड़ा कलेक्शन पेश किया गया और पूरे भारत में मौजूद ग्राहकों को लगभग 10 लाख यूनीक प्रोडक्ट बेचे। 24 घंटे के प्राइम अर्ली एक्सेस के दौरान, आम दिनों के मुकाबले प्राइम अर्ली एक्सेस में सेलर्स साइन-अप में 1.75 गुना वृद्धि दर्ज की गई। प्राइम कर रहा है ग्राहकों को रोमांचितः प्राइम मेंबर्स ने किसी भी आम दिनों की तुलना में प्राइम अर्ली एक्सेस के दौरान ज्यादा खरीदारी की।

पेट्रोल-डीजल के दाम में अब तक कोई बदलाव नहीं

नयी दिल्ली (एजेंसी)। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमत 85 डॉलर प्रति बैरल पर आ जाने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम सोमवार को भी स्थिर रहे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लंदन ब्रेंट क्रूड आज 0.59 प्रतिशत गिरकर 85.64 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड भी 0.47 प्रतिशत के दबाव से 78.37 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। घरेलू स्तर पर तेल विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज भी कोई बदलाव नहीं हुआ। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। देश में पिछले चार महीने से ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मुंबई में पेट्रोल के दाम 106.31 रुपये प्रति लीटर और और डीजल की कीमत 94.27 रुपये प्रति लीटर है। पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

देश के चार बड़े महानगरों में आज पेट्रोल और डीजल के दाम इस प्रकार रहे

महानगर	पेट्रोल	डीजल
	(रुपए प्रति लीटर)	
दिल्ली	96.72	89.62
मुंबई	106.31	94.27
कोलकाता	106.03	92.76
चेन्नई	102.63	94.24

भारतीय रेलवे ने नवरात्रि में स्पेशल ई-कैटरिंग सेवाओं की घोषणा की

नई दिल्ली। नवरात्रि और दुर्गा पूजा के आगमन के साथ, भारतीय रेलवे ने रेल यात्रियों के लिए उत्सव के उत्साह के बारे में संज्ञान लिया है। रेल मंत्रालय ने रविवार को नवरात्रि के दौरान ट्रेन से यात्रा करने वाले भक्तों के लिए एक विशेष मेनू की घोषणा की। रेल मंत्रालय ने ट्वीट कर इसकी घोषणा की। कहा कि यह विशेष आदेश 26 सितंबर से 5 अक्टूबर तक लागू रहेगा और इसे ह्यफूड ऑन ट्रैक ऐप से ऑर्डर किया जा सकता है। अपनी सीट पर दिए गए भोजन का आनंद लें! यात्री स्कैन या तो वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन बुकिंग करें या ऐप डाउनलोड करें। आईआरसीटीसी के भोजन मेनू की शुरूआती कीमत 99 रुपये से शुरू होती है। यात्रियों से बताया गया कि विशेष नवरात्रि भोजन केवल आईआरसीटीसी ट्रेनों में उपलब्ध होगा।

इसुजु मोटर्स मेड इन इंडिया वाहनों का कर रही निर्यात

नयी दिल्ली (एजेंसी)। वाहन बनाने वाली जापानी कंपनी इसुजु मोटर्स की भारतीय इकाई इसुजु मोटर्स इंडिया ने देश में परिचालन के 10 वर्ष पूर्ण करने के अवसर पर कहा है कि चालू वित्त वर्ष में 25 हजार वाहन बेचने का लक्ष्य रखा गया है और सरकार के आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत मेड इन इंडिया वाहनों का वह पड़ोसी और खाड़ी के देशों में निर्यात भी कर रही है। कंपनी के भारत में परिचालन के 10 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम में यह जानकारी दी गयी। इसुजु मोटर्स इंडिया के प्रबंध निदेशक वतारू नाकानो ने कहा, आईएमआई ने भारत में सफलतापूर्वक 10 वर्ष पूरे कर लिए हैं। यह कई चुनौतियों से गुजरा है, हालांकि, हमने भारत का पहला एडवेंचर यूटिलिटी व्हीकल (एयूवी) इसुजु डी मैक्स वी क्रास के साथ भारत में एक नई जगह बनाई है। 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के हिस्से के रूप में, हमारे 'मेड इन इंडिया' उत्पादों को अब पड़ोसी और खाड़ी देशों में निर्यात किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत उनकी कंपनी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और विश्व स्तर पर इसुजु के लिए महत्वपूर्ण विनिर्माण केंद्रों में से एक के रूप में काम करेगा। चालू वित्त वर्ष में उनकी कंपनी 25 हजार वाहन उत्पाद और वितरण के लिए तैयार हैं। चालू वर्ष में श्री सिटी प्लांट से 50,000वें वाहन का रोलआउट, स्थानीय रूप से निर्मित 5000वां इंजन और 500,000वां प्रेस्ड पार्ट्स, जो कंपनी की योजनाओं के अनुरूप हैं, सहित कई आंतरिक उत्पादन मील के पत्थर हासिल किए गए हैं।

गिर गए महिंद्रा की फाइनेंशियल कंपनी के शेयर

आरबीआई के एक फैसले का असर

नई दिल्ली (एजेंसी)। महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयरों में पिछले 2 दिन में तेज गिरावट आई है। महिंद्रा फाइनेंशियल के शेयर सोमवार को 7 पर्सेंट से ज्यादा की गिरावट के साथ 180.05 रुपये पर ट्रेड कर रहे हैं। कंपनी के शेयरों में पिछले 2 दिन में 20 पर्सेंट से ज्यादा की गिरावट आई है। महिंद्रा फाइनेंशियल के शेयरों में यह तेज गिरावट भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के एक फैसले के बाद आई है। आरबीआई ने लोन रिकवरी के लिए महिंद्रा फाइनेंस के थर्ड पार्टी एजेंट्स की सर्विसेज इस्तेमाल करने पर रोक लगा दी है। महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयर 22 सितंबर 2022 को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 224.10 रुपये के स्तर पर बंद हुए थे। कंपनी के शेयरों में विगत 23 सितंबर 2022 को तेज गिरावट आई थी। कंपनी के शेयर 23 सितंबर को बीएसई में 194.45 रुपये के स्तर पर बंद हुए थे। महिंद्रा फाइनेंशियल के शेयर 26 सितंबर 2022 को 7 पर्सेंट से ज्यादा की गिरावट के साथ 180.05 रुपये पर ट्रेड कर रहे हैं। महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल के शेयरों ने पिछले कुछ साल में जबरदस्त रिटर्न दिया है। कंपनी के शेयर 5 दिसंबर 2008 को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (इरए) में 21.95 रुपये के स्तर पर थे।

रुपया औंधे मुंह गिरा: अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंचा

एक डॉलर की कीमत बढ़कर हुई 81.54 रुपये

नई दिल्ली (एजेंसी)। डॉलर के मुकाबले में रुपये में गिरावट का दौर बदस्तूर जारी है। आज रुपए में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। इस गिरावट के साथ ही डॉलर के मुकाबले रुपया अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। आज 26 सितम्बर को शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 55 पैसे गिरकर अब तक के सबसे निचले स्तर 81.54 रुपए पर खुला है। इससे पहले पिछले कारोबारी दिन शुक्रवार यानी 23 सितंबर को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 13 पैसे की कमजोरी के साथ 80.99 रुपये के स्तर पर बंद हुआ। जानकारों के मुताबिक डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में ताजा गिरावट की वजह वजह यूएस फेड के द्वारा ब्याज दरों को बढ़ाया जाना है। वहीं विदेशी मुद्रा कारोबारियों के मुताबिक विदेशी बाजारों में अमेरिकी डॉलर की मजबूती और घरेलू शेयर बाजार में गिरावट का स्थानीय मुद्रा पर असर पड़ा है। इसके अलावा कच्चे तेल के दामों में मजबूती और निवेशकों की जोखिम न लेने की प्रवृत्ति ने भी रुपये को प्रभावित किया है। महंगाई को नियंत्रित करने के लिए लगातार तीसरी बार ब्याज दरें बढ़ी हैं। गौरतलब है कि यूएस फेड ने महंगाई को नियंत्रित करने के 0.75 बेसिस प्वाइंट ब्याज दर बढ़ाया है। इससे अमेरिका में ब्याज दरें बढ़ाकर 3-3.25 फीसदी हो गई है। यूएस फेड के द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी का असर दुनिया भर की अर्थव्यवस्था पर देखने को मिल रही है। गौरतलब रुपये की स्थिति को मजबूत बनाने के लिए केंद्रीय बैंक ने जुलाई में 19 अरब डॉलर के रिजर्व को बेच दिया था। लेकिन स्थिति बहुत बेहतर नहीं हुई है।

एक और सरकारी कंपनी का आ रहा आईपीओ गवर्नमेंट बेचेगी 3 करोड़ से ज्यादा शेयर

नई दिल्ली। एक और सरकारी कंपनी अपना आईपीओ लाने की तैयारी में है। भारत सरकार के मालिकाना हक वाली यह कंपनी वैपकोस लिमिटेड है। जल शक्ति मंत्रालय के एडमिनिस्ट्रेटिव कंट्रोल में आने वाली वैपकोस लिमिटेड ने अपने प्रस्तावित आईपीओ के लिए मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास इनीशियल पेपर्स फाइल किए हैं। यह इश्यू पूरी तरह से सरकार की तरफ से ऑफर फॉर सेल है। इस इश्यू में सरकार 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 3.25 करोड़ तक शेयर बेचेगी। पब्लिक ऑफर के तहत क्वॉलीफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए 50 पर्सेंट से ज्यादा एलोकेशन नहीं होगा। वहीं, रिटेल इनवेस्टर्स के लिए ऑफर का 35 पर्सेंट से ज्यादा एलोकेशन के लिए उपलब्ध नहीं होगा। पिछले पांच दशक में वैपकोस और इसकी सब्सिडियरीज ने भारत और विदेश (खासतौर से दक्षिण एशिया और अफ्रीका) में वाटर, पावर और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर्स के प्रोजेक्ट्स में इंजीनियरिंग कंसल्टेंसी सर्विसेज उपलब्ध कराई हैं। फिलहाल, वैपकोस लिमिटेड के 30 देशों में प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं और 455 से ज्यादा ओवरसीज प्रोजेक्ट्स के साथ जुड़ी हुई है, जिनमें पूरे हो चुके और चल रहे प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। ड्रॉफ्ट रेड हेयरिंग प्रॉस्पेक्ट्स में जिक्र किया गया है कि एशियन डिवेलपमेंट बैंक रिपोर्ट के मुताबिक, एफवाई 22 में वैपकोस लिमिटेड, वाटर और दूसरे अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर्स में टॉप 10 इंटरनेशनल कंसल्टेंसी फर्म्स में फर्स्ट थी।

अमेरिका में मंदी की आहट से टूट रहा टाटा ग्रुप का शेयर

400 रुपये के नीचे आ गया भाव, कंपनी पर मुसीबत

नई दिल्ली (एजेंसी)। दुनियाभर की अर्थव्यवस्था चरमरा सी गई है मंदी की आहट सुनाई देने लगी है। बैंक ऑफ इंग्लैंड ने पिछले हफ्ते कहा था कि ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था अब मंदी की चपेट में है। अमेरिकी सेंट्रल बैंक फेड रिजर्व द्वारा लगातार तीसरी बार ब्याज दर बढ़ा दिया गया है। इसका असर दुनियाभर के शेयर मार्केट में देखा जा रहा है। इस बीच, अमेरिका में मंदी की आहट से भारतीय कंपनी के शेयर भी टूट रहे हैं। टाटा ग्रुप का एक शेयर ऐसा है जिसपर इसका खास असर नजर आ रहा है। यह शेयर टाटा मोटर्स का है। टाटा मोटर्स के शेयर पिछले कुछ दिनों से लगातार गिर रहा है। आज सोमवार को शुरूआती कारोबार में कंपनी के शेयर लगभग 7% तक टूट चुके थे। हालांकि, इंट्रा डे में कुछ रिकवरी हुआ। वर्तमान में टाटा ग्रुप का यह शेयर 5.55% गिरकर 399.55 रुपये पर ट्रेड कर रहा है। आपको बता दें कि आपको बता दें कि टाटा मोटर्स अपने जगुआर लैंड रोवर पर बेहद निर्भर है। टाटा मोटर्स की यूके यूनिट जगुआर लैंड रोवर भारतीय ऑटो फर्म के रेवेन्यू में 67 प्रतिशत का योगदान करती है। ऐसे में निवेशक मंदी आने के डर से इस शेयर को लगातार बेच रहे हैं। आज शुरूआती कारोबार में टाटा मोटर्स का शेयर बीएसई पर 423.05 रुपये के पिछले बंद के मुकाबले 7.02 प्रतिशत गिरकर 393.35 रुपये पर आ गया। टाटा मोटर्स के शेयर 5 दिन, 20 दिन, 50 दिन, 100 दिन और 200 दिन के मूविंग एवरेज से नीचे कारोबार कर रहे हैं। बीएसई पर फर्म का मार्केट कैप घटकर 1.32 लाख करोड़ रुपये रह गया। लार्ज कैप स्टॉक में एक साल में 24.72 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, लेकिन 2022 में 18 प्रतिशत की गिरावट आई है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद से ही इस शेयर में बिकवाली हावी है। इसके अलावा दुनिया भर में कोविड -19 लॉकडाउन के बाद आर्थिक मंदी ने टाटा मोटर्स के स्टॉक को प्रभावित किया है। टाटा मोटर्स की यूके इकाई जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) सेमीकंडक्टर की समस्या से जूझ रही है।

■ बीएसई पर फर्म का मार्केट कैप घटकर 1.32 लाख करोड़ रुपये रह गया। लार्ज कैप स्टॉक में एक साल में 24.72 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

पेज एक के शेष

टेरर फंडिंग मामले...

वसूली से संबंधित है। एनआईए ने सीसीएल कर्मी सुभान खान सहित 14 आरोपियों के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल की थी। चार्जशीट में लिखा था कि टीएसपीसी को लेवी देने के लिए ऊंची दर पर मगध व आम्रपाली कोल परियोजना से कोयला ढुलाई का ठेका लिया गया था। इसमें टीएसपीसी उग्रवादी आक्रमण ने अनुशंसा की थी और ट्रांसपोर्टर सुधांशु रंजन उर्फ छोटू सिंह को ठेका मिला था। इसमें मिली राशि का बड़ा हिस्सा टीपीसी को जाता था। इस मामले में आधुनिक पावर के महाप्रबंधक संजय कुमार जैन, ट्रांसपोर्टर सुधांशु रंजन उर्फ छोटू सिंह, मास्टरमाइंड सुभान खान, विदेश्वर गंझू उर्फ बिंदु गंझू, प्रदीप राम, विनोद गंझू, अजय सिंह भोक्ता समेत नौ आरोपी मुकदमे का सामना कर रहे हैं।

खुलासा : प्रेम प्रकाश ने...

पत्र, ग्रेटर नोएडा में फ्लैट के पेपर, श्रीराम पावर से जुड़े दस्तावेज समेत अन्य चीजें मिलने की बात भी कही है।

अवैध खनन के जरिये मोटी कमाई : ईडी के द्वारा चार्जशीटेड प्रेम प्रकाश ने कोलकाता के कारोबारी संजय चौधरी और अमित अग्रवाल के साथ मिलकर अवैध खनन के जरिये मोटी कमाई की। संजय चौधरी के कंपनी के जरिये मनी लाउंड्रिंग की बात भी ईडी ने अपने आरोप पत्र में बतायी है। जांच में यह बात आयी है संजय चौधरी के डायरेक्टरशिप वाली कंपनी सीटीसी इंडस्ट्रीज लिमिटेड के जरिये स्टोन चिप्स की रेलवे के जरिये परिवहन बगैर चालान किया गया। बीएससीआई, एसवीवाईई, एडीटीजी समेत कई अन्य कंपनियों का भी नाम भी अवैध परिवहन में आया है। ईडी ने जांच में पाया है कि साल 2015-22 तक 251 स्टोन चिप्स रैक बिना परिवहन चालान के रेलवे के जरिये भेजे गये। जांच में यह बात भी सामने आयी है कि अवैध खनन के मामले में संजय चौधरी से करोड़ों रुपये वसूले थे।

पलामू में गर्भवती...

एसपी चंदन कुमार सिन्हा और एसडीपीओ सुरजीत कुमार सतबरवा में कैम्प कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार 22 वर्षीय पीड़िता पति से नाराज होकर लातेहार के मनिका स्थित अपने मायके जा रही थी। इसी क्रम में पति उसे मनाने के लिए सतबरवा के बकोरिया पहुंचा था। इस दौरान पति ने पत्नी के बहनोई के भाई को भी बुला लिया। दोनों मिलकर महिला को मनाकर मायके ले जा रहे थे। इसी क्रम में दो बाइक सवार छह आरोपी मौके पर पहुंचे और पति और रिश्तेदार के साथ मारपीट की। इस मारपीट के बाद आरोपी पीड़िता को लेकर स्टोन क्रशर में ले गये और सामूहिक दुष्कर्म किया। यह सब महिला के पति के सामने हैवानों ने किया। इतना के बाद भी वे महिला को लेकर कहीं और ले जाना चाहते थे। इसी क्रम में पीड़िता ने शोर मचा दिया। आरोपी हड़बड़ी में रोड के किनारे बाइक सहित गिर गये। शोर मचाये जाने के बाद ग्रामीण मौके पर जमा हो गये और दो आरोपियों को पकड़ लिया। इससे पहले पीड़िता का पति दौड़ते हुए मनिका थाना के पेट्रोलिंग टीम के पास पहुंच गया था। पुलिस मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को थाना लेकर पहुंच गयी। सतबरवा थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार राय के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

न्यूज गैलरी

पाकिस्तान में सेना का एक हेलीकॉप्टर गिरा, छह मरे

इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रदेश के हरनाई जिले में सेना का एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है और उसमें सवार सभी छह लोगों की मौत हो गयी है। सेना की मीडिया विंग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने सोमवार को एक बयान जारी कर कहा कि रविवार देर रात जिले के खोस्त इलाके के पास एक उड़ान मिशन के दौरान हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। मृतकों में दो पायलट, एक चालक दल का सदस्य और तीन सैनिक शामिल हैं।

श्रीलंका में एक बार फिर होगा जनविद्रोह : विपक्ष

कोलंबो (एजेंसी)। श्रीलंका के एक विपक्ष नेता ने सोमवार को दावा किया कि देश में सरकार के खिलाफ जल्द ही दोबारा से जन विद्रोह होगा, क्योंकि सरकार गंभीर आर्थिक संकट का समाधान करने में विफल दिख रही है। जनता विमुक्ति पेरामुना (जेवीपी) के नेता अनुरा कुमारा डिसनायके के हवाले से द आइलैंड अखबार में कहा गया कि राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने सुरक्षा क्षेत्र बनाये थे, क्योंकि उनके पास द्वीप राष्ट्र पर शासन करने के लिए कोई लोकप्रिय जनादेश नहीं था। उन्होंने कहा कि पहले ही एक लाख से अधिक लोगों की नौकरी चली गयी और व्यवसाय ध्वस्त हो गये हैं। पुलिस और सार्वजनिक सेवा के कर्मचारी कर्ज में हैं और खाद्य संकट का सामना कर रहे हैं। लोक सेवक शिकायत करते हैं कि वे ऋण की किश्त नहीं चुका सकते हैं। ऐसे हालात में किसी भी समय फिर से जनआक्रोश भड़क सकता है। उन्होंने कहा कि विक्रमसिंघे को 134 सांसदों ने राष्ट्रपति चुना था। उन्हें भी जनादेश नहीं मिला था और जो अपना जनादेश भी खो चुके हैं। देश की जनता ने उन्हें अस्वीकार कर दिया है और उनके खिलाफ सड़कों पर उतर रहे हैं।

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर भी 1971 में ही फैसला होना चाहिए था : राजनाथ

देश व समाज की संपत्ति हैं हमारे पूर्व सैनिक

उन्होंने कहा कि इस देश के पूर्व सैनिक हमारे देश और समाज की संपत्ति हैं। मातृभूमि की सेवा में आप लोगों के त्याग और बलिदान की कोई कीमत नहीं चुकाई जा सकती है। हमारे मन में अपने वीर सैनिकों का सम्मान बस उनकी सेवा तक ही नहीं है, बल्कि उनकी सेवानिवृत्त के बाद भी उतना ही है। हमारा सदैव यह प्रयास रहेगा कि हम आप सभी के लिए और भी बेहतर से बेहतर कर पायें और इसके लिये हम मन से प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सामरिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है और इसे देखते हुए सरकार वहां ढांचागत सुविधाओं को मजबूत बनाने की दिशा में तेजी और मजबूती से काम कर रही है। आजादी के अमृतकाल में रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के साथ कई बड़े परिवर्तन भी किये जा रहे हैं। तीनों सेनाओं को महिलाओं के लिए लगभग पूरी तरह खोल दिया गया है। महिलाओं को जहां स्थायी कमीशन दिया जा रहा है और राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के भी दरवाजें उनके लिये खुल गये हैं।

नयी दिल्ली (एजेंसी)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज कहा कि सरकार आतंकवाद का डटकर मुकाबला कर रही है, लेकिन उनके मन में पाकिस्तान के खिलाफ 1971 की लड़ाई को लेकर एक कसक है कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर भी उसी समय निर्णय हो जाना चाहिए था। श्री सिंह ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए प्राणों का बलिदान देनेवाले शहीदों के परिजनों को सोमवार को हिमाचल प्रदेश में सम्मानित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में कहा कि सशस्त्र सेना आतंकवाद से निपटने के लिए नयी रणनीति पर काम कर रही है और अब दुश्मन को उसके ठिकाने पर जाकर ही मारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक सोची-समझी नीति के तहत सीमापार से आतंकवादी गतिविधियां चलायी जाती रही थीं। सेनाओं ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की नयी रणनीति पर काम किया। सर्जिकल स्ट्राइक, और बालाकोट एयर स्ट्राइक करके हमने दिखाया है। हमने हाल ही में 1971 के युद्ध में विजय की स्वर्ण जयंती मनायी है। 1971 के युद्ध को इतिहास में, किसी प्रकार की संपत्ति, अधिकार या सत्ता की बजाय मानवता के लिए लड़े गए युद्ध के रूप में याद रखा जायेगा। एक कसक रह गयी। काश उसी समय ही पीओके पर निर्णय हो गया होता।

उन्होंने कहा कि भारत ने किसी भी देश के स्वाभिमान को चोट पहुंचाने की कभी कोशिश नहीं की है। परंतु अगर भारत के स्वाभिमान पर चोट पहुंचाने की कोशिश की गयी है, तो हमने उसका मुंहतोड़ जवाब भी दिया है। उन्होंने कहा कि भारत अगर शांतिप्रिय देश है, तो उसका अर्थ यह नहीं है कि हम भीरु हैं।

भारत तो महान शासक भरत से प्रेरणा लेता है जो शेरों के मुंह में हाथ देकर उनके दांत गिना करते थे। आज हमारे प्रधानमंत्री अपने हाथ से चीते छोड़ते हैं। श्री सिंह ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में भारत ने आत्मनिर्भरता का संकल्प लिया है। इस अमृत महोत्सव में देश जहां अपने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, क्रांतिकारियों, जांबाज सैनिकों, वीरों, महावीरों और परमवीरों को स्मरण कर रहा है, वहीं अगले 25 वर्षों के लक्ष्य भी निर्धारित कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम एक नया भारत बना रहे है जो अपने सभी शांतिप्रिय और मित्र देशों को एक सुरक्षा और विश्वास का अहसास देगा। मगर जो देश भारत का अहित करने का विचार करेंगे या उस पर काम करेंगे तो उन्हें उसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में हिमाचल प्रदेश ने अपनी एक नयी पहचान बनायी है उसके मूल में जाकर देखेंगे तो वही आदर्श दिखाई देंगे, जो कभी स्वतंत्रता सेनानी लेकर चले थे।

गुलाम नबी आजाद की नयी पार्टी का नाम डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी

जम्मू (एजेंसी)। वरिष्ठ राजनेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री गुलाम नबी आजाद ने सोमवार को अपनी नयी पार्टी का नाम डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी (डीएपी) घोषित करते हुए कहा कि यह एक स्वतंत्र पार्टी होगी और इसमें आजाद शब्द को उनके व्यक्तिगत नाम से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। क्योंकि यह दर्शाता है कि पार्टी स्वतंत्र होगी। उन्होंने पार्टी के झंडे को भी तीन रंगों-सरसों, सफेद और गहरे नीले रंग में प्रदर्शित किया। श्री आजाद ने सोमवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में तीन रंगों पीला, सफेद और गहरे नीले रंग में समाहित पार्टी के झंडे को भी प्रदर्शित किया। अपनी पाटी में कोई निरंकुशता नहीं होने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि इंतजार खत्म हुआ। मेरी पार्टी का नाम डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी (डीएपी) है। पार्टी के नाम में आजाद शब्द को मेरे व्यक्तिगत नाम से गलत न समझें या न जोड़ें। इस मौके पर श्री आजाद के साथ कांग्रेस के पूर्व नेता और मंत्री तारा चंद, जीएम सरूरी, आरएस चिब और अन्य नेता भी मौजूद थे। श्री आजाद ने कहा कि डीएपी का मतलब है कि पार्टी प्रकृति में लोकतांत्रिक होगी और लोकतांत्रिक नियमों का पालन करेगी। आजाद का मतलब मेरे नाम से नहीं है बल्कि इसका मतलब है कि पार्टी स्वतंत्र प्रकृति की होगी और उस पर कोई दबाव नहीं होगा। झंडे और उसके रंगों के बारे में आजाद ने कहा कि पीले रंग का मतलब रचनात्मकता और विविधता भी है। उन्होंने कहा कि हमारा देश भारत और जम्मू-कश्मीर विविधता से भरा है। सफेद का अर्थ है शांति। हम गांधी जी के अनुयायी हैं और शांति के मार्ग पर चलेंगे। गहरे नीले रंग का अर्थ है गहरा समुद्र, बल्कि गहरे समुद्र से आसमान तक की गहराई। हमारे पास गहराई होनी चाहिए।

ईरान में हिजाब का विरोध कर रही महिलाओं की हत्या



तेहरान (एजेंसी)। ईरान में महिलाएं नौ दिन से सड़कों पर हैं। हिजाब के विरोध में, धार्मिक कानून के खिलाफ। जिन, जां, आजादी ये तीन शब्द इस वक्त हर शहर में गूंज रहे हैं। इनका मतलब है- औरत, जिंदगी और आजादी। इसकी शुरुआत 16 सितम्बर को 22 साल की लड़की महसा अमीनी की मौत के बाद हुई थी। महसा को सही ढंग से सिर न ढकने की वजह से कस्टडी में लिया गया था। प्रदर्शन से निपटने के लिए सरकार भी पूरी ताकत लगा रही है। निशाने पर महिलाएं ही हैं। प्रदर्शन का चेहरा बन रहीं महिला कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया जा रहा है। वे कहां है, कोई नहीं जानता। फायरिंग से अब तक 50 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। कुर्दिस्तान में ही 15 लोग मारे गये और करीब 750 घायल हैं। एक हजार से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया गया है। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने चार महिलाओं की हत्या की पुष्टि की है। इनके नाम हदीस नजफी, गजाला चेलावी, हनाना किया और माहशा मोगोई हैं। सभी को गोलियां मारी गयीं। कुछ वीडियो भी सामने आये हैं, जिनमें ईरानी फोर्स घरों पर हमले कर रही है।

दक्षिण कोरिया व अमेरिका ने संयुक्त नौसेना अभ्यास किया शुरू

सियोल (एजेंसी)। दक्षिण कोरिया और अमेरिका ने सोमवार को कोरियाई प्रायद्वीप के पास समुद्र में संयुक्त नौसेना अभ्यास शुरू कर दिया है। जिसमें एक अमेरिकी विमानवाहक पोत और दोनों पक्षों के 20 से अधिक युद्धपोत शामिल थे। दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह संयुक्त नौसेना अभ्यास पूर्वी कोरियाई समुद्री क्षेत्र में चार दिनों तक चलेगा। उन्होंने बताया कि इस नौसैनिक अभ्यास में दोनों पक्षों के 20 से अधिक युद्धपोत शामिल होंगे। जिनमें कोरिया की ओर से 7,600 टन का एजिस विध्वंसक और 4,400 टन विध्वंसक तथा अमेरिका का यूएसएस रोनाल्ड रीगन वाहक स्ट्राइक समूह शामिल हैं जो कि दक्षिण कोरिया के दक्षिणपूर्वी बंदरगाह शहर बुसान में पहुंच गया हैं। उन्होंने बताया कि इसमें हमलावर समूह निमित्ज-श्रेणी के परमाणु-संचालित विमान वाहक पोत, यूएसएस चांसलर्सविले गाइडेड-मिसाइल क्रूजर, यूएसएस बैरी अर्ले बर्क-क्लास विध्वंसक और यूएसएस बेनफोल्ड गाइडेड-मिसाइल विध्वंसक शामिल हैं। इस नौसैनिक अभ्यास में परमाणु शक्ति से संचालित यूएसएस अन्नापोलिस पनडुब्बी शामिल होगी। उन्होंने बताया कि पांच वर्षों में पहली बार संयुक्त सैन्य अभ्यास के लिए दक्षिण कोरिया आनेवाला अमेरिका का विमानवाहक पोत है। इस अभ्यास में एफ/ए-18इ सुपर हॉर्नेट,पी-3 और पी-8 समुद्री निगरानी विमान, एडब्ल्यू-159 और एमएच-60फ हेलीकॉप्टर, एफ-15के और केएफ-16 फाइटर जेट सहित विभिन्न प्रकार के विमान, हेलिकॉप्टर तथा एएच-64ई अपाचे हेलीकॉप्टर शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि दोनों देशों के नौसैनिक जहाज रोधी और पनडुब्बी रोधी अभियानों, सामरिक युद्धाभ्यास तथा अन्य समुद्री अभियानों पर विभिन्न अभ्यास करेंगे। उत्तर कोरिया ने इस संयुक्त अभ्यास की निंदा की है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ (जेसीएस) के अनुसार उत्तर कोरिया ने रविवार को अपने पूर्वी समुद्री क्षेत्र में कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल दागी।

शक्ति की आराधना : पाकिस्तान और श्रीलंका में भी हैं देवी के सिद्ध मंदिर

○ बांग्लादेश में भी हैं देवी के चार शक्तिपीठ ○ पश्चिम बंगाल में सबसे ज्यादा 10 शक्तिपीठ

नयी दिल्ली (एजेंसी)। शक्ति की आराधना के नौ दिन सोमवार से शुरू गये हैं। इन नौ दिनों में देशभर के शक्ति पीठों पर श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ती है। मान्यताओं के अनुसार दुनिया में 51 शक्ति पीठ हैं। शक्ति पीठ बनने की कहानी कुछ इस तरह है। एक बार प्रजापति दक्ष ने यज्ञ किया, लेकिन भगवान शिव को आमंत्रित नहीं किया। ना ही अपनी पुत्री सती को बुलाया। माता सती भगवान शिव के मना करने के बाद भी यज्ञ में चली गयीं। जब वहां दक्ष ने भगवान शिव का अपमान किया तो मां सती ने क्रोधित होकर यज्ञ वेदी में कूदकर प्राण त्याग दिये। जब शिव को पता चला तो वे वहां आये और यज्ञ ध्वस्त कर दिया और सती का शव लेकर घूमने लगे। शिव क्रोधित थे तो संसार में भय फैल गया। सृष्टि रुक गयी। यह देखकर भगवान विष्णु ने शिव के क्रोध को शांत करने और उन्हें सती के शव से दूर करने के लिए सुदर्शन चक्र से मां सती के शव को कई टुकड़ों में विभक्त कर दिया। जहां-जहां सती के अंग गिरे, आज वहां शक्ति पीठ हैं।

सर्वाधिक पश्चिम बंगाल में हैं 10 शक्तिपीठ : देश में सबसे ज्यादा शक्तिपीठ पश्चिम बंगाल में हैं। यहां कुल 10 शक्तिपीठ हैं। बंगाल के कालीघाटी में दक्षिणेश्वरी मंदिर में काली की अद्भुत प्रतिमा स्थापित है। प्रतिमा में देवी काली भगवान शिव की छाती पर पैर रखकर खड़ी हुई हैं। मान्यताओं के मुताबिक, कालीघाट में माता सती के दाएं पैर का अंगूठा गिरा था। कालिका देवी मंदिर के अलावा बंगाल में नौ शक्तिपीठ किरीटेश्वरी मंदिर (मुर्शिदाबाद), अट्टहास मंदिर (श्रीरामपुर), श्री बकरेश्वर मंदिर (बीरभूम), नंदीपुर शक्तिपीठ (बीरभूम), कालिका शक्तिपीठ (बीरभूम), बहुला शक्तिपीठ (केतुग्राम), भ्रामरी शक्तिपीठ (त्रिश्रोता), विभाष शक्तिपीठ (मिदनापुर), युगाद्या शक्तिपीठ (क्षीरग्राम) और भी हैं।

उत्तर भारत में हैं आठ शक्तिपीठ, अमरनाथ की पवित्र गुफा में हैं महामाया : उत्तर भारत यानी भारत का ह्रदय, यहां पर कुल आठ शक्तिपीठ हैं। सबसे प्रसिद्ध महामाया शक्तिपीठ, अमरनाथ की पवित्र गुफा में स्थित है। इसे माता सती के एक जाग्रत शक्तिपीठ के तौर पर जाना जाता है। मान्यताओं के अनुसार यहां माता सती का कंठ गिरा था। इसके अलावा उत्तर प्रदेश में विशालाक्षी शक्तिपीठ भी प्रमुख शक्तिपीठों की सूची में आता है। यह मंदिर बनारस में काशी विश्वनाथ मंदिर से कुछ दूरी पर पतित पावनी गंगा के तट पर स्थित है। ऐसी मान्यता है कि यह शक्तिपीठ दुर्गा मां की शक्ति का प्रतीक है। इसके अलावा उत्तर भारत में सात और भव्य शक्तिपीठ मौजूद हैं। उनके नाम कुछ इस प्रकार है- विशालाक्षी शक्तिपीठ (वाराणसी), ललिता देवी मंदिर (प्रयागराज), कात्यायनी शक्तिपीठ (वृन्दावन), ज्वाला जी मंदिर (कांगड़ा), श्री देवी कूप भद्रकाली मंदिर (कुरूक्षेत्र), त्रिपुरमालिनी शक्तिपीठ (जालंधर), मगध देवी शक्तिपीठ (पटना)।

पश्चिम भारत में हैं पांच शक्तिपीठ, कोल्हापुर के श्री महालक्ष्मी मंदिर में है सात हजार साल पुरानी प्रतिमा

महाराष्ट्र के कोल्हापुर में श्री महालक्ष्मी मंदिर है। इसे शक्तिपीठ के रूप में पूजा जाता है। मान्यता है कि मां सती के त्रिनेत्र यहीं गिरे थे। यहां भगवान विष्णु के साथ महालक्ष्मी निवास करती हैं। मन्दिर में महालक्ष्मी की श्याम वर्ण की तीन फीट ऊंची मूर्ति है। दीवार पर श्रीयंत्र है। कोल्हापुर के इस प्रसिद्ध मंदिर के अलावा पश्चिम भारत में मणिवेदिका मंदिर (पुष्कर), श्री अंबिका विराट शक्तिपीठ (जयपुर), जनस्थान भ्रामरी शक्तिपीठ (नासिक) और अम्बाजी शक्तिपीठ (बनासंकाठा) भी मौजूद हैं। दक्षिण भारत में पांच शक्तिपीठ मौजूद हैं। यहां सबसे प्रसिद्ध शक्तिपीठ शुसीचंद्रम है, जो कन्याकुमारी के त्रिसागर संगम स्थल पर स्थित है। माना जाता है कि यहां पर माता का दांत गिरे थे। इसी स्थान पर भगवती देवी ने बाणासुर का वध किया था और यहीं पर इंद्र को महर्षि गौतम के शाप से मुक्ति मिली थी। यहां नारायणी मां की भव्य प्रतिमा है। शुसीचंद्रम शक्तिपीठ के अलावा दक्षिण भारत में चार और शक्तिपीठ है। उनके नाम कुछ इस प्रकार हैं- मां कामाक्षी देवी मंदिर (कांचीपुरम), कण्यकाश्रम शक्तिपीठ (कन्याकुमारी), गोदावरी शक्तिपीठ (कब्बूर) और श्री शैल शक्तिपीठ (कुर्नूल)। पूर्वोतर में पांच शक्तिपीठ हैं। सबसे ज्यादा प्रसिद्ध हैं, असम का कामख्या देवी मंदिर।